You Tube kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-60 ❐ मंगलवार, 31 मार्च 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12




बूथ कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि उन्हें पुराने दिनों की हिंसा और कांग्रेस की नीतियों की याद दिलाएं। भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर भजन संध्या, विरासत उत्सव और योजनाओं पर चर्चा के कार्यक्रम आयोजित करें ताकि नई पीढ़ी पुरानी गलतियों को दोहराने से बचे। नरेंद्र मोदी


लक्षित कौशल विकास पर ध्यान दे रही है सरकार : जयंत 11

बिहार की राजनीति के शिखर पुरुष नीतीश कुमार का सफरनामा 12


## संक्षेप

### पाकिस्तान के विदेश मंत्री को 'हेयरलाइन फ्रैक्चर' हुआ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के कंधे में 'हेयरलाइन फ्रैक्चर' हो गया। डार के बेटे ने बताया कि यह चोट उन्हें मिस्र के अपने समकक्ष के स्वागत समारोह के दौरान फिसलकर गिरने से लगी। यह घटना रविवार को पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्रियों के बीच पश्चिम एशिया संघर्ष पर चर्चा के लिए आयोजित चतुष्पक्षीय शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। विदेश मंत्रालय पहुंचने के बाद डार मंच पर मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती को आमंत्रित करने के दौरान गिर पड़े। डार के बेटे अली डार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''इशाक डार ने आज मिस्र के विदेश मंत्री के स्वागत के दौरान चोट लगने के बावजूद, सभी महत्वपूर्ण बैठकें बेहतरीन तरीके से पूरी कीं। उन्होंने बताया कि रात करीब नौ बजे उनकी मेडिकल जांच की गई जिसमें कंधे में हेयरलाइन फ्रैक्चर होने की जानकारी मिली।

### लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा शब्बीर अहमद लोन दिल्ली में अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार को लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी शब्बीर अहमद लोन को दिल्ली बॉर्डर से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि वह बांग्लादेश से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। पुलिस के मुताबिक, शब्बीर दिल्ली, कोलकाता और तमिलनाडु में आतंकी गतिविधियों के लिए युवाओं की भर्ती करने की तैयारी में था।

### लखनऊ जू लाया गया लखीमपुर में पकड़ा गया तेंदुआ

**लखनऊ।** बीते 28 मार्च की रात करीब 11 बजे लखीमपुर खीरी के ग्राम पंचायत सिंधौना में एक नर तेंदुआ पकड़ा गया, जिसकी उम्र करीब सात वर्ष है। इस तेंदुए को रेस्क्यू करके सोमवार को लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान लाया गया। यहां तेंदुए को प्राणि उद्यान के वन्यजीव चिकित्सालय में चिकित्सकों की देख-रेख में रखा गया है। निदेशक संजय कुमार बिश्वाल ने बताया कि उत्तर खीरी वन प्रभाग के रेंज उत्तर निघासन में तेंदुए को पकड़ा गया है। इस दौरान घायल तेंदुए के इलाज के लिए जू प्रशासन और चिकित्सकों की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

### रुपया डॉलर के मुकाबले 94.78 रुपये पर स्थिर हुआ

नई दिल्ली। ईरान से जुड़े बढ़ते युद्ध तनाव के चलते वैश्विक बाजारों में उथल-पुथल देखने को मिली, जिसका असर भारतीय मुद्रा पर भी पड़ा। निवेशकों में बढ़ती अनिश्चितता और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के बीच सोमवार को अंतर-दिवसीय कारोबार के दौरान रुपया पहली बार 95 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया। हालांकि बाद में इसमें हल्की रिकवरी आई और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.78 (अस्थायी) पर स्थिर होता दिखा।

## जनगणना 2027 का प्रथम चरण एक अप्रैल से, सभी तैयारियां पूरी

# व्यक्तिगत डाटा गोपनीय रहेगा : आयुक्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने जनगणना 2027 के पहले चरण में 11 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र में लोगों के घरों के सूचीकरण का काम एक अप्रैल से शुरू करने की तैयारी कर ली है।जनगणना के प्रथम चरण में अप्रैल से सितंबर के बीच देशभर में सभी राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में घरों की गणना की जाएगी। दूसरे चरण में व्यक्तियों से संबंधी सूचनाओं को एकत्र किया जाएगा। दूसरे चरण के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी। सरकार ने जनगणना 2027 के लिए 11178 करोड रुपए का बजट स्वीकृत किया है।

भारत के जनगणना महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने राजधानी में में जनगणना-2027 पर संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस बार गणना में लोगों की जाती संबंधी गणना में की जाएगी। जनगणना अधिनियम 1948 के अनुसार लोगों की व्यक्तिगत सूचनाओं गोपनीय रखे जाएंगे और उनका किसी लाभ या अदालत आदमी प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। प्रौद्योगिकी का प्रयोग बड़े स्तर पर किया जा रहा है जिसमें लोग स्वयं की गणना भी कर सकेंगे। इसके लिए लोगों को अपने अपने क्षेत्र में जनगणना शुरू होने से 15 दिन पहले डिजिटल माध्यम से अपनी सूचनाओं को दर्ज करने का अवसर दिया जा रहा है , लेकिन हर हाल में गणित प्रत्येक घर में व्यक्तिगत रूप से जाकर सूचनाओं को एकत्रित करेंगे।

जनगणना आयुक्त ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी, जिसका पहला चरण 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा। पहली बार जनगणना डिजिटल रूप में आयोजित की जाएगी, और पहली बार 'स्व-गणना' (स्वयं गणना) का विकल्प भी उपलब्ध होगा।

पहली अप्रैल से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा और सिक्किम में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्व-गणना और 16 अप्रैल से 15 मई 2026 तक मकान सूचीकरण और आवास जनगणना आयोजित की जाएगी। जनगणना का संचालन जनगणना अधिनियम, 1948 तथा जनगणना नियम, 1990 (समय-समय पर संशोधित) के प्रावधानों के अंतर्गत किया जाता है। पिछली जनगणना वर्ष 2011 में संपन्न हुई थी। जनगणना 2027 श्रृंखला की 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद 8वीं जनगणना होगी। सरकार ने जनगणना 2027 आयोजित करने के आशय को 16 जून, 2025 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया था।

जनगणना 2027 की संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 की 00:00 बजे होगी (लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र तथा जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र एवं उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश राज्यों के हिमाच्छादित असमकालिक क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 1 अक्टूबर, 2026 की 00:00 बजे होगी)। जनगणना 2027 के पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना ( एच एल ओ) , जो अप्रैल से सितंबर, 2026 के दौरान राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्र की सुविधा के अनुसार 30 दिनों की अवधि में आयोजित की जा रही है। इसके साथ ही मकान सूचीकरण कार्य से पूर्व 15 दिनों की स्व-गणना (स्व गणना) की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस चरण में मकानों की स्थिति, परिवारों को उपलब्ध सुविधाओं तथा उनके पास उपलब्ध परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी। पहले चरण के प्रश्न जनवरी 2026 में अधिसूचित किए जा चुके हैं। इसके बाद दूसरे चरण में जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा (लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र तथा जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र एवं उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश राज्यों के हिमाच्छादित असमकालिक क्षेत्रों में यह सितंबर 2026 में आयोजित होगा)। मंत्रिमंडल के ● शेष पेज 11 पर




### लिव-इन कपल्स को शादीशुदा माना जाएगा

अगर कोई लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा जोड़ा अपने संबंध को स्थिर मानता है, तो उसे शादीशुदा जोड़े के रूप में दर्ज किया जाएगा। यह स्पष्टीकरण जनगणना के सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल पर दिए गए एक सवाल के जवाब में सामने आया है।

### क्या-क्या पूछे जाएंगे सवाल

पहले चरण में घर और परिवार से जुड़ी कई अहम जानकारियां जुटाई जाएंगी। इसमें शामिल हैं:-

- ❐ मकान का नंबर और संरचना
- ❐ फर्श, दीवार और छत में इस्तेमाल सामग्री
- ❐ घर की स्थिति और उपयोग
- ❐ परिवार में रहने वाले लोगों की संख्या
- ❐ शादीशुदा जोड़ों की संख्या
- ❐ परिवार के मुखिया का नाम, लिंग और सामाजिक वर्ग
- ❐ खाने की आदतें और इस्तेमाल होने वाले अनाज
- ❐ वाहन और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता

# विकास से खत्म हुआ नक्सलवाद : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश में नक्सलवाद का संकट आदिवासी क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति, सरकारों की पहुंच दूरस्थ क्षेत्र तक नहीं पहुंचने और दूरस्थ इलाकों में विकास की गतिविधियों को नजरअंदाज करने के कारण पैदा हुई है और धीरे धीरे वामपंथी विचारधारा के लोगों ने आदिवासियों को भ्रमित कर इन कमियों का फायदा उठाया है।

श्री शाह ने लोकसभा में नियम 193 के ''वामपंथ उग्रवाद से देश को मुक्त कराने के प्रयास'' पर हुई चर्चा पूरी होने के बाद कहा कि इस उग्रवाद को आदिवासियों के सहयोग से ही खत्म कराया जा सका है जिसमें हमारे सुरक्षा बलों की भूमिका अत्यंत प्रशंसनीय है। इस बड़ी संख्या में उग्रवाद में सुरक्षाकर्मी देश के लिए शहीद हुए हैं उनके प्रति पूरा देश हमेशा नतमस्तक है। उन्होंने कहा कि देश में गैरकानूनी प्रवृति को पनपने नहीं दिया जाएगा इस संकल्प के साथ मोदी सरकार ने नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया। मोदी सरकार विकास पर विश्चास करती है और इसके तहत देश के हर कोने में सरकार की पहुंच है और विकासकार्यों को गति दी गई है। सरकार आदिवासी क्षेत्र के हर गांव का विकास कर रही है और नक्सलवाद के खात्मे का यह विकास कार्य ही सबसे बड़ा आधार बना है। उनका कहना था कि कुछ राज्यों में नक्सलवाद देर से खत्म इसलिए हुआ कि वहां जिस दल की सरकार रही है उसने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को खत्म नहीं होने दिया लेकिन



❐ आदिवासी क्षेत्रों में विकास से खत्म हुआ वामपंथी उग्रवाद: अमित शाह

जब वहां भाजपा सरकार बनी तो 2024 को उन्होंने राज्य सरकार से पूरा सहयोग मिलने के आश्वासन बाद 31 मार्च 2026 तक देश में नक्सलवाद को खत्म करने की महत्वपूर्ण घोषणा की थी।

उन्होंने कहा कि इस उग्रवादी विचारधारा का प्रेरक वाक्य सच नहीं रहा है बल्कि अत्यंत घातक ''सत्ता बंदूक से हासिल की जाती है' रहा है और इससे साफ होता है कि इनका लोकतंत्र पर कभी कोई विश्वास नहीं रहा है। सवाल था कि माओवादियों ने बस्तर को ही क्यों चुना, आजादी के बाद दशकों तक संशाधन और राजस्व कम था तो पूरे देश को विकसित करना संभव नहीं था। दूर दराज के क्षेत्रों तक राज्यों की पहुंच होनी चाहिए थी लेकिन राज्य में सुनियोजित भेदभाव होता रहा है इसलिए वहां आतंकवाद फैलता रहा और भोले भाले आदिवासियों को भ्रमित कर उनके हाथों में हथियार पकडा दिये गये। कठिन भौगोलिक स्थिति और सरकार की पकड़ कम होने के कारण भोले भाले आदिवासियों को नक्सली बना दिया गया। गृहमंत्री ने कहा कि विशेषज्ञों का मानना है कि 12 राज्यों में लाल गलियारा बनना और नक्सलवादियों का फैलाव कहीं न कहीं शक्ति का दुरुपयोग हुआ है। उनका यह भी कहना था कि आखिर नक्सलवादियों के पास कैसे इस तरह के आधुनिक हथियार आते रहे हैं। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

### हिंसा नहीं, संविधान से मिलेगा न्याय : गृहमंत्री

लोकसभा में अपने संबोधन में अमित शाह ने स्पष्ट किया कि नक्सलवाद एक वैचारिक समस्या है, जिसका समाधान हिंसा से नहीं बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से संभव है। उन्होंने कहा कि माओवादी विचारधारा का मूल सिद्धांत सत्ता बंदूक की नली से निकलती है है, जो भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ है। शाह ने कहा कि संविधान हर नागरिक को न्याय पाने का अधिकार देता है और इसके लिए मजबूत न्यायिक व्यवस्था मौजूद है। ॣअगर किसी के साथ अन्याय होता है, तो उसके लिए अदालतें हैं, कानून है, लेकिन हथियार उठाना कभी स्वीकार्य नहीं हो सकता, उन्होंने कहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नक्सलियों ने आदिवासियों को गुमराह कर हिंसा के रास्ते पर धकेला और विकास कार्यों को बाधित किया। स्कूल, बैंक और अन्य सरकारी ढांचे को नुकसान पहुंचाया गया। गृह मंत्री ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि जो लोग अब भी हथियार नहीं छोड़ेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने दोहराया कि देश में केवल संविधान का राज चलेगा और किसी भी समानांतर हिंसक व्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# 13 जिलों के एसपी समेत 27 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने 13 जिलों के एसपी समेत 27 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इनमें हमीरपुर, कौशांबी, चंदौली, महाराजगंज, महोबा, जालौन, अमरोहा, बहराइच, मऊ, रामपुर, शाहजहांपुर, एटा व फिरोजाबाद की कमान बदली गई है। चार एसपी ऐसे हैं, जिन्हें एक जिले से हटाकर दूसरे जिले का कप्तान बनाया गया है। डीजीपी मुख्यालय ने तबादला सूची जारी की है। आईजी प्रशिक्षण निदेशालय चन्द्र प्रकाश को आईजी सुरक्षा के पद पर तैनाती दी गई है। एसपी शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी को सेनानायक 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ बनाया गया है। ऐसी ही एसएसपी एटा श्याम नारायण सिंह को सेनानायक एसडीआरएफ लखनऊ, एसपी महोबा प्रबल प्रताप सिंह को एसपी अपराध डीजीपी मुख्यालय, एसपी रामपुर विद्यासागर मिश्रा को सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, एसपी कौशांबी राजेश कुमार द्वितीय को सेनानायक 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ, एसपी चंदौली आदित्य लांग्हे को एसपी फिरोजाबाद, एसपी अमरोहा अमित कुमार आनंद को पुलिस आयुक्त लखनऊ कमिश्नरेट, एसपी मऊ ईलामारन जी. को एसएसपी एटा, एसपी जौलन डा. दुर्गेश कुमार को सेनानायक छठवीं वाहिनी एसएसएफ अयोध्या, एसपी बहराइच रामनयन सिंह को सेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर, एसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित को एसपी शाहजहांपुर, एसपी महाराजगंज सोमेन्द्र मीना को एसपी रामपुर, एसपी हमीरपुर डा. दीक्षा शर्मा को पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट, पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट निपुण अग्रवाल को सेनानायक9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद, सेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर कमलेश बहादुर को एसपी मऊ, पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट विश्वजीत ● शेष पेज 11 पर




❐ चार एसपी को एक जिले से हटाकर दूसरे जिले की सौंपी गई कमान

### पूर्व मंत्री संग्राम सिंह वर्मा का निधन

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री और तीन बार विधायक रहे संग्राम सिंह वर्मा का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले एक सप्ताह से लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। संग्राम सिंह वर्मा बाराबंकी में कुर्मी समाज के प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते थे। वह प्रदेश सरकार में कृषि राज्य मंत्री और रेशम उद्योग मंत्री के पद पर रह चुके थे। उन्होंने तीन बार विधायक के रूप में जनता का प्रतिनिधित्व किया और लंबे समय तक सक्रिय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विस्तृत खबर पेज 09 पर

## शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट सेंसेक्स 1,636 अंक लुढ़का

एजेंसी

मुंबई। विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट देखी गयी और बीएसई का सेंसेक्स 25 महीने से ज्यादा के निचले स्तर पर आ गया।

सेंसेक्स पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 1,018 अंक लुढ़ककर खुला। बाद में इसकी गिरावट और बढ़ती गयी। अंत में यह 1,635.67 अंक (2.22 प्रतिशत) नीचे 71,947.55 अंक पर बंद हुआ। यह 14 फरवरी 2024 के बाद का इसका निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 488.20 अंक यानी 2.14 प्रतिशत टूटकर 22,331.40 अंक पर बंद हुआ जो 07 अप्रैल 2025 के बाद का न्यूनतम बंद स्तर है। मझौली तथा छोटी कंपनियों में बिकवाली ज्यादा देखी गयी। वृहत सूचकांकों में निफ्टी मिडकैप-50 में 2.68 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 2.66 ● शेष पेज 11 पर



# खर्ग द्वीप समेत ईरान के तेल भंडारों पर कब्जा' कर सकते हैं : ट्रंप

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष में तनाव बढ़ने के साथ ही अमेरिका ईरान के तेल भंडारों पर कब्जा कर सकता है, जिसमें प्रमुख निर्यात केंद्र खर्ग द्वीप भी शामिल है।

फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार में श्री ट्रंप ने कहा कि समझौते और युद्ध का उनका इरादा ईरान के तेल संसाधनों पर नियंत्रण हासिल करना होगा, जिसकी तुलना उन्होंने इस साल की शुरुआत में वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई से की। श्री ट्रंप ने कहा, ''सच कहूँ तो, मेरी सबसे पसंदीदा योजना ईरान से तेल छीनना है, लेकिन अमेरिका में कुछ बेवकूफ लोग कहते हैं: 'आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? लेकिन वे बेवकूफ ही हैं।'' उन्होंने सुझाव दिया कि वाशिंगटन खर्ग द्वीप पर नियंत्रण कर सकता है, जिससे होकर ईरान के कच्चे तेल का अधिकांश निर्यात



होता है और कहा कि यह विकल्प अभी भी विचाराधीन है।

उन्होंने कहा, ''हो सकता है हम खर्ग द्वीप पर कब्जा कर लें हो सकता है न करें। हमारे पास कई विकल्प हैं... इसका मतलब यह भी होगा कि हमें कुछ समय के लिए खर्ग द्वीप पर रहना होगा। जब श्री ट्रंप से द्वीप पर ईरानी रक्षा व्यवस्था के बारे में पूछा गया तो उन्होंने दावा किया कि उन्होंने ईरान की सेना और नौसेना को पूरी तरह नष्ट कर दिया है और कहा, ''मुझे नहीं लगता कि उनके पास कोई रक्षा व्यवस्था है। हम इसे बहुत आसानी से अपने कब्जे में ले सकते हैं।'' लेकिन श्री ट्रंप की हालिया टिप्पणी कि वह ''तेल पर कब्जा करना चाहते हैं'' से बाजारों में कोई हलचल नहीं मची है और ब्रेंट क्रूड की कीमतें फिर से बढ़ गई हैं। ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब पेंटागन इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है। मरीन और 82वीं एयरबोर्न डिवीजन की इकाइयों सहित हजारों अमेरिकी सैनिकों को इस क्षेत्र में तैनात किया गया है। बढ़ते संघर्ष ने वैश्विक तेल की कीमतों को भी तेजी से बढ़ा दिया है और आगे तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमत 116 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई है। सऊदी अरब में अमेरिकी हवाई अड्डे पर हुए हमले सहित सैन्य तनाव बढ़ गया है, जिसमें अमेरिकी सैनिक घायल हुए और सैन्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच, यमन में हाउथी विद्रोहियों ने युद्ध में प्रवेश कर लिया है, जिससे मौजूदा संघर्ष में एक नया चरण शुरू ● शेष पेज 11 पर


# इसी साल 5 हजार कार्यकत्रियां और 60 हजार सहायिकाएं को नौकरी मिलेगी

## मुख्यमंत्री योगी ने 69804 कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन, 18440 को दिया नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इसी वर्ष पांच हजार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व 60 हजार सहायिकाओं को नौकरी दी जाएगी। इनकी भर्ती की प्रक्रिया चालू है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं का सम्मानजनक मानदेय जल्द बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले पोषाहार वितरण शराब माफिया के हाथ में था। बच्चों व मां के पोषाहार में डकैती डाली जा रही थी। जिसे मैनें रोका। लोक भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में योगी ने 69804 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व मुख्य सेविकाओं को स्मार्ट फोन बांटे।

18440 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र व 2 लाख से अधिक ग्रोथ मॉनीटरिंग डिवाइस का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने 450 करोड़ की लागत से बने 3170 आंगनबाड़ी भवनों व 140 बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि होगीमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जल्द भव्य कार्यक्रम आयोजित कर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को बढ़े मानदेय की सौगात दी जाएगी। मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की जाएगी और उन्हें न्यूनतम मानदेय की गारंटी भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मियों का शोषण न हो इसके लिए निगम बनाया गया है। अप्रैल से सभी विभाग आउटसोर्सिंग कर्मियों को बढ़ा मानदेय देंगे। योगी ने कहा कि स्मार्टफोन से काम में भी स्मार्टनेस आनी चाहिए। अब स्मार्ट फोन से रियल टाइम डेटा मिलने से राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग भी सुधरेगी। विभाग का नाम और आपका सम्मान भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब 2017 में मैंने सत्ता संभाली तो मैं हैरान था कि आखिर उत्तर भारत के सबसे बड़े शराब माफिया के पास आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार बांटने का काम कैसे है। मैंने तत्काल नई व्यवस्था की। पहले धन लेकर भर्तियां की जाती थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्ची व खर्ची चलती थी। कार्यक्रम में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि 1.56 करोड़ लाभार्थियों को पोषाहार पारदर्शी ढंग से दिया जा रहा है। मालूम हो ● शेष पेज 11 पर



# मंडल में औद्योगिक विकास को गति देने के लिये उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण के निर्देश

❒ मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक गांधी सभागार, कार्यालय परिसर में संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं उद्यमियों की उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को गति देने, निवेश को प्रोत्साहित करने तथा उद्यमियों की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण पर विस्तार से चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जिला उद्योग बंधु की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं। उन्होंने उपायुक्त उद्योग, फतेहपुर द्वारा नियमित बैठकें न किए जाने पर नाराजगी जताते हुए 31 मार्च को ही बैठक आयोजित कर अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।रोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि सभी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष 100 प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जाए, क्योंकि इनका मुख्य उद्देश्य युवाओं को अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने संबंधित विभागों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।ऋणपरक योजनाओं में मंडल की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए अवगत कराया गया कि 'एक जनपद एक उत्पाद' (ग्क्ध्) मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंकों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष 115 प्रतिशत ऋण वितरण किया गया। वहीं 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' योजना में 95.13 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया।निवेश मित्र पोर्टल पर यूपीसीडा के पांच प्रकरण समयसीमा के बाद भी लंबित पाए जाने पर मंडलायुक्त ने संबंधित आरएम से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाना औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक है और निवेशकों का विश्वास बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।नैनी औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत पोल शिफ्टिंग कार्य प्रारंभ न होने पर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही, उद्यमियों द्वारा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु दिए गए सुझावों को लिखित रूप में उपलब्ध कराने को कहा गया।बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग अजय कुमार चौरसिया, एलडीएम, उद्योग समिति के सदस्य मुरारी लाल अग्रवाल, नटवर लाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चिनहट–कामता मार्ग जाम की गिरफ्त में ई–रिक्शा बना मुख्य कारण






कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । राजधानी लखनऊ के चिनहट और कामता क्षेत्र इन दिनों भीषण जाम की समस्या से जूझ रहे हैं, जिससे आमजन का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। चिनहट से कामता जाने वाले फ्लाईओवर पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं और वाहन रेंगते हुए नजर आते हैं। स्थिति यह है कि कुछ ही दूरी तय करने में लोगों को घंटों का समय लग रहा है।

चिनहट तिराहे पर भी ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई दिखाई दे रही है। यहां हर समय वाहनों का दबाव बना रहता है, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऑफिस टाइम और शाम के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है।जाम के मुख्य कारणों में ई-रिक्शा चालकों द्वारा ट्रैफिक नियमों का पालन न करना एक अहम वजह बनकर सामने आ रहा है। जगह-जगह सवारी बैठाने और उतारने के लिए अचानक रुकना, गलत दिशा में चलना और निर्धारित लेन का पालन न करना यातायात को बाधित कर रहा है। इससे सड़क पर अव्यवस्था बढ़ रही है और जाम की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।इसके अलावा, चिनहट विधायक चौराहा भी जाम की समस्या से जूझ रहा है। इस चौराहे से सतरिख मार्ग की सड़कें कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिस पर वाहनों का आवागमन निरंतर बना रहता है। खराब सड़कों के कारण वाहनों की गति धीमी हो जाती है, जिससे जाम की स्थिति और विकराल हो जाती है।चिनहट क्षेत्र में ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या भी ट्रैफिक अव्यवस्था का एक बड़ा कारण बनती जा रही है। बिना किसी निर्धारित स्टॉप के संचालन और अनियंत्रित संख्या में चल रहे ई-रिक्शा यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं।

## 669 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र, 34 केंद्रों का लोकार्पण और 79 का शिलान्यास

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में आयोजित भव्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रयागराज में किया गया, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण सहित कई विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। जनपद में कुल 669 नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही 34 नए आंगनवाड़ी केंद्रों का लोकार्पण एवं 79 केंद्रों का शिलान्यास किया गया। संगम सभागार सहित विभिन्न ब्लॉकों में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया और लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। गुरु प्रसाद मौर्य व सुरेन्द्र चौधरी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यकत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके दायित्वों का बोध कराया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत कड़ी हैं और विकसित भारत के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रशासन की ओर से बताया गया कि नए केंद्रों के निर्माण से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पोषण एवं शिक्षा सेवाओं की पहुंच और बेहतर होगी। कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

## खादी फॉर फैशन, खादी फॉर नेशन सेमिनार में युवाओं को स्वदेशी अपनाने का संदेश

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** खादी फॉर फैशन, खादी फॉर नेशनङ्क थीम पर आयोजित मण्डल स्तरीय खादी सेमिनार का शुभारंभ गुरु प्रसाद मौर्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में खादी को आधुनिक फैशन और रोजगार के साधन के रूप में बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि खादी पर्यावरण अनुकूल होने के साथ–साथ आत्मनिर्भर भारत की मजबूत पहचान है।सेमिनार के दौरान उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 10 निःशुल्क पॉपकॉर्न मशीन और 10 दोना–पत्तल मशीनों का वितरण किया गया तथा लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के फैशन डिजाइनिंग छात्रों ने खादी पर आधारित परिधानों का आकर्षक प्रदर्शन किया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने युवाओं से खादी को अपनाने और इसे रोजगार का माध्यम बनाने की अपील की। साथ ही कहा गया कि खादी न केवल परंपरा का प्रतीक है बल्कि आधुनिक समय में फैशन और स्टार्टअप का भी अहम हिस्सा बन रही है।

## बंद पड़े मकान पर चोरों का धावा, नगदी व जेवरात किये पार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के चिनहट कमता स्थित विमल नगर क्षेत्र में बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर चोरों ने नगदी व जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित पुष्कर मिश्र ने शनिवार को इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराई है।पीड़ित के अनुसार, वह 21 मार्च को निजी कार्य से घर से बाहर गए थे, जिसके चलते मकान बंद था। 24 मार्च को पड़ोसियों ने फोन कर घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर जब वह बुधवार को वापस लौटे, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और घर के अंदर कमरों का सामान बिखरा पड़ा था।जांच करने पर अलमारी से सोने की दो अंगूठियां व करीब 27 हजार रुपये नकद गायब मिले। पीड़ित ने मामले में एक संदिग्ध युवक अंकुश वर्मा का नाम भी बताया है।पुलिस के अनुसार, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सत्यम केशरी ने जन सुनवाई पोर्टल पर की शिकायत , बडोखर गांव में आगामी गर्मी के लिए पेयजल संकट का मुद्दा उठाया



**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोरांव विकास खंड के बडोखर गांव निवासी सत्यम केशरी ने आगामी ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए 22 मार्च को जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत की जांच सहायक विकास अधिकारी, कोरांव कर रहे हैं।शिकायतकर्ता सत्यम केशरी के अनुसार, कोरांव तहसील का यह पठारी क्षेत्र हर साल गर्मियों में भीषण पेयजल समस्या का सामना करता है। मार्च के अंत तक यहां का भूजल स्तर काफी नीचे चला जाता है, जिससे गांव के अधिकांश सरकारी हैंडपंप सूख जाते हैं।गांव में जल निगम द्वारा लाखों रुपये की लागत से पानी की टंकी बनाई गई है, लेकिन वर्तमान में पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति अपर्याप्त है। इसके कारण ग्रामीणों और पशुओं को पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।केशरी ने मांग की है कि आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए अभी से ठोस कदम उठाए जाएं, अन्यथा स्थिति अनियंत्रित हो सकती है। उन्होंने खराब पड़े हैंडपंपों का तत्काल रीबोर कराने, जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन और ओवरहेड टैंक के संचालन की जांच कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही है।इसके अतिरिक्त उन्होंने वार्ड नंबर 2 से 8 तक जैसेसंकट ग्रस्त मोहल्लों के लिए पानी के टैंकरों की अग्रिम व्यवस्था कराने की माग की है।

## एआईएमआईएम नेता को जान से मारने की धमकी, व्हाट्सएप पर अभद्र संदेशों से मचा हड़कंप

**दुबग्गा लखनऊ,कैनविज टाइम संवाददाता ।** कोतवाली क्षेत्र के जेहता इलाके से एक गंभीर मामला सामने आया है। जहां एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष सलमान मंसूरी को कथित तौर पर जान से मारने की धमकियां दी गई हैं। बेबाक बयानों और सामाजिक मुद्दों पर खुलकर बोलने के लिए पहचाने जाने वाले मंसूरी ने इस घटना को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।पीड़ित के अनुसार, 29 मार्च 2026 को दो अलग–अलग मोबाइल नंबरों से उन्हें लगातार आपत्तिजनक और धमकी भरे संदेश भेजे गए। एक नंबर पर हर्ष यादव नाम प्रदर्शित हो रहा था। जबकि दूसरा नंबर अज्ञात बताया जा रहा है। आरोप है कि संदेश भेजने वालों ने न सिर्फ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। बल्कि उनकी मां के लिए भी बेहद अपमानजनक शब्द कहे।मंसूरी का कहना है कि उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले संदेश भी भेजे गए, जिनमें उनके धर्म और आस्था पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। इतना ही नहीं। उनके घर पर बुलडोजर चलवाने और उन्हें जान से मारने तक की खुली धमकी दी गई।इस घटना के बाद सलमान मंसूरी और उनके समर्थकों ने सेन्ट्रल संगठन मंत्री सैय्यद रूबील, ज़िला उपाध्यक्ष मोध रईस, ज़िला कोषाध्यक्ष बिलाल जिलानी,वार्ड अध्यक्ष साबान खान,अबूशामा मंसूरी,बख्तियार अहमद,सलमान अहमद, आकिल अहमद, दुबग्गा कोतवाली पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मंसूरी ने आरोप लगाया कि उनके सामाजिक और राजनीतिक विचारों के कारण कुछ लोग उन्हें निशाना बना रहे हैं और लगातार डराने–धमकाने की कोशिश कर रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि अगर सबका साथ सबका विकास की बात की जाती है। तो इस तरह की घटनाएं उस दावे पर सवाल खड़े करती हैं। उनका आरोप है कि समाज के एक वर्ग को दबाने और डराने की कोशिश की जा रही है। जिसे बर्दाशत नहीं किया जाना चाहिए।फिलहाल इस पूरे मामले में पुलिस की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं। यह देखना अहम होगा कि जांच निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़ती है या नहीं और पीड़ित को समय पर न्याय मिल पाता है या नहीं।

# गोपाल विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम के छात्र–छात्राओं के परीक्षाफल घोषित

❒ नर्सरी में अनय, प्राइमरी में विनय पाण्डेय, जूनियर में आस्था सिंह, सीनियर में त्रिश्या सिंह प्रथम

कैनविज टाइम्स संवाददात



कोरांव, प्रयागराज । गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज अंग्रेजी माध्यम कोरांव प्रयागराज में वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंध समिति उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई उपस्थित रहे। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन भी किया गया। परीक्षाफल की घोषणा के समय हजारों की संख्या में उपस्थित छात्र छात्राओं द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से प्रांगण गूंज उठा। समृद्धि सिंह नर्सरी, समीक्षा एलकेजी, अनय यूकेजी, स्वास्तिक तिवारी कक्षा एक, राधा यादव कक्षा दो, विनय पाण्डेय कक्षा तीन, अथर्व मिश्रा कक्षा चार, आयांश कुशवाहा कक्षा पांच, आरव सैनी कक्षा छः, आस्था सिंह कक्षा सात, मोहम्मद फराज कक्षा आठ, त्रिश्या सिंह कक्षा नौवीं और शिवम सिंह कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम स्थान प्राप्त किए। प्रबंध समिति उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय प्रबंधन, अध्यापक अध्यापिका और अभिभावकों को साथ मिलकर चलना होगा तभी नन्हें मुन्हें बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा। प्रधानाचार्य साबिर अली ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिन्दी माध्यम के प्रवक्ता राकेश कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव, अखिलेश पाण्डेय एवं अंग्रेजी माध्यम के समस्त अध्यापक अध्यापिका अभिभावक और छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# शिक्षा मित्रों की ओर से किया गया सम्मान और स्वागत समारोह का आयोजन

❒ कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों के साथ ही पत्रकारों का भी किया गया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । गोसाईगंज ब्लॉक कार्यालय परिसर के सभागार में शिक्षा मित्रो की ओर से सम्मान और स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पहुंचे अतिथियों के साथ ही पत्रकारों का भी सम्मान किया गया।

इस मौके पर मोहनलालगंज क्षेत्र के विधायक अमरेश रावत मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि लोगो ने हम भरोसा किया और अपना बहुमूल्य वोट देकर विधान सभा में भेजा है। यही उनके लिए गौरव की बात है। एम एल सी मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने शिक्षामित्र के जीवन में 2027 तक सरकार से समन्वय बनाकर अन्य सुविधाओं से अच्छादित करने की बात कही। आयोजन में पहुंचे विधायक , एम एल सी, ब्लाक प्रमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण करके उन्हें स्मृति चिन्ह भेट किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार राम दशरथ , इंद्रेश प्रताप, शिव करन, और रवींद्र सिंह को भी सम्मानित किया गया।

आयोजन में आगरा के एम एल सी डॉक्टर मानवेन्द्र प्रताप सिंह , ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा, प्रदेश आदर्श वेलफ़ेयर ऐसोशियेशन के महामंत्री उमेश पाण्डेय , बी टी सी संघ के प्रदेश महामंत्री संदीप दत्त ,जिला अध्यक्ष रामसागर, शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र यादव ,शिक्षामित्र संघ ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा, अनिल कुमार, राजीव पाण्डेय, दीपक कश्यप,विनय प्रकाश, रामशंकर अखिलेश, जितेंद्र, छोटेलाल, अर्चना पूनम संजीव, सहित सैकड़ो साथियो ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# प्राथमिक विद्यालय जियापुर शिवगढ़ में वार्षिकोत्सव एवं कक्षा 5 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह सम्पन्न

❒ मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी महराजगंज राम मिलन यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जियापुर शिवगढ़ में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं कक्षा 5 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी महराजगंज राम मिलन यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

आपको बता दें कि, कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक बीरेंद्र कुमार द्वारा अतिथियों का शाल, माला एवं बैच पहनाकर स्वागत करने के साथ हुई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया, जिसका संचालन शिक्षिका रेनू श्रीवास्तव ने किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर कक्षा 1 से 5 तक के उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 5 के सभी विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विशिष्ट अतिथि सत्येंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि, इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यालय की प्रगतिशील सोच और बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक हैं। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत करते हुए अभिभावकों से अपील करी कि, वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, जिससे उनकी शिक्षा सुचारु रूप से जारी रह सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के सदस्य, एसएमसी अध्यक्ष अनीता, शिक्षक दीपक सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# अजय प्रकाश केशरी बने ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन के महामंत्री



❒ राष्ट्रीय अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष की संस्तुति पर हुई नियुक्ति, लोगों ने दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव निवासी अजय प्रकाश केशरी उर्फ डब्बू को ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन का महामंत्री नियुक्त किया गया है।यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा और जिला अध्यक्ष सुमित कुमार सोनी की संस्तुति पर की गई है।संगठन का उद्देश्य है कि सभी सदस्य इसकी विचारधाराओं और नियम-शर्तों के अनुसार कार्य करें।अजय प्रकाश केशरी के महामंत्री बनने पर कस्बा कोरांव के जवाहर लाल केशरी, रामचंद्र केशरी और हर्ष केशरी सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# जनसुनवाई में उठे बिजली–बिल और सीवर के मुद्दे, अधिकारियों को सख्त निर्देश

❒ नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने राजधानी लखनऊ स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई कर आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने राजधानी लखनऊ स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई कर आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण, सीवर व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन और बिजली बिल से जुड़ी समस्याएं मंत्री के सामने रखीं।मंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा में निपटाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं को उनके मामलों की प्रगति की जानकारी भी समय-समय पर दी जाए।इस दौरान अमौसी क्षेत्र से आए एक व्यक्ति ने शिकायत की कि प्रीपेड मीटर होने के बावजूद वह पिछले चार वर्षों से नियमित बिल जमा कर रहे थे, लेकिन अचानक उन्हें ?25,150 का बिल भेज दिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने तत्काल ऊर्जा विभाग के चेयरमैन आशीष गोयल से फोन पर बात कर जांच के निर्देश दिए।मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार की त्रुटि या अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित के सिद्धांतों पर काम कर रही है तथा आमजन की संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## मिशन शक्ति 5.0 में बाल विवाह के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

रायबरेली। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत बाल विवाह को न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न उपायों के विषय में जानकारी दे गई। साथ ही उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने तथा 1090, 181, 1098, 112, 102, 108, 1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की जानकारी भी प्रदान की गई। उनको बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना करने के लिए सक्षम बनाना है, ताकि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता की जागरूकता हेतु सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एचईडब्लू से जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह एवं जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, विकास पटेल और महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता की गई।

# जी.एस.आर.एम. मेमोरियल हॉस्पिटल में आयोजित हुआ विशाल रक्तदान शिविर

❒ इस अवसर पर लगभग 50 विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता।




लखनऊ । जी.एस.आर.एम. मेमोरियल हॉस्पिटल, जो कि जी.एस.आर.एम. मेमोरियल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का एक अंग है, द्वारा दिनांक 30 मार्च 2026 को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सार्थक चैरिटेबल ब्लड सेंटर (नटराज वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा संचालित) के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर लगभग 50 विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे जोश व सेवा भाव के साथ इस पुनीत कार्य को सफल बनाया। जी.एस.आर.एम. ग्रुप के सभी कॉलेजों की सक्रिय भागीदारी रही तथा बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. दिनेश कुमार (अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष, शिक्षा संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय) को जीएसआरएमएमजीओआई के सभी पदाधिकारियों द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनका कार्यक्रम में उपस्थित होना संस्थान के लिए गौरव का विषय रहा तथा सभी को उनके साथ समय बिताने एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला।कार्यक्रम में संस्थान के प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें आलोक श्रीवास्तव (मैनेजमेंट रिप्रेजेंटेटिव एवं चीफ कोऑर्डिनेटर, जीएसआर एमएम जीओआई), जयदीप सिंह (एचआरओ, जीएस आरएम एमजीओ आई), शैलेन्द्र सिंह (डायरेक्टर नर्सिंग), डॉ. दीपक शर्मा (प्रिंसिपल, पीजी कॉलेज, जीएसआरएम एमजीओआई), मनिंदर कौर (डायरेक्टर, फार्मेसी), डॉ. ए. के. भौमिक (प्रिंसिपल, जीएसआरएम मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन) तथा डॉ. परवेज अरशद (एमबीबीएस, एमएस) शामिल रहे।

संस्थान के चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार गुप्ता एवं वाइस चेयरमैन डॉ. कार्तिकेय राज गुप्ता के प्रति सभी ने आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से ऐसे सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यक्रमों का आयोजन संभव हो पाता है।यह रक्तदान शिविर समाज सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा, जिसने लोगों को मानवता के प्रति अपने कर्तव्य का एहसास कराया।

## संचारी रोग अभियान को लेकर गोसाईगंज ब्लॉक में हुई महत्वपूर्ण बैठक

लखनऊ। संचारी रोग अभियान को लेकर गोसाईगंज सीएससी अधीक्षक डॉक्टर मेजर सुरेश पांडे की अगुवाई में महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक कार्यालय में संपन्न हुई।यह अभियान 1 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इसी मौके पर 0 से 5 साल तक के वीएबी परिवारों पर भी चर्चा की गई। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी नारायण यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीनेशन हेतु तैयार किया जाएगा। यह कार्य सर्वाइकल कैंसर से बचने हेतु कराया जाएगा। अप्रैल माह में यह वैक्सीनेशन सीएचसी पर प्रारंभ होगा। इसके लिए आधार व मोबाइल नंबर अनिवार्य होगा। एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ल ने अभियान को लेकर सभी पंचायत सचिवों ग्राम प्रधानों को सख्त निर्देश देते हुए समय से रोस्टर के मुताबिक साफ सफाई और दवाओं का छिड़काव करने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी नारायण यादव, एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला, जेएसआई ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कीर्ति शुक्ला, कर्मचारी महामंत्री ललित कुमार व प्रशांत सक्सेना व सिनर्जी संस्था से नावेद सहित सभी पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# नंद के आनंद भयो से गूंजा कल्याण खेड़ा

❒ श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव पर झूम उठा पूरा गांव

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



नगराम, लखनऊ । क्षेत्र के बहरौली इलाके के कल्याण खेड़ा मजरा घोड़सारा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा स्थल पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत माहौल देखने को मिला।

कथावाचक श्री कृष्णानन्द मृदुल जी महाराज ने कथा के दौरान हिरण्यकश्यप वध, भक्त प्रहलाद की अटूट भक्ति एवं भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भावपूर्ण व्याख्यान किया, जिसे सुंदर और आकर्षक झांकियों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मुख्य यजमान समेत सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति में झूमते हुए नजर आए और पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर कथा का आनंद लेते नजर आए और माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक विमल वर्मा हैं, जबकि आयोजन में उनके सहयोगी गोसाईगंज निवासी पवन वर्मा भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग कथा स्थल पर पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

# किसान की बेटी ने रचा इतिहास: लखनऊ आरएमएल में बनीं नर्सिंग ऑफिसर

❒ प्रियंका ने इस परीक्षा में प्रथम स्थान (फर्स्ट रैंक) हासिल कर अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ । रविवार का दिन मोहनलालगंज तहसील के अंतर्गत आने वाले स्टेट गोपाल खेड़ा के लिए गौरव और हर्षोल्लास से भरा रहा। गाँव की बेटी प्रियंका सिंह ने अपनी मेधा और कड़े परिश्रम के दम पर न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है ।

किसान राम शरण सिंह की सुपुत्री प्रियंका सिंह का चयन लखनऊ के प्रतिष्ठित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। विशेष बात यह है कि प्रियंका ने इस परीक्षा में प्रथम स्थान (फर्स्ट रैंक) हासिल कर अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। रविवार को राजधानी के लोक भवन में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रियंका सिंह को अपने हाथों से सरकारी नियुक्ति पत्र सौंपा। इस ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनीं प्रियंका के चेहरे पर अपनी मेहनत की सफलता की चमक साफ दिखाई दे रही थी।

### परिश्रम और समर्पण का परिणाम

प्रियंका के बड़े भाई प्रिंस सिंह ने अपनी बहन की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा की मेरी बहन की वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल है। उसने न केवल अपने सपनों को साकार किया है, बल्कि हमारे किसान परिवार और पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। आज हम सभी बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।''

प्रियंका की इस बड़ी सफलता की खबर जैसे ही गाँव पहुंची, बधाई देने वालों का तांता लग गया। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, पत्रकार एकता वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह भंडारी, एडवोकेट बलराम सिंह, पत्रकार धीरेन्द्र सिंह राधेश्याम सिंह ,सोनू सिंह समेत क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामीणों ने प्रियंका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# किला मोहम्मदीनगर में वित्तीय साक्षरता शिविर, योजनाओं की दी गई जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। अमृतमार्ग एजुकेशन एंड वेलफ़ेयर फाउंडेशन द्वारा ग्राम किला मोहम्मदीनगर, लखनऊ में वित्तीय साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम जनमानस को वित्तीय रूप से जागरूक करना एवं सुरक्षित आर्थिक भविष्य के प्रति प्रेरित करना था।

शिविर में ग्रामीणों को बैंकिंग, बीमा, पेंशन एवं निवेश से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। संस्था के संचालक रामपाल सिंह ने प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही एनपीएस वात्सल्य योजना की जानकारी देकर लोगों को भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पोस्ट ऑफिस की बचत योजनाओं एवं म्यूचुअल फंड की एसआईपी के माध्यम से निवेश के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड, मोबाइल ठगी एवं डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी बताई गई।

शिविर में नियमित बचत एवं मासिक पारिवारिक बजट बनाने के महत्व पर जोर दिया गया। लोगों को आय के अनुसार खर्च और बचत का संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त एजीएम शिशुपाल सिंह ने कहा, ललयदि आप आज पैसे को बचाएंगे, तो कल पैसा आपको बचाएगाञ्ज और सभी से बचत की आदत अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में वर्ष 2025 में कक्षा 10 में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अनीशा सिंह को संस्था की ओर से ?500 प्रतिमाह की दर से एक वर्ष के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ भव्य सम्मान



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम क्षेत्र स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा (एनएमएमएस) उत्तीर्ण करने वाली कक्षा 8 की छात्रा नंदिनी वर्मा को प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। नंदिनी को आगे की पढ़ाई के लिए 4 वर्षों तक प्रतिमाह 1000 रूपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। गृह परीक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने मेधावी विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जताई और इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया।

## सेवानिवृत्त शिक्षिका संतोष वर्मा को फूलों की वर्षा के साथ विदाई



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के बेसिक विद्यालय करोरा से आज सेवानिवृत्त हो रही शिक्षिका संतोष वर्मा का विदाई समारोह भावुक माहौल में आयोजित किया गया। विद्यालय पहुंचने पर बच्चों ने फूल बरसाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान बच्चे अपनी प्रिय शिक्षिका से गले मिलकर भावुक हो गए और पूरा माहौल भावनाओं से भर उठा।विदाई समारोह में संतोष वर्मा को अंग वस्त्र, मिठाई एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने उनके द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि संतोष वर्मा ने अपने कार्यकाल में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कार और अनुशासन भी सिखाया, जो हमेशा याद रखा जाएगा।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार यादव, सुधीर सिंह, अनूप कुमार, शालिनी सिंह, शिक्षा पाण्डेय, शिवानी तिवारी, कमलेश भारती, राजीव सिंह, नीरज सिंह, नीतू पटेल, सुप्रिया राय, पूनम यादव, प्रज्ञा मोहनिया, प्रमोद शुक्ला, अनिल कुमार वर्मा सहित विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

## क्षेत्र की पसंदीदा पार्षद की मृत्यु से शोक की लहर



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के दौलतगंज वार्ड नंबर 94 से लोग प्रिया रही तीसरी बार मौजूदा पार्षद रानी कनौजिया का लंबी बीमारी के चलते सोमवार को देहांत हो गया इस खबर से उनके चाहने वालो की भीड़ जमा हो गई रानी कन्नोजिया ज़मीन पर मौजूद रहकर क्षेत्र के विकास कार्यों को कराती थी जिस कारण लोग उन्हे पसंद करते थे अपने कार्य के प्रति लगन के कारण ही इस बार भी उन्होंने एक तरफ़ा जीत हासिल की थी।

## प्राथमिक विद्यालय सलौली में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह संपन्न



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज. आज प्राथमिक विद्यालय सलौली में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पाँच के उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडीओ पंचायत श्री कमल किशोर जी उपस्थित रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी श्री राम राज ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कियाविदाई समारोह के दौरान कक्षा पाँच के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया एवं सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने बच्चों को प्रेरित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीमती निर्मला सिवहरे एवं समस्त शिक्षकगण ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अभिभावकों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की भी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# सरकारी जमीन की शिकायत पर पहुंची पीआरवी टीम से मारपीट

❒ वर्दी फाड़ी- तीन नामजद समेत अन्य अज्ञात पर मुकदमा, दूसरे पक्ष ने भी दी तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत की जांच करने पहुंची पीआरवी टीम के होमगार्ड के साथ मारपीट कर वर्दी फाड़ने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भी पुलिस को तहरीर दी गई है। जानकारी के अनुसार रविवार शाम पीआरवी पर तैनात होमगार्ड श्रवण कुमार कांस्टेबल मोहम्मद सलमान के साथ सरकारी बाइक से इटौजा थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत की जांच करने पहुंचे थे। शिकायत जितेंद्र उर्फ निर्मल ने की थी। मौके पर पहुंचने पर दोनों पक्षों में जमीन को लेकर विवाद होने लगा।आरोप है कि पूछताछ के दौरान कुछ लोगों ने अभद्रता शुरू कर दी और गाली-गलौज करते हुए होमगार्ड के साथ मारपीट की। इस दौरान उनकी वर्दी फाड़ दी गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने होमगार्ड की तहरीर पर जितेंद्र उर्फ निर्मल, भूपेंद्र, रामस्वरूप समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भी तहरीर मिली है, जिसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# निष्ठा और उत्कृष्टता से किया गया कार्य ही योग : प्रो. जेपी पांडेय

❒ आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में 'भारतीय ज्ञान प्रणाली' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बख्शी का तालाब,लखनऊ। आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, बख्शी का तालाब में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ललभारतीय ज्ञान प्रणालीञ्ज का भव्य शुभारंभ सोमवार को हुआ।

सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ समन्वित कर नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक विरासत से जोड़ना है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि ललअपने कार्य को निष्ठा और उत्कृष्टता के साथ करना ही योग है।ञ्ज उन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली को वर्तमान शिक्षा में शामिल करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।सम्मेलन में डॉ. ए.के. खरे ने ऑनलाइन माध्यम से अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय ज्ञान प्रणाली के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। संस्थान के सचिव चितरांशु अग्रवाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि भविष्य के निर्माण की सशक्त आधारशिला है। यह हमारे जीवन मूल्यों, विज्ञान, संस्कृति और नैतिकता का समन्वय प्रस्तुत करती है। यदि इसे शिक्षा में प्रभावी रूप से लागू किया जाए तो यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

संस्थान के रजिस्ट्रार बिमलेश सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली देश की पहचान और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने इस ज्ञान को सरल एवं वैज्ञानिक रूप में नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई, ताकि युवा अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. एस.एस. चौहान, डीन दुर्गेश वर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफ़ेयर विकास सिंह, डीन प्लेसमेंट आरती जायसवाल तथा चीफ प्रॉक्टर विजय बहादुर सिंह सहित अनेक शिक्षाविद, अतिथि एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भैंस चोरी कर काटने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो शातिर गिरफ्तार

❒ 1.17 लाख नकद और पिकअप वाहन बरामद कई और पर शिकंजा कसने की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




दुबग्गा लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भैंस चोरी कर उन्हें काटकर बेचने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश कर दिया है। इस कार्रवाई में दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनके पास से ?1,17,150 नकद और वारदात में इस्तेमाल किया गया पिकअप वाहन भी बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, यह मामला 27 मार्च 2026 को दर्ज हुआ था। जब बाराबंकी निवासी एक व्यक्ति ने दुबग्गा थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए अज्ञात लोगों पर भैंस चोरी का आरोप लगाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम को तत्काल सक्रिय किया गया।जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान कर ली। इसके बाद 30 मार्च की सुबह करीब 4 बजे मछली मंडी तिराहा के पास घेराबंदी कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अख्तर अली उर्फ गोगा (40 वर्ष), निवासी आलापुर, जनपद बाराबंकी और मोहम्मद अंसार उर्फ गोलू (41 वर्ष), निवासी हसनगंज जनपद उन्नाव के रूप में हुई है।पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए स्वीकार किया कि वे चोरी की गई भैंसों को स्लॉटर हाउस में काटकर बेच देते थे और उससे मोटी कमाई करते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से बिक्री से प्राप्त ?1,17,150 नकद रकम बरामद कर ली है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त पिकअप वाहन (UP32CZ2807) को भी जब्त कर लिया गया है।जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपी अख्तर अली उर्फ गोगा का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं, जिससे उसके पेशेवर अपराधी होने की पुष्टि होती है।थाना दुबग्गा पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।



## थाना अलीगंज पुलिस द्वारा आयोजित किया गया मिशन 5.0 जागरूकता कार्यक्रम

लखनऊ । मुख्यमंत्री द्वारा आदेशित नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए मिशन 5.0 अभियान के तहत थाना अलीगंज क्षेत्र मे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मे महिला उपनिरीक्षक शिवानी मिश्रा उप निरीक्षक रविन्द्र नाथ व अन्य पुलिस्कर्मि भी मौजूद रहे जिन्होंने महिलाओ के सशक्तिकरण को लेकर सरकार द्वारा चलाई रही योजनाओ को लोगो तक पहुँचाया साथ ही साइबर क्राइम जैसी घटनाओ से बचने के भी जानकारी दी इसके साथ ही सुरक्षा के लिए जारी टोल फ्री नंबर की भी विस्तृत जानकारी दी।

# 48 घंटे में उखड़ी ढाई किमी की नई सड़क ग्रामीणों ने किया विरोध

❒ नरोसा मोड़ से सरैया नरोसा होते हुए जयचंदपुर मार्ग का मामला, घटिया निर्माण का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । महिंगवा-कुर्सी मार्ग पर नरोसा मोड़ से सरैया नरोसा फार्म होते हुए जयचंदपुर की ओर बनाई गई करीब ढाई किलोमीटर लंबी नई डामर सड़क निर्माण के महज 48 घंटे बाद ही उखड़ने लगी। नई सड़क की परत जगह-जगह से उखड़ने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने विरोध प्रदर्शन कर जांच की मांग उठाई।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। सड़क बनने के दूसरे ही दिन डामर की परत उखड़ने लगी और कई स्थानों पर गिट्टी बाहर आ गई। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क इतनी खराब बनी है कि डामर हाथ से ही उखड़ रहा है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य जल्दबाजी में कराया गया और रात में सड़क बनाकर काम पूरा दिखा दिया गया, लेकिन सुबह होते ही सड़क की परत उखड़ने लगी। यह सड़क क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद थी, लेकिन सड़क खराब होने से लोगों में नाराजगी है।ग्रामीणों ने बताया कि मामले की शिकायत संबंधित विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से की गई, लेकिन अभी तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने नहीं पहुंचा। इससे नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर सड़क निर्माण की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का पुनर्निर्माण गुणवत्ता के साथ नहीं कराया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।वहीं क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने बताया कि घटिया किस्म की बनाई गई सड़क की जानकारी मिली है वहीं सड़क का निरीक्षण कर सम्बंधित ठेकेदार की जवाबदेही भी तय की जाएगी और उसी लागत में गुणवत्तापूर्ण दोबारा सड़क बनवाई जाएगी।

# स्वच्छता अभियान की उड़ रहीं धज्जियां, कूड़े के ढेर से फैल रहा बीमारी का खतरा

- ❒ सरकार के दावे खोखले, नैपालापुर में कूड़े से फैल रहा बीमारी का खतरा
- ❒ ओम नर्सिंग होम के सामने गंदगी का साम्राज्य, मच्छरों को खुली दावत,अवैध ऑटो स्टैंड और गंदगी से जाम, प्रशासन की अनदेखी भारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जहां एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत नैपालापुर में इन दावों की हकीकत साफ नजर आ रही है।

चौराहे से चंद कदमों की दूरी पर स्थित ओम नर्सिंग होम के सामने कूड़े का विशाल ढेर लगा हुआ है, जो स्वच्छता अभियान को खुली चुनौती दे रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां लंबे समय से कूड़ा इकट्ठा हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान देने की जरूरत तक नहीं समझ रहे हैं। कूड़े के इस ढेर से उठती दुर्गंध और पनपते मच्छर आसपास के लोगों के लिए बड़ी समस्या बन चुके हैं। इससे डेंगू, मलेरिया जैसे मच्छर जनित रोगों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।सबसे हैरानी की बात यह है कि यह गंदगी मुख्य मार्ग और चौराहे के पास ही मौजूद है, जहां से रोजाना अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी गुजरते हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे साफ प्रतीत होता है कि जिम्मेदार या तो आंखें मूंदे हुए हैं या जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं।वहीं नैपालापुर चौराहा अवैध ऑटो स्टैंड में तब्दील होता जा रहा है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द कूड़े के ढेर को हटाया जाए, नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और अवैध ऑटो स्टैंड पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और स्वच्छता अभियान का उद्देश्य पूरा हो सके।

## दबंगों ने ट्रैक्टर से जोती किसान की गन्ने की फसल, कार्रवाई न होने पर एसपी से लगाई गुहार

मछरेहटा, सीतापुर । उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम ढहरऊ में दबंगों द्वारा एक किसान की खड़ी गन्ने की फसल जोतने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से क्षुब्ध होकर पीड़ित किसान ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) सीतापुर से मिलकर न्याय की गुहार लगाई।पीड़ित किसान मोनू सिंह पुत्र रघुराज सिंह ने बताया कि बीती 27 मार्च 2026 की रात करीब 12 बजे गांव के ही विपक्षी प्रभाती लाल और रामअवध ने उनके खेत में घुसकर खड़ी फसल को ट्रैक्टर से जोत डाला। आरोप है कि ये लोग जबरन खेत पर कब्जा करना चाहते हैं। जब मोनू ने विरोध किया, तो दबंगों ने लाठी-डंडों और बंदूक के बल पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित का आरोप है कि इन दबंगों ने 24 मार्च को ही पुलिस की मौजूदगी में फसल जोतने की धमकी दी थी, जिसकी लिखित सूचना जिलाधिकारी और एसपी को पहले ही दी जा चुकी थी।

# कांग्रेसियों ने नगर निगम गेट पर फूंका पुतला, जमकर की नारेबाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। नगर निगम प्रशासन द्वारा शहीदों की प्रतिमाओं को खंडित करने के विरोध में कंग्रेस पार्टी का धरना,प्रदर्शन और नारेबाजी लगातार जारी है। कंग्रेस पार्टी इस प्रकरण को लेकर पीछे हटने को तैयार नहीं है। आज कंग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में नगर निगम गेट पर प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका गया और जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने पुतले को हंटर से पीटा। उन्होंने कहा कि अमर बलिदानियों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनकी बजह से हम आजाद हैं, अन्यथा आज भी हम सभी अंग्रेजों के हाथों से हंटर खा रहे होते और हर विभाग की छोटी- बड़ी कुर्सी पर अंग्रेज बैठे होते। उन्होने कहा कि शहीदों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से तोड़ने वाले दोषियों पर जब तक कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक कंग्रेस खामोश नहीं बैठेगी। कहा कि हर प्राशसनिक विभाग को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर ले, अन्यथा जल्द ही कंग्रेस हर प्रशासनिक विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलेगी। बताया कि उन्होंने नगर आयुक्त के तबादले और शहीदों की प्रतिमाओं को तोड़ने वाले दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुतला दहन किया है। बताया कि मंगलवार को पार्टी का एक शिष्टमंडल जिलाधिकारी से मिलेगा और प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलवाने की मांग करेंगा। ताकि इस प्रकरण को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया जा सके। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, पवन सिंह, तसनीम अली, तनवीर सफदर, कृष्ण विनोद मिश्रा, बीएन सिंह यादव एडवोकेट, संजय सक्सेना, सुशील शर्मा, सईद अंसारी, फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, महेन्द्र त्रिपाठी, फरमान खां, मोहसिन खां, परवेज अहमद, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, पूनम पांडेय, बिंदेश्वरी राज, साजिद खान, वकार आलम, प्रोफ़ेसर जाने आलम, अनुभव कटारिया, ओमपाल जाटव, मुस्तकीम, इरफान, अतीत बागी, संतोष गुप्ता, शाहनवाज खां, अयान खां, अखिलेश पाल, शान मोहम्मद आदि कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को बांटे नियुक्ति पत्र व स्मार्टफोन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदिज्त्यनाथ ने आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र व स्मार्टफोन वितरण किए। साथ ही केंद्रों का लोकार्पण किया। जिसका सजीव प्रसारण अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने विकास भवन सभागार में देखा। जनपद से 03 आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा 346 आंगनवाड़ी सहायिकाओं का चयन किया गया है।

इस अवसर पर ऑनलाईन चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित हुए अभ्यर्थियो को नियुक्ति पत्रों का वितरण, स्मार्ट फोन का वितरण, पूर्ण हो चुके बाल विकास परियोजना कार्यालय सह-गोदामो एवं आंगनबाड़ी केन्द्रो का लोकापर्ण कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाओं को बधाई देते हुए उन्हे अपने केन्द्र का बेहतर ढंग से संचालन करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने उपलब्ध कराए गए स्मार्टफोन का सदुपयोग करते हुए पोषण ट्रैकर आदि पर शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविन्द रस्तोगी सहित संबंधित परियोजनाओ के बाल विकास परियोजना अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## ढ़खेरवा नहर में मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव, 2 से 3 दिन पुराना होने की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

ढखेरवा, खीरी। शारदा सहायक पोषक नहर में ढखेरवा पुल से लगभग 100 मीटर आगे एक अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, नहर के पुल के पास यह शव बरामद हुआ है, जिसकी उम्र लगभग 70 से 72 वर्ष के बीच आंकी जा रही है।शव की पहचान अभी तक नहीं होपाई है:मृतक के गले में काला धागा बंधा हुआ है, जिसमें लकड़ी का गोल छल्ला लगा है। हाथ में कलावा बंधा हुआ है। जेब से एक तंबाकू की डिब्बी और चश्मा भी मिला है। मृतक सफ़ेद धोती-कुर्ता पहने हुए था। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।*शव 2S3 दिन पुराना होने की आशंका:*प्रथम दृष्टया पुलिस का अनुमान है कि शव लगभग 2 से 3 दिन पुराना हो सकता है। हालांकि, मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।पुलिस मौके पर मौजूद:घटना की सूचना मिलते ही ढखेरवा पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# सीतापुर के लाल ओम सिंह ने रचा इतिहास, यूपीपीसीएस में 55वीं रैंक पाकर बढ़ाया जिले का गौरव

- ❒ मिश्रिख के ग्राम बर्मी से निकले ओम सिंह की सफलता पर पूरे जनपद में जश्न, बधाई देने वालों का लगा तांता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। जनपद की प्रतिभा ने एक बार फिर अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता की नई इबारत लिख दी है। यूपीपीसीएस परीक्षा के घोषित परिणाम में मिश्रिख विकास खंड के ग्राम बर्मी निवासी ओम सिंह ने 55वीं रैंक हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे सीतापुर जिले का नाम रोशन किया है।ओम सिंह प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता संजीव कुमार सिंह वर्तमान में जनपद बांदा में जिला न्यायाधीश के पद पर कार्यरत हैं।

वहीं उनके चाचा पवन सिंह शिल्पी, जो समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मीडिया प्रभारी रह चुके हैं, भी सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। ऐसे प्रेरणादायी माहौल में पले-बढ़े ओम सिंह ने बचपन से ही उच्च लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत की और आज उसका परिणाम पूरे जिले के सामने है।जैसे ही ओम सिंह की सफलता की खबर जनपद में पहुंची, खुशी की लहर दौड़ गई। उनके निवास मोहल्ला आर्यनगर में लोगों का तांता लग गया। परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। हर कोई ओम सिंह की मेहनत और सफलता की सराहना करता नजर आया।इस मौके पर उनके चाचा पवन सिंह शिल्पी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे परिवार और जिले के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार सदैव राष्ट्र सेवा और देशभक्ति की भावना से प्रेरित होकर कार्य करता रहा है। आज ईश्वर ने उनके परिवार को एक और अवसर दिया है कि उनका बेटा प्रशासनिक सेवा के माध्यम से देश और समाज की सेवा करे।ओम सिंह की यह सफलता न केवल युवाओं के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। सीतापुर जैसे जनपद से निकलकर देश की प्रशासनिक सेवाओं में स्थान पाना यह साबित करता है कि यहां की मिट्टी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जनपद के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संगठनों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी ओम सिंह को इस उपलब्धि पर बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, हत्या के अभियोग में वांछित 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन एवं थानाध्यक्ष हैदराबाद के नेतृत्व में आज थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 89/2026 धारा 103(1)/115(2)/191(2)/190/352 बीएनएस में वांछित 04 नफर अभियुक्तों 1. दिनेश कुमार पुत्र बाबूराम 2. पंकज कुमार पुत्र बाबूराम 3. बसन्त कुमार पुत्र बाबूराम 4. मिश्रीलाल पुत्र बाबूराम उम्र निवासीगण ग्राम बघमरा थाना हैदराबाद जिला खीरी को गिरफ्तार किया गया । दिनांक 27/03/2026 को ग्राम बघमरा में समय रात्रि करीब 10.00 बजे वादिनी शीलम यादव पुत्री स्व0 सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम बघमरा पोस्ट घरथानियां थाना हैदराबाद खीरी के भाई चमन सिंह के साथ गांव के बाहर खेत से घर वापस आते समय विपक्षी अनुराग द्वारा सामने से मोटरसाइकिल में टक्कर मारने की बात को लेकर गांव के ही मिश्री लाल पुत्र बाबूराम के मकान के सामने दोनो के मध्य कहासुनी हो जाने पर अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा अनुराग के साथ एकजुट होकर गाली-गलौज करने, लाठी-डंडों और लात-घूसों से वादिनी के भाईयो व माता कमला देवी के साथ मारपीट कर तथा कमला देवी को जमीन पर गिराकर लाठी-डंडो से मारना पीटने से कमला देवी की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# परीक्षा परिणाम वितरण समारोह में चमके छात्र, मुख्य अतिथि ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद के सबसे प्राचीन विद्यालय उजागर लाल इंटर कॉलेज में आज प्रधानाचार्य डॉक्टर देवेंद्र पांडे के द्वारा वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीजनल डायरेक्टर आकाश कोचिंग अखिलेश दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को अपनी अपनी कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर क्रमशः कक्षा 6 7 8 के टॉपर्स को 500 प्रशस्ति पत्र तथा मोमेंट तो दिया गया जबकि कक्षा 9 तथा 11 विज्ञान एवं साहित्य वर्ग के टॉपर्स को 1100 नगद प्रशस्ति पत्र तथा मोमेंटो दिया गया।

इसी के साथ-साथ उन्होंने विद्यालय की 21 छात्राओं की निशुल्क ड्रेस हेतु विद्यालय को अनुदान दिया इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेधा का सम्मान सबसे उत्कृष्ट कार्य है क्योंकि मेधा के सम्मान के द्वारा ही हम अपने देश के कर्ण धारों तथा बुद्धिमान छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य की ओर प्रेरित करते हैं तथा कर्तव्य मार्ग की ओर डटे रहने का संकल्प देने का कार्य करते हैं उन्होंने कहा कि विद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है तथा अब ऐसा प्रतीत होता है कि वह दिन दूर नहीं जब विद्यालय अपनी पुरानी छवि को प्राप्त करेगा इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर देवेंद्र पांडे ने विद्यालय के परीक्षा फल वितरण के समय मेधावी छात्र-छात्राओं को आशीष दिया तथा उन्होंने नए सत्र की शुरुआत 1 अप्रैल से किए जाने की घोषणा करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन विद्यालय आने का अनुरोध किया। इस अवसर पर कक्षा 6 में सौम्या 7 में प्रिया 8 में महक बानो 9 में सुनैना देवी 11 साहित्यिक वर्ग में रूपाली तथा 11 विज्ञान वर्ग में दिव्या को पुरस्कार देकर प्रधानाचार्य तथा मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी अमित त्रिपाठी संदीप शुक्ला जगदीश यादव आलोक कुमार डॉक्टर कामना शुक्ला महेश नारायण मिश्र प्रेम शंकर मनोज कुमार प्रधान कामिल मसूद हाशमी धीरेंद्र शुक्ला अनुजा द्विवेदी कुलदीप सिंह विश्वनाथ यादव सुशील कुमार समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## खैराबाद के सभासदों द्वारा लगाए गए आरोपों की हो जांच अध्यक्ष प्रतिनिधि



**खैराबाद, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खैराबाद में सभासदों ने जिस प्रकार के आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी के समक्ष अध्यक्ष प्रतिनिधि व अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका पर आरोप लगाए है इस सम्बन्ध में खैराबाद की जनता ने एक आवाज में कहा कि जांच इन सभासदों की हो और जैसे पूर्व में नजूल की भूमि को गैरकानूनी रूप से बेचा गया उसका गरीब लोग आज भी खामियाजा भुगत रहे है जहां पूरे देश में प्रधान मंत्री आवास मिल रहे है वहीं आज खैराबाद की जनता इस से सिर्फ इसलिए वंचित रह गई क्योंकि आज जो ये सभासद आरोप अध्यक्ष पर लगा रहे है सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार इन्हीं लोगों ने किया कुछ सभासद तो ऐसे गए जिनके परिवार में पूर्व में रहे सभासद रिश्तेदारों ने भी नजूल की जमीन पर न सिर्फ अपने रिश्तेदारों को बसाने का कार्य किया बल्कि गरीब जनता को बरगला कर उनके नाम फर्जी दस्तावेज दिखा कर जमीन बेंच डाली ।इस संबंध में जब नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू से जानकारी की गई तो उनका कहना है निश्चित रूप से आरोप प्रत्यारोप राजनीत की एक हिस्सा है और मै खुद चाहूंगा कि इसकी जांच हो साथ में जिस तरह से हमारे गरीब जनता के पैसों को लेकर नजूल की जमीन बेची गई इसकी भी जांच हो कि किस तरह से कुछ लोगों ने अपने पद का दुरुपयोग कर नजूल की जमीन का बंदर बांट कर डाला आज हमारे सूबे के मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर जिस तरह अवैध कब्जा व करोड़ो की जमीन ख़ाली कराई गई है इससे कई भू माफियाओं के हौसले पस्त हो चुके है और अब उनके पास कोई काम बचा नहीं है आरोप में कितनी सच्चाई है ये सब सामने आ जाएगा लेकिन मैं ऐसे किसी भी व्यक्ति के दबाव में नहीं आने वाला । नजूल की भूमि को खाली करा कर जनता के लिए सार्वजनिक उपयोग के लिय कार्य करता रहूंगा इसकी चाहे मुझे जो कीमत चुकानी पड़े । अभी कुछ समय पूर्व ही हिंदुओं के आस्था की प्रतीक मां गौरी देवी मंदिर के विकास के प्रति इन्हीं सभासदों ने टीका टिप्पणी की थी बाद में विरोध के चलते चौकी पर लिखित माफी भी मांगी ।इसी कुंठा को लेकर नजूल पर कार्यवाही न हो और दबाव बनाने के लिए एक प्रोपोगंडा बनाया जा रहा है। और खैराबाद जो कार्य हो रहे है वो किसी से पूरे जनपद में छिपे नहीं है इसलिए इनके प्रमाणपत्र की मुझे आवश्यकता नहीं है।

# लखीमपुर खीरी की आंगनबाड़ी सेवाओं को नई उड़ान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के लिए सोमवार का दिन बेहद खास रहा। कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित जनपदीय कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में कई अहम पहल की गईं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीपीओ भारत प्रसाद ने किया।

जनपदीय कार्यक्रम में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार ने 1265 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। वहीं 345 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन और 613 केंद्रों को फर्नीचर व प्री-स्कूल किट प्रदान की गई। इसके साथ ही 16 परियोजना कार्यालयों को आधार कार्ड पंजीकरण मशीन भी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ से जिले में नवनिर्मित 66 आंगनबाड़ी भवनों का वर्चुअल लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने विधायक विनोद शंकर अवस्थी, योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, एमएलसी प्रतिनिधि, डीपीओ भारत प्रसाद व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी। विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण से जुड़े कार्यक्रमों की रीढ़ हैं। स्मार्टफोन मिलने से उन्हें डेटा अपडेट करने, योजनाओं की निगरानी और लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंचाने में आसानी होगी। सरकार का उद्देश्य इस पहल के जरिए आंगनबाड़ी सेवाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाना है, ताकि बच्चों के पोषण, टीकाकरण और विकास से जुड़ी जानकारी समय पर दर्ज हो सके। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि नव चयनित सभी आंगनवाड़ी सहायिकाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनके कंधों पर बच्चों और महिलाओं के पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अपील की कि यह जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाई जाए। डीएम ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता न केवल बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा और पोषण की रीढ़ हैं, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्ग तक सेवाएं पहुँचाने में उनकी भूमिका अहम है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सरकार की नीतियों और योजनाओं को समय पर लागू करने में आपकी सक्रिय भागीदारी बच्चों के सर्वांगीण विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निर्णायक साबित होगी। डीपीओ भारत प्रसाद ने बताया कि जिले के विभिन्न परियोजनाओं में आंगनवाड़ी सहायिकाओं की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कुल 16 परियोजनाओं में 1,406 रिक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए गए। इनमें सहायिका के पद पर कुल 1,265 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। इसमें निधासन परियोजना में सबसे अधिक 172 सहायिकाओं का चयन हुआ, वहीं लखीमपुर और ईसानगर परियोजनाओं में क्रमशः 107 और 110 अभ्यर्थियों को नियुक्त किया गया। अन्य परियोजनाओं में भी चयनित अभ्यर्थियों की संख्या संतुलित रूप से वितरण की गई है, जिससे जिले में बाल विकास और आंगनवाड़ी सेवाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## लखीमपुर खीरी की नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सीएम ने बाटे नियुक्ति पत्र, स्मार्टफोन, खिले चेहरे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में लखीमपुर खीरी की 09 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर 20 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन भी प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों और महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका बेहद अहम है और उन्हें यह जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभानी चाहिए।

## अटल बिहारी पार्क में घटिया पेंट से कराया जा रहा पेंटिंग का कार्य



**लखीमपुर खीरी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखीमपुर सदर आवास विकास कालोनी में बने अटल बिहारी पार्क,पंडित दिन दयाल पार्क में चल रहा सौंदर्यीकरण का काम, प्लास्टिक पेंट की दीवारों पर कराया जा रहा घटिया पेंट जमकर हो रहा भ्रष्टाचार हांथो से छूट रहा दीवारों का पेंट लाखो रुपये के खेल में शहर के कई पार्को में सौंदर्यीकरण के नाम पर जमकर हो रहा भ्रष्टाचार नगरपालिका प्रशासन की मिलीभगत से ठेकेदार कर रहे सरकारी धन का दुरुपयोग नही हुआ नगरपालिका का कोई सर्वे घटिया पेंट से रंग गई पार्को की दीवारें पानी मे मिला भ्रष्टाचार का रंग।

## तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर कार्यक्रम निर्धारित




**लखीमपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान संपन्न हुआ, जिसमें अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लियाअध्यक्ष पद पर राजीव कुमार मिश्रा ने रामदास वर्मा को 11 मतों से हराया, जबकि मंत्री पद पर विकेश कुमार तिवारी ने नारायण शुक्ल को 32 मतों से पराजित कियाअन्य पदों पर एकल नामांकन के चलते कई प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए, जिनमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री, ऑडिटर और गवर्निंग काउंसिल के सदस्य शामिल हैं

# अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में करायें : अंकित पासी

**ब्लाक प्रमुख के हाथों परीक्षाफल पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे**

**कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई में ब्लाक प्रमुख ने आईसीटी लैब का फीता काटकर किया शुभारम्भ**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों के भवनों के साथ ही शैक्षिक गुणवत्ता में काफी सुधार आया है और यह विद्यालय कान्वेंट स्कूलों से काफी आगे निकल चुके हैं आप सब लोग अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराते हुये नियमित विद्यालय भेजें। यह बात विकास क्षेत्र सिंहपुर के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई में आयोजित परीक्षाफल वितरण समारोह एवं आईसीटी लैब के शुभारम्भ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कही। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने अपने सम्बोधन में कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता काफी बेहतर हो गई है इन विद्यालयों के बच्चों द्वारा आने वाले समय में अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कहा कि विद्यालयों में संसाधनों की कोई कमी नही है और परिषदीय विद्यालय नित्य नये आयाम स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं अभिवावकों से अपने बच्चों को परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराएं। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी एवं ग्राम प्रधान गौरव श्रीवास्तव ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आईसीटी लैब का फीता काटकर उदघाटन किया।अतिथियों ने प्रत्येक कक्षा से विगत परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों एवं खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विभिन्न प्रतियोगताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया।विद्यालय में सर्वाधिक दिन उपस्थित रहने वाले कक्षा आठ के छात्र चंद्रेश सहित अन्य कई छात्रों को सम्मानित किया गया।विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष खुशीराम एवं सक्रिय सदस्यों को सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले बच्चों को लंच बॉक्स, पानी की बॉटल, ट्रॉफी,ड्रॉइंग नोटबुक, कैनवॉस और वाटर कलर,स्टेशनरी- ज्योमैट्रिक बॉक्स, पेंसिल बॉक्स भेंटकर सम्मानित किया गया।प्रधानाध्यापक ओंकार पाण्डेय, सुरेंद्र पाण्डेय,विकल्प श्रीवास्तव ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुज शुक्ला एवं अध्यक्षता राजाराम ने किया।

प्रधानाध्यापक ओंकार पाण्डेय ने अतिथियों के प्रति आभार जताया।इस मौके पर ग्राम प्रधान अनिल पाण्डेय,सत्येंद्र तिवारी, दिलीप शुक्ला, तुषार मिश्रा,आशीष गुप्ता, जय शंकर मिश्रा,प्रमोद शुक्ला,अनुज तिवारी, सलिल सिंह, राघवेन्द्र शुक्ला, नवनीत त्रिवेदी, सतीश मिश्रा, आकाश, आलोक शुक्ला,मोनिका सिंह सहित अन्य तमाम शिक्षक एवं अभिवावक गण मौजूद रहे।

# सरस मेला का समापन कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल (बहजोई) । सरस मेला 2026 की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष श्री ओमवीर सिंह खड़गवंशी एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री श्री मनोज कठेरिया रहे। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एक पुष्प एवं पुस्तक देकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत सम्मान किया। मंच का संचालन कर रहे जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने सरस मेला 2026 की रूप रेखा के विषय में बताया। यह मेला महिलाओं की आजीविका, सशक्तिकरण, तथा जेन्डर आधारित समस्याओं पर आधारित है, इसका मुख्य फोकस महिलाओं की आजीविका पर है।उन्होंने समूह के विकास की कहानी पर चर्चा की तथा उन्होंने बताया कि शासन द्वारा राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूह की महिलाओं को आजीविका के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का प्लेट फार्म दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कई अवसर खोल रखे हैं आप उनका लाभ उठाकर आर्थिक समृद्ध हो। सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर भी समूह की दीदियों को जागरूक किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता विकसित उत्तर प्रदेश से होकर जाता है तथा इसकी संवाहक समूह की महिलाएं बनेंगी।परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है।समूह की दीदियों को बैठकें करनी होंगी तथा पंच सूत्र का पालन करना होगा। ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक परिवार से लखपति दीदी बनायी जाएं। बिजनेस प्लान बनाएं समूह की दीदियां।पॉलिथीन का उपयोग ना करें समूह कपड़े के थैले का प्रयोग करें।उन्होंने कहा कि समूह अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें।उन्होंने कहा कि आगामी सरस मेला पॉलिथीन मुक्त रहेगा। उन्होंने कहा कि कृषि और पशुपालन के माध्यम से गांवों को मजबूत करना होगा।सीआईएफ का सदुपयोग किया जाए। विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री भाजपा मनोज कठेरिया ने कहा कि समूह के माध्यम से समूह की दीदियां आगे बढने का कार्य कर रही हैं। सरकार संकल्पबद्ध है महिलाओं को मज़बूत करने के लिए। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि आशा जीवन है,अपने काम के प्रति आशावान रहें। ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करें।अपने जीवन का नियम बनाएं। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा स्वास्थ्य सखियों को फिलिप बुक वितरण किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष,जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार तथा खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह,खण्ड विकास अधिकारी जुनावई अखिलेश कुमार एवं खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर कमलकांत एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चंद्रमा देवी की जमानत पर सुनवाई, कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी की नियमित जमानत पर आज अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय राकेश पाण्डेय की अदालत में सुनवाई हुई। चंद्रमा देवी जिला पंचायत अध्यक्ष अमेठी राजेश अग्रहरि उर्फ राजेश मसाला की पत्नी हैं। उन पर फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने समेत अन्य आरोप हैं, जिनमें उनका केस एसीजेएम भव्या श्रीवास्तव की अदालत में चल रहा है। लंबे समय से गैरहाजिर रहने के बाद चंद्रमा देवी बीते 26 मार्च को एसीजेएम कोर्ट में पेश हुई थीं। तब अदालत ने उनकी अंतरिम जमानत अर्जी खारिज कर उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया था। जेल में भर्ती होने के दौरान तबियत बिगड़ने पर उन्हें जिला कारागार से सरकारी अस्पताल में शिफ्ट किया गया था। मामले में आज नियमित जमानत पर हुई बहस में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। चंद्रमा देवी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि कोर्ट के आदेश के बाद जल्द ही जमानत पर कोई निर्णय सामने आ सकता है। जिला जज सुनील कुमार द्वारा जमानत अर्जी को एडीजे द्वितीय कोर्ट में ट्रांसफर किया गया था। अदालत के सुरक्षित रखने के आदेश के बाद अब सभी की नजरें अगले फैसले पर टिकी हैं।

## बचपन पब्लिक स्कूल में परिणाम वितरण समारोह, वरिष्ठ नेता राजकुमार राजू ने बांटे प्रमाण पत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बचपन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य गोपाल मिश्रा ने की, जबकि गायत्री मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार 'राजू' मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन से ही जीवन में सफलता हासिल की जा सकती है इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम में रामपाल पाण्डेय, ओम शर्मा, अनुपम शुक्ला, अरविन्द शर्मा, प्रशांत अवस्थी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे


## फर्रुखाबाद में भगवान महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा

फर्रुखाबाद । उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद में भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण महोत्सव के अवसर पर सोमवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धा और उत्साह से परिपूर्ण इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया।

# एक शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हो सकता है लेकिन सामाजिक जिम्मेदारी से नही : हरिओम तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । एक शिक्षक की सेवानिवृत्ति उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण होता है। यह उस समर्पण, ज्ञान और मार्गदर्शन का प्रतीक है जो उन्होंने वर्षों से अपने छात्रों को दिया है। यह एक ऐसा समय है जब हम उनके योगदान को याद करते हैं और उनके भविष्य के लिये शुभकामनाएं देते हैं।यह बात ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर के सभागार में आयोजित सेवानिवृत शिक्षक विदाई समारोह में खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कही।उन्होंने कहा कि एक शिक्षक शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त हो सकता है लेकिन सामाजिक जिम्मेदारी से कभी सेवानिवृत्त नही होता।उसका मन हमेशा उन बच्चों की सफलता पर खुश होता है जिनको उसने पढ़ाया जिस विद्यालय में उसने पढ़ाया है उस विद्यालय के प्रति उसके दायित्व कभी खत्म नही होते है।एक शिक्षक ही हमेशा समाज को सही राह दिखाता है।शिक्षक समाज का जिम्मेदार नागरिक होता है। बताते चलें कि विकास खण्ड सिंहपुर के कम्पोजिट विद्यालय दांदूपुर की प्रधानाध्यापिका राम संवारी शुक्ला एवं पेंडारा



की प्रधानाध्यापिका पुष्पलता मिश्रा के सेवानिवृत्त होने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी सहित अन्य तमाम शिक्षक नेताओं ने फूल मालाओं से स्वागत कर अंगवस्त्र प्रतीक चिन्ह व श्रीराम चरित मानस भेंट किया।कार्यक्रम का संचालन रविकांत श्रीवास्तव ने किया।इस मौके पर श्याम बहादुर सिंह, अनुज शुक्ला,आशीष कुमार मौर्या, दया शंकर, उबैद अहमद,वाहिद अली, बद्री नाथ यादव, नेहा गुप्ता, सरिता शुक्ला, मनोरमा गुप्ता,आलोक शुक्ला, शेखर द्विवेदी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## एक दिवसीय शिविर आयोजित

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। एस .एम. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई का( चतुर्थ) एक दिवसीय शिविर (कौशल हेतु युवा दिवस) के अंतर्गत आज का कार्यक्रम (नशा उन्मूलन दिवस ) के रूप में ग्राम मौलागढ़ स्थित देवी मंदिर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रिया श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां शारदे के समक्ष दीप चलाया गया, तत्पश्चात सेविकाओं ने लक्ष्य गीत गाया,स्वयं सेविकाओं ने नशा उन्मूलन पर भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया । स्वयं सेविका मुक्ता सिंह ने हर दिल की ये है चाहत,नशा मुक्त हो मेरा भारत पर कविता अनुरोज ने नशा छोड़ो ,जीवन से नाता जोड़ो पर कविता,खुशी गौतम ने नशे से निकलने के लिए इच्छा शक्ति का मजबूत होना बताया, रुचि ने रोकेनी होगी नशे की आदत, तलबिया ने नशे से दूर रहें, प्राची ने नशा आदत नहीं बीमारी है, पर भाषण,खुशी यादव ने नशीले लोग,नशे में चूर कविता कही स्वयंसेविका जिज्ञासा, नेहा,परी मिश्रा ने भी नशा उन्मूलन पर अपने विचार प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि नेहा गौतम ने भी पीने वाले ने यह सोचकर पी कि वह पी रहा है, मगर उसका पीना उसका सारा घर पी गया,पर एक कविता प्रस्तुत की द्य श्रीमती शोभा रानी ने भी नशा मुक्ति पर अपने विचार प्रस्तुत किए । कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रिया श्रीवास्तव ,मुख्य अतिथि नेहा गौतम ,(सेवानिवृत्ति पूर्व लिपिक एसएम कॉलेज) श्रीमती शोभा रानी, जागृति अत्री,जयंती ,मंदिर के पुजारी श्री गिर्राज किशोर, रेखा गौड़ एवं गजेन्द्र आदि उपस्थित रहे ।

## सम्भल के जिला विकास अधिकारी की सुपुत्री कु. स्वाति बनी खण्ड विकास अधिकारी

सम्भल ( बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता। सम्भल के जिला विकास अधिकारी राम आशीष की सुपुत्री कु. स्वाति का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा ( पीसीएस) -2024 में चयन हुआ। कु. स्वाति ने पीसीएस -2024 का खण्ड विकास अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। लोकसेवा आयोग द्वारा दिनांक 29 मार्च 2026 को पीसीएस 2024 का अंतिम परिणाम जारी किया गया। कु. स्वाति के खण्ड विकास अधिकारी के पद पर चयनित होने पर जिला विकास अधिकारी द्वारा बड़ा ही हर्ष व्यक्त किया। जनपद के सभी अधिकारियों तथा जनपद के लोगों द्वारा जिला विकास अधिकारी को बधाईयाँ दीं। जिला विकास अधिकारी जनपद मऊ के विकास खण्ड दोहरी घाट के ग्राम विशुनपुरा के रहने वाले हैं उनके ग्रामवासियों द्वारा ग्राम की बिटिया के खण्ड विकास अधिकारी के पद पर चयन पर हर्ष व्यक्त कर उनके परिवार को बधाई दी जा रही हैं। कु. स्वाति द्वारा लखनऊ विश्विद्यालय ` संबद्ध नेशनल पीजी कालेज लखनऊ से स्नातक किया है।

## पीसीएस परीक्षा परिणाम में संग्रामपुर के आयुष पाण्डेय ने दसवीं रैंक की हासिल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूपी पीसीएस परीक्षा परिणाम में अमेठी जनपद का दबदबा कायम रहा टाप टेन की सूची में संग्रामपुर के आयुष पाण्डेय ने अपना नाम दर्ज कराते हुये पूरे जनपद का नाम रोशन कर दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एवं प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री के साथ ही सांसद विधायकों ब्लाक प्रमुखों ने चयनित अमेठी के युवाओं सहित सभी प्रतिभाशाली युवाओं को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। यूपी पीसीएस परीक्षा परिणाम में संग्रामपुर के आयुष पाण्डेय ने टॉप टेन में अपना स्थान बनाया है।पंडरी की स्नेहा शुक्ला का नायब तहसीलदार, जगदीशपुर की मानसी सिंह एवं गौरीगंज के रजनीश विक्रम सिंह का डिप्टी जेलर पद पर चयन हुआ है। संग्रामपुर की अनुराधा सिंह और शुकुल बाजार के आशीष शुक्ला का चयन हुआ है। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि ये उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत नही बल्कि पूरे अमेठी के आत्मविश्वास और क्षमता का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त चयनित युवाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, सांसद किशोरी लाल शर्मा,राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह,विजय विक्रम सिंह,अनंत विक्रम सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, उमेश प्रताप सिंह, अंकित पासी,मनीष पाठक, धर्मेश मिश्रा,रवि शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण बाजपेयी सहित अन्य तमाम क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने समस्त चयनित युवाओं को बधाई देते हुये कहा कि आप सबकी सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बने।

## बेखौफ दबंगों ने पत्रकार पर बरसाएं लाठी-डंडे, किया हवाई फायर

गाजियाबाद । यूपी के गाजियाबाद जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली गेट क्षेत्र में एक समाचार पत्र के पत्रकार अकाश गर्ग पर बीती रात को 10 से अधिक दबंगों ने जमकर लाठी डंडे बरसाए और तमंचे से हवाई फायरिंग भी की। इससे वह बुरी तरह घायल होकर बेसुध हो गए। मामले की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिसमें देखा जा सकता है कि हमलावर डंडे लेकर हमला कर रहे हैं। आरोप है कि सूचना देने के एक घंटे बाद कोतवाली पुलिस वारदात वाली जगह पहुंची। इस संबंध में एडिशनल डीसीपी राज करन नैय्यर ने सोमवार को बताया कि सीसीटीवी के माध्यम से आरोपियों की पहचान की जा रही है। घायल पत्रकार को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस की लापरवाही की भी जांच की जाएगी।

## देवरिया में 41 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण, 89 का शिलान्यास, 576 को नियुक्ति पत्र

देवरिया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नव-निर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण तथा प्रस्तावित परियोजना कार्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास किया गया। इसी क्रम में जनपद देवरिया में 41 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण तथा 3 परियोजना कार्यालयों एवं 89 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास हुआ। निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत जनपद में पारदर्शी प्रक्रिया के तहत चयनित 573 आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं 3 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सोमवार को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम द्वारा बाल विकास परियोजना सलेमपुर एवं लार, विधायक सदर शलभ मणि त्रिपाठी द्वारा सदर एवं शहर परियोजना, विधायक रुद्रपुर जय प्रकाश निषाद द्वारा रुद्रपुर, विधायक बरहज दीपक मिश्र 'शाका' द्वारा बरहज एवं भागलपुर, विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया द्वारा रामपुर व तरकुलवा परियोजनाओं में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसी प्रकार ब्लॉक प्रमुख गौरी बाजार द्वारा गौरी बाजार तथा प्रमुख भलुअनी छट्ठू यादव द्वारा भलुअनी परियोजना में नियुक्ति पत्र वितरण का कार्य कराया गया। कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही।

## अंतिम संस्कार में आया व्यक्ति नदी में डूबा, पुलिस खोजबीन में लगी

जौनपुर । यूपी के जौनपुर जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के नाव घाट के समीप गोमती नदी के तट पर सोमवार की सुबह अंतिम संस्कार में शामिल होने आया (48) वर्षीय व्यक्ति गोमती नदी में डूब गया।घटना के कई घण्टे बाद तक उसका पता नही चल सका है।पुलिस गोताखोरों की मदद से उसे खोज रही है। क्षेत्र के मुरारपुर हौज गाव निवासी दिलीप चौहान की माता प्रभा देवी (88) का बीमारी से रविवार की देर रात को मौत हो गयी।सोमवार की सुबह करीब आठ बजे शव का अंतिम संस्कार करने के लिए लेकर श्मशान घाट आए।अंतिम संस्कार सम्पन्न होने के बाद लोग नहाने के लिए वहां से कुछ दूर आये। उसी समय नदी में नहाने के लिए गाँव के ही श्यामबहादुर चौहान (48) पुत्र स्वर्गीय लालजी चौहान नदी में उतर गए। वहां गहराई ज्यादा होने से वह पानी में डूबने लगे। जब काफी देर तक पानी से बाहर नही निकले तो लोगो को उनके डूबने का शक हुआ उन लोगों ने पुलिस को सूचना दी; सूचना पर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। उन्होंने स्थानीय गोताखोरों को बुलवाकर नदी में डूबे व्यक्ति की तलाश शुरू करवाया। वह खुद नाव पर सवार होकर खोजबीन में लग रहे। कई घण्टे बाद तक डूबे व्यक्ति का पता नहीं चल सका है। परिवार के लोगों में अनहोनी घटना की आशंका से कोहराम मचा है।थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया कि गोताखोर टीम खोजबीन कर रहे है।

# राष्ट्रीय अवधी संगोष्ठी में सम्मानित हुए ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि को राष्ट्रीय अवधी संगोष्ठी में सम्मानित किया गया है। यह संगोष्ठी भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के भारतीय भाषा संस्थान, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और अवध भारती संस्थान द्वारा लखनऊ के अर्जुनगंज स्थित उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के सभागार में आयोजित थी । इसमें अवधी भाषा और प्रौद्योगिकी संरक्षण संवर्धन एवं भविष्य विषय पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करने के लिए ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान पत्र भारतीय डेटा संस्थान मैसूर के डॉ.सत्येन्द्र कुमार अवस्थी , अवध भारती संस्थान के संस्थापक डॉ राम बहादुर मिश्र और कार्यक्रम समन्वयक प्रदीप सारंग ने प्रदान किया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफ़ेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि की



अवधी भाषा में लगभग एक घंटे की बातचीत रिकार्ड की गई। भारतीय डेटा संस्थान द्वारा इस अवधी गद्य रिकार्डिंग का उपयोग अवधी को गूगल की भाषा बनाने में किया जायेगा।

# ग्रामीण विकास में एजेंसियों के बीच समन्वय और नवाचार जरूरी : प्रो. संदीप सांगल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । ग्रामीण विकास के लिए शैक्षणिक संस्थानों, स्वयंसेवकों और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और नवाचार बेहद आवश्यक है। उन्नत भारत अभियान के माध्यम से गांवों में शिक्षा, कौशल और जागरूकता को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। आईआईटी कानपुर इस दिशा में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है और संस्थानों को जमीनी स्तर पर काम करने के लिए प्रेरित कर रहा है। गांवों से जुड़ाव बढ़ाने से छात्रों और स्थानीय समुदाय दोनों को लाभ मिल रहा है। यह बातें सोमवार को उन्नत भारत अभियान के समन्वयक प्रो. संदीप सांगल ने कहीं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत सहभागी संस्थानों के लिए परिचयात्मक एवं विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया गया। एक



दिवसीय इस कार्यशाला में 17 से अधिक जिलों के 40 से ज्यादा संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें शैक्षणिक संस्थान, विकास सहयोगी, वित्तपोषण एजेंसियां और स्वयंसेवक शामिल रहे।कार्यक्रम में प्रो. संदीप सांगल ने आईआईटी कानपुर में यूबीए की यात्रा साझा करते हुए गांव स्तर पर शिक्षा से जुड़ने पर जोर दिया। वहीं सह-समन्वयक प्रो. सुधांशु एस. सिंह ने विभिन्न पहलों की जानकारी देते हुए स्थानीय समस्याओं के समाधान में तकनीक और प्रशिक्षण की भूमिका बताई। अनुसंधान एवं विकास के सह-अधिष्ठाता प्रो. राजा अंगमुथु ने छात्रों की भागीदारी से ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की बात कही। राष्ट्रीय समन्वयक प्रो. वीरेंद्र के. विजय ने कहा कि छात्र स्वयंसेवक स्थानीय संस्कृति को समझते हुए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने में मदद करते हैं, जिससे पलायन को रोका जा सकता है। नाबार्ड के डीडीएम राहुल यादव ने विभिन्न ग्रामीण पहलों में सहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया, जबकि प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के ओम प्रकाश ने कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी। सत्र में विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने अपने कार्यों की प्रस्तुति दी, जिनमें स्वास्थ्य शिविर, विधिक जागरूकता और सामुदायिक पहल शामिल रहीं। इसके अलावा पॉटरी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कारीगरों और छात्रों ने भाग लिया।

# डीजीपी साहब 21 करोड़ बैंक घोटाले के आरोपी कब होंगे गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के यूपी कोऑपरेटिव बैंक की बड़गांव शाखा में हुए 21.47 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले में नामजद सोलह में से तेरह आरोपी 78 दिनों से फरार चल रहे हैं। गोंडा की नगर कोतवाली पुलिस अभी तक इन्हें गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि कुछ फरार आरोपी खुलेआम पूर्व सांसद और मौजूदा विधायक के सा थ खुले आम मंच साझा करते देखे जा रहे हैं। वही भौरीगंज के रहने वाले बैंक घोटाले के आरोपी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर एक वायरल हो रहा है जिस वीडियो में कहा जा रहा है कि गुड्ड पंडित ने हमें भेजा है और कहा जा रहा है कि ये मिर्ज़ा पुर नहीं है,फिर कहा जा रहा है कि यहाँ के बाहु बली हम हैं।अब सवाल यह उठता है कि क्या इसी के डर से गोंडा पुलिस बैंक घोटाले के आरोपी को गिरफ्तार करने से पीछे हट रही है,वही यह मामला फर्जी दस्तावेजों के सहारे गलत तरीके से 21.47 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े और

**नेताओं के साथ बैंक घोटाले का आरोपी साझा कर रहा मंच,पुलिस को ढूंढने नाकाम**

**बैंक घोटाले के आरोपियों का जलवा नेताओं से कम नहीं**

घोटाले से जुड़ा है।लेकिन गोंडा पुलिस कहना है बैंक घोटाले के आरो पियों की मोबाइल की लोकेशन नहीं मिल रही है अपना मोबाइल सिम बंद कर लिए हैं।लेकिन पु लिस के सामने ही बैंक घोटाले के आरोपी मंच पर बैठकर पूर्व सांसद और मौजूदा विधायक का स्वागत कर रहे हैं और यह सब कार्य पुलिस के सा मने हो रहा है और पुलिस कहती है बैंक के घोटाले के आरोपी ढूंढे नहीं मिल रहे हैं।गोंडा नगर कोतवा ली में इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था।बी ते 12 जनवरी से ही नगर कोतवाली पुलिस इस पू रे फ्रॉड की जांच कर रही है।फरार चल रहे आरोपि यों में तत्कालीन शाखा प्रबंधक अजय तत्कालीन प्रबंधक सुशील कुमार,तत्कालीन सहायक कैशिय र पवन



कुमार शामिल हैं।इनके अलावा खाताधारक सुमित्रा पाल,संजना सिंह,राज प्रताप सिंह, ज य प्रताप सिंह,फूल मोहम्मद,रितेंद्र पाल सिंह,गीता देवी वर्मा,दुष्यंत प्रताप सिंह,मोहम्मद असलम और प्रतीक कुमार सिंह भी शामिल हैं। इस पूरे घोटाले और फ्राड ही नहीं बल्कि कई और भी मामले हैं मामलों की भी जांच नगर कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है।अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह ने जांच में इस फ्रॉड और घोटाले की पुष्टि की है,आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमों को लगाया गया है, सवाल या उठना लाजिमी है कि क्या गोंडा पुलिस बैंक घोटाले के आरोपियों को आंख बंद करके ढूंढ रही है इस लिए पुलिस को अभी तक सफलता नहीं मिल रही है।अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह का सिर्फ एक ही रटा रट या बयान आता है कि फरार बैंक घोटाले के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार टीमें ल गी हुई हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी अपने मोबाइल फोन बंद करके फरार चल रहे हैं, जिससे उनकी गिरफ्तारी में दिक्कत आ रही है। सभाजीत सिंह ने यह भी कहा कि यदि कोई आरोपी किसी नेता के साथ घूम रहा है,तो उसकी गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास किया जा रहा है,हालांकि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है।लेकिन पुलिस पर सवाल या उठना है 12 जनवरी 2026 को मुकदमा पंजी कृत होता है और बैंक घोटाले का आरोपी 26 जन वरी को खुले आम पुलिस कर्मियों के सामने नेता ओं के साथ मंच साझा कर उनका स्वागत करते हैं, तब क्या पुलिस को बैंक घोटाले का आरोपी नहीं दिखाई दे रहे है।

# सिपाही से डिप्टी जेलर बनी गोंडा की आरती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले की 26 वर्षीय आरती मिश्रा ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ( यूपीपीएससी ) द्वारा जारी 2024 के परीक्षा परिणाम में बड़ी सफलता हासिल की है।आरती अब ट्रेनी सिपाही से सीधा डिप्टी जेलर बन गई हैं।उन्होंने डिप्टी जेलर के पद पर 39 वीं रैंक प्राप्त कर अपने परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। वर्तमान में, आरती मिश्रा आजमगढ़ जिले के पीटीसी में सिपाही के पद पर प्रशिक्षण ले रही हैं।उन्होंने घर से तैयारी करके पह ली बार में ही यह सफलता हासिल की है।इससे प हले वह यूपी पुलिस सिपाही भर्ती में भी सफल हु ई थीं।आरती मिश्रा तीन बहनों और एक भाई में से हैं।उनके एक भाई की कुछ महीने पहले नहर में डूबने से मृत्यु हो गई थी।उनकी मां रीता मिश्रा ने बेटी की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए बेटे की याद आने पर भावुकता जाहिर की।आरती के पिता राम आशीष मिश्रा खेती का काम करते हैं, और मां रीता मिश्रा गृहिणी हैं।आरती ने अपनी हाईस्कूल की पढ़ाई भगौती प्रसाद इंटर कॉलेज पिपरा चौबे से, इंटरमीडिएट



पार्वती देवी इंटर कॉलेज से और बीएससी जिले के लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय से पूरी की है।उन्होंने फैजा बाद के एक कॉलेज से बीएड करने के बाद प्रति योगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की थी।पिता राम आशीष मिश्रा ने बताया कि मेरी बेटी शुरू से ही पढ़ने में तेज थी मेरा बेटा भी कुछ ना कुछ पढ़ क रके बनना चाह रहा था लेकिन उससे पहले ही उस की सड़क हादसे में मौत हो गई है। अगर मेरा बेटा जीवित होता तो उसकी बड़ी बहन इतने बड़े पद पर पहुंच गई है सबसे पहले वही खुशी जाहिर कर ता है।मेरी बेटी आजमगढ़ जिले में यूपी पुलिस सि पाही में तैनात है वहां पर वह ट्रेनिंग ले रही है अभी जल्दी में उसकी भर्ती हुई है।मुझे गर्व है मैंने अपनी जिस बेटी को पढ़ाया वह आज हमारा नाम रोशन कर रही है।

# उद्यान मंत्री ने 29 आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सेविकाओं को स्मार्टफोन एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम लोकभवन लखनऊ में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश की 69,804 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरण, आंगनबाड़ी कार्यत्रियों को 2 लाखक्त ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस का वितरण, 18,440 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, रु0 450 करोड की लागत से 3,170 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों एवं 140 बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। जिसमें जनपद रायबरेली की नवनियुक्ति 08 आगनबाड़ी कार्यत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण, 207 आंगनबाड़ी केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली में विधानसभा स्तर पर




उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधानसभा हरचन्दपुर के विकास खण्ड सतांव में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्‌बोधन को जनपद स्तरीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री व मुख्य सेविकाओं आदि द्वारा सुना गया।उद्यानमंत्री ने आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा हरचन्दपुर के 29 आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण किया, जिसमें विकास खण्ड खीरों के 15 केन्द्र, सतांव के 12 केन्द्र एवं हरचन्दपुर के 02 केन्द्र शामिल है। इसके पश्चात उद्यानमंत्री द्वारा 05 पांच गर्भवती माताओं की गोदभराई एवं 05 बच्चों को अन्नप्राशन कराकर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बाल विकास विभाग के अन्तर्गत आंगनबाड़ी द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की व आंगनबाड़ी के समाज में योगदान को सराहा। इस अवसर पर उद्यान मंत्री ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, जिससे बच्चों एवं महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से स्थानीय स्तर पर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध होंगी तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को भी लाभ मिलेगा।

# गोंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट सर्कुलेटिंग एरिया में टैक्सी और ई-रिक्शा का बोलबाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । रेलवे स्टेशन क़े मुख्य गेट पर अवैध टैक्सी स्टैंड बन गया है,जहां बिना परमिट और बिना नंबर के अवैध ई- रिक्शा व डग्गामार टैक्सियां खुलेआम बेरोक टोक सवारियां भरकर रेलवे पुलिस के साम ने से ही गुजरती हैं और वे आंखें बंद कर लेते हैं।दरअसल,गोण्डा रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार डग्गा मार वाहनों का अड्?डा बन गया है,जहां से अपराध और अपराधियों का खेल शुरू होता है।यहां के चालकों में कुछ ऐसे भी अपराधी किस्म के हैं,जो यात्रियों से अधिक किराए के साथ ही उनके साथ लूट-पाट व मार पीट की घटनाएं भी करते रहते हैं और मुंहमांगा किराया भी वसूल करते हैं।कई बार यहां से स वारियों को बैठाकर उन्हें लूटा जा चुका है या फिर सवारियों के साथ छिनैती जैसी वार दातों को अंजाम दिया गया है।इस तरह की कई घट नाओं में पुलिस ने पकड़कर जेल भेजने की कार्रवाई भी की है।इसके बावजूद यहां के टैक्सी और ई- रिक्शा चालकों पर गोंडा पुलिस और आ रटीओ का भी ध्यान नहीं जा



रहा है।इससे हर मही ने लाखों रूपए सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है और यात्रियों की जान-माल का भी खतरा बना रहता है। कभी-कभी तो स्टेशन के बाहर खड़े ई-रिक्शा व अवैधटैक्सी चालकों की वजह से आवाग मन भी ठप्प रहता है,जिससे की यात्रियों को ट्रेन पकड़ने में दिक्कतों का सा मना करना पड़ता है।इतना ही नहीं,मेन गेट पर डग्गामार वाहनों के जमावड़े के चलते यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है।हद तो यह है कि या त्रियों द्वारा एतराज करने पर मनबढ़ डग्गामार वाहन चालक हाथापाई और गाली-गलौच पर उतर आते हैं।यहां सबसे बड़ी बात तो यह है कि डग्गामार वाहनों पर ओवरलोड सवारियां भरी जाती हैं।इंतिहा यह है कि छतों पर भी सवारियां बैठाई जाती हैं लेकिन इस ओर न तो आरपीएफ, जीआरपी व स्थानीय थाने की पुलि स ध्यान देती है और न ही आरटीओ इस पर लगाम लगाने को लेकर गंभीर दिखाई देते हैं।मनबढ़ और बेलगाम डग्गामार वाहन चालक रेलवे स्टेशन की पूरी सड़क पर कब्जा किए रहते हैं,जिससे यात्रियों और राहगीरों को आ वागमन में भारी दिक्कतें होती हैं।सूत्रों का कहना है कि रेलवे स्टेशन के बाहर खड़े कर खुलेआम सवारियां बैठाने वाले वाहनों पर रेलवे के सुरक्षा कर्मियों,अन्य जिम्मेदार अधि कारियों व कर्मचारियों,क्षेत्रीय पुलिस तथा आरटी ओ की कृपा बनी हुई है,जिससे वे बेखौफ ओवर लोड सवारियों को बैठाकर फर्राटा भर रहे हैं।अब इ स मेहरबानी के बदले में इन जिम्मेदारों को क्या मिलता है,यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

**सीएम योगी का आदेश बेमानी**

सड़क हादसों में लगातार लोगों की जान जा रही है।इसमें कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदि त्यनाथ ने अधिकारियों संग वर्चुअल बैठक में शह रों में अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने के आदेश दिए थे जिसके बाद नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में परिवहन, नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम ने अभिया न चलाकर अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन पर रोक लगा दी थी। वाहन चालकों को शहर से बाहर कर दिया गया था, लेकिन दो दिन बाद ही अवैध टैक्सी स्टैंडों का संचालन दोबारा शुरू हो गया,जो गोंडा पुलिस और आर टीओ की शिथिलता के कारण फल-फूल रहा है शहर के सभी मार्गों पर जहां से अवैध टैक्सी स्टैंड हटाए गये थे,वहां फिर से टैक्सि यों का जमवाड़ा हो गया है।इससे सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है।लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं।

# आपदा प्रबन्धन के लिए प्रशिक्षित किये गये जिले के अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण तथा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान 28 से 30 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में जनपद के 100 जिला स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण में हितधारकों की भूमिका विषयक पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।


प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनपद स्तरीय हितधारको के क्षमता संवर्धन हेतु मौजूद अधिकारियों के साथ विभिन्न प्रकार के आपदाओं के प्रभाव को न्यून से न्यूनतम करने के उद्देश्य से आपदा पूर्व प्रभावी तैयारी, रणनीति एवं कार्ययोजना



तैयार करने के लिए विचार विमर्श किया गया। विशेष विशेषज्ञों की ओर से मौजूद अधिकारियों को क्या करें और क्या न करें के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये इसके साथ ही राज्य आपदा मोचक निधि के अन्तर्गत दी जाने वाली राहत सहायता तथा क्षति आंकलन के बारे मे भी जानकारी दी गयी।

प्रशिक्षण कार्यक्रक के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा एण्टी स्नैक वेनम, संक्रामक रोगों की रोकथाम विशेषकर बाढ़ आपदा से पूर्व की जाने वाली तैयारियों एवं बाढ़ के उपरान्त जनस्वास्थ्य हेतु बरती जाने वाली सावधानियों के महत्व तथा जनहानि होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र के महत्व के बारे मे बताया गया। कृषि विभाग द्वारा फसलों के नुकसान व राहत सहायता, बाढ़ वाले क्षेत्रों मे अलग अलग तरह के फसलों की बुवाई, विद्युत विभाग द्वारा आपदा के समय विद्युत आपूर्ति व नियंत्रण तथा बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई।

जिला आपदा विशेषज्ञ सुनील कुमार कनौजिया द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा जनपद के विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, सिंचाई विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग आदि उपस्थित विभागों के कार्य व दायित्व व अनुभवों को अन्तर्विभागीय साझाकरण कराया गया तथा कार्यक्रम में सम्मिलित मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार वर्मा व सुनील कुमार चौधरी तथा शिवम सिंह द्वारा विभिन्न आपदाओं पर क्या करें-क्या न करें के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आपदा कार्यालय के समस्त स्टॉफ द्वारा सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया। अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तिम दिन 30 मार्च 2026 को 100 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।



**टेक्नीशियनों के सहारे जिले में चल रहे अधिकांश अल्ट्रासाउंड सेंटर**

गोंडा। शासन के तमाम निर्देशों के बाद भी गोंडा जि ले का स्वास्थ्य विभाग मरीजों के स्वास्थ्य से खिल वाड़ करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई क रने से कतरा रहा है। अल्ट्रासाउंड सेंटर मरीजों के स्वास्थ्य के लिए एक अहम कड़ी है लेकिन इसके बाद में अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर व्यापक मात्रा में ला परवाही बढ़ती जा रही है।शहर में लगभग एक द र्जन से अधिक अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हैं जहां 70 फीसदी सेंटरों पर रेडियोलॉजिस्ट की जगह टे क्नीशियन मरीजों का अल्ट्रासाउंड कर रहे हैं।स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में लगभग सैकड़ो अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित कि ए जा रहे,इसके अलावा जनपद में इसकी संख्या सैकड़ो बताई गई है। शहर के अल्ट्रासाउंड सेंटरों की बात करें तो इस समय 70 फ़ीसदी ऐसे सेंटर हैं जहां रेडियोलॉजिस्ट तैनात नहीं है। उपरोक्त सेंटरों पर अधिकांश पर टेक्नीशियन जिनमें कुछ महिला एं भी हैं जो रेडियोलॉजिस्ट के कार्य को अंजाम दे रही हैं।

# हाथीपांव मरीजों को मिली राहत की किट

**पयागपुर सीएचसी में 15 मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित, पेंशन व इलाज से जोड़ने की पहल**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हाथीपांव से प्रभावित 480 मरीजों को एमएमडीपी किट उपलब्ध कराई जानी है, जिनमें से अब तक 144 मरीजों को किट देकर प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसी क्रम में सोमवार को पयागपुर सीएचसी पर 15 मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित की गई। साथ ही मरीजों का ऑनलाइन पंजीकरण कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू की गई।

फाइलेरिया निरीक्षक विमल कुमार एवं डीसी-पाथ अभिषेक जायसवाल ने मरीजों को प्रभावित अंगों की नियमित सफाई, सूजन नियंत्रण और संक्रमण से बचाव के लिए सेल्फ-केयर की जानकारी दी। किट में टब, साबुन व तौलिया जैसी सामग्री दी गई है, जिससे मरीज घर पर ही नियमित देखभाल कर सकें। फाइलेरिया निरीक्षक ने बताया कि पखरपुर, कैसरगंज, तेजवापुर, शिवपुर और विशेश्वरगंज ब्लॉकों में भी जल्द ही विशेष शिविर आयोजित कर पात्र मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित की जाएगी। एमएमडीपी किट से हाथीपांव मरीजों को निःशुल्क दवा, प्रभावित अंगों की रोजाना सफाई में सहायक होना, सूजन, घाव व बुखार जैसी जटिलताओं में कमी व मरीजों को सेल्फ-केयर का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है और इसके लक्षण कई बार 5 से 15 वर्षों बाद दिखाई देते हैं। बचाव के लिए समय-समय पर एमडीए अभियान चलाकर दवा खिलाई जाती है तथा मरीजों को एमएमडीपी कैंप के माध्यम से देखभाल के तरीके सिखाए जाते हैं। बीपीएम अनुपम शुक्ल ने बताया कि गंभीर रूप से प्रभावित मरीजों को चिन्हित कर उनका पंजीकरण कराया जा रहा है, ताकि उन्हें दिव्यांग पेंशन, यूडीआईडी कार्ड और आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक पवन कुमार, आशा कार्यकर्ता व लाभार्थी मौजूद रहे।

# बहराइच में पहली बार वेब सीरीज की शूटिंग आकांक्षी जिले को मिल रही नई पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। आकांक्षी जनपद बहराइच के लिए यह एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर है कि यहां पहली बार वेब सीरीज "Desi Teenagers" की शूटिंग शुरू हुई है। यह शूटिंग शहर के मून एंड संस परिसर में की जा रही है, जिससे जिले को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

यह वेब सीरीज देश के प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म जिओ हॉटस्टार्स के लिए तैयार की जा रही है, जिसका निर्माण मुंबई के प्रसिद्ध प्रोडक्शन हाउस स्काई लिमिट इंटरटेनमेंट फिल्म एंड सीरीज प्रोडक्शन हाउस द्वारा किया जा रहा है।

इस प्रोजेक्ट से जुड़े प्रमुख सदस्यों में प्रोड्यूसर आदिश कुमार एवं सुमन मिश्रा,डायरेक्टर मिलिन सिंह, डीओपी मुजाहिद खान शामिल हैं।

विशेष रूप से लाइन प्रोड्यूसर गौरव शर्मा (संगठन मंत्री, संस्कार भारती) एवं को-लाइन प्रोड्यूसर जसवीर सिंह (महामंत्री, संस्कार भारती बहराइच) की इस पूरे प्रोजेक्ट को बहराइच तक लाने में





अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही है। इनके सतत प्रयास, समन्वय एवं सक्रिय पहल के कारण ही यह संभव हो पाया कि पहली बार किसी बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म की वेब सीरीज की शूटिंग बहराइच में हो रही है। यह दोनों ही स्थानीय स्तर पर कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं और उनकी यह पहल जिले के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है।

इसके साथ ही मेकअप आर्टिस्ट राहुल खारवा तथा राइटर बिक्की क्षेत्री भी इस प्रोजेक्ट का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

वेब सीरीज में अभिनय करने वाले कलाकारों में प्रसिद्ध चाइल्ड आर्टिस्ट यशस्वी कुमार एवं यशस्व कुमार, साउथ एक्ट्रेस सूफिया तनवीर, लक्की यादव, देवेंद्र सुतार, जयंती मनहार, मोनिका रानो, लता राही, सीनियर एक्टर विजय प्रकाश मिश्रा (तेनु वेड्स मेनू), यश शुक्ला, उत्कर्ष त्रिपाठी एवं वरिष्ठ रंगकर्मी चंद्रभानु मिश्र प्रमुख रूप से शामिल हैं। यह पहल न केवल बहराइच के युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी, बल्कि जिले की कला, संस्कृति एवं प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगी। साथ ही, यह आकांक्षी जनपद को विकास एवं पहचान की नई दिशा में अग्रसर करने वाला एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# बहलोलपुर की बहु बनी पीसीएस अफसर, परिजनो ने व्यक्त की खुशी


कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार/सुल्तानपुर। क्षेत्र बहलोलपुर गांव की बहू का यूपीएससी परीक्षा 2024 में चयन होने से परिवारी जनों ने खुशी जाहिर की है। बता दे कि स्थानीय विकास खंड के बहलोलपुर राजूपुर गांव निवासी हनुमान प्रसाद तिवारी की बहू अवंतिका तिवारी ने यूपीएससी परीक्षा 2024 में स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। अवंतिका तिवारी की शादी साल भर पहले हुई थी। इनके पति अभिषेक तिवारी यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर है जो मऊ में कार्यरत है। तथा ससुर हनुमान प्रसाद तिवारी सीडीए पेंशन प्रयागराज में अकाउंट ऑफिसर है। नायब तहसीलदार के पद पर चयनित अवंतिका तिवारी की प्रारंभिक शिक्षा एसवीएम इंटर कालेज लालगंज अझारा में हुई। जिसके बाद इन्होंने बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स की डिग्री एसआरएमसीईएम लखनऊ से हासिल की।उन्होंने परीक्षा की तैयारी मायके व ससुराल में रहकर की। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों सहित प्रतापगढ़ जिले के जैनपुर लाल गंज अझारा निवासी अपने शिक्षक पिता अजीत कुमार शुक्ला, माता माधुरी शुक्ला सहित ससुर हनुमान तिवारी, सास मंजुलता तिवारी को दिया। उन्होंने बताया कि पूरा परिवार उनके शिक्षण कार्य के लिए सहयोग करते थे जिससे सफलता प्राप्त हुई। उनकी इस सफलता पर डॉ पूजा तिवारी, डॉ संदीप कुमार दुबे, वरुण पांडेय सहित अन्य परिवारी जनों ने खुशी जाहिर की है।

# अर्पिता मिश्रा बनीं वाणिज्य कर अधिकारी, परिवार में खुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जनपद की प्रतिभाशाली छात्रा अर्पिता मिश्रा ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए वाणिज्य कर अधिकारी (सीटीओ) पद पर चयन प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता से परिवार ही नहीं, पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। अर्पिता मिश्रा ने केएनआईटी सुलतानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर यह मुकाम हासिल किया। उनके पिता, रवितेंद्र प्रताप मिश्रा, कस्तूरबा विद्यालय कादीपुर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता सुशमा मिश्रा गृहिणी हैं। परिवार के अन्य सदस्य भी शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी बहन साक्षी मिश्रा एमबीबीएस के चौथे वर्ष की छात्रा हैं और राजकीय मेडिकल कॉलेज बांदा में अध्ययनरत हैं। परिवार के चचेरे भाई देवेश मिश्रा ने भी आईआईटी कानपुर से बीटेक किया है और वर्तमान में दुबई में इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। अर्पिता की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्थानीय लोगों और शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## पुलिस ने आगजनी के मामले में वांछित युवक को भेजा जेल

**तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** थाना मोहनगंज पुलिस ने पूरे भूप सिंह मजरे छीछा में एक महिला के घर में आगजनी करने के मामले में वांछित युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे भूप सिंह मजरे छीछा निवासिनी अनीता के घर में गांव के ही एक युवक द्वारा दिनदहाड़े आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था जिसमें उसके दैनिक उपयोग की वस्तुओं समेत अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई थी। पीड़िता ने पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया और पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये मामले की छानबीन में जुट गई।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में आपरेशन चक्रव्यूह अभियान एवं अपराध व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आगजनी के मामले में वांछित राहुल पुत्र देवता दीन निवासी ग्राम पूरे भूपसिंह मजरे छीछा थाना मोहनगंज उम्र तीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## मोबाइल छीनकर भाग रहे तीन बाइक सवार युवक गिरफ्तार

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** थाना इन्हौना पुलिस ने पूरे दुल्हिन मजरे आजादपुर के पास से मोबाइल छीनकर भागने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से छीना गया एक मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार कुलदीप पुत्र सुखराज निवासी बाबा गोसाई का मठ थाना शिवरतनगंज,शिवा पुत्र देवतादीन निवासी पेण्डारा थाना शिवरतनगंज,अमन पुत्र राकेश कुमार निवासी खरुलागंज थाना शिवरतनगंज को गिरफ्तार किया गया मोटरसाइकिल स्पेलेन्डर प्लस संख्या यूपी 36 वाई 9815 के कागज मांगने पर दिखा नही सकें। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में कुलदीप के कब्जे से छीना गया मेटोरोला मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि उनतीस मार्च को वह तीनों लोगो ने उसी हीरो स्पेलेन्डर प्लस मोटर साइकिल नं0 यूपी 36 वाई 9815 से शाम को पूरे दुल्हिन मजरे आजादपुर के पास से एक लड़के का मोबाइल छीनकर भाग गये थे। इस सम्बंध में थाना इन्हौना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# प्राथमिक विद्यालय कोहना में वार्षिकोत्सव व परीक्षाफल वितरण, सेवानिवृत्त शिक्षिका को दी भावभीनी विदाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद के प्राथमिक विद्यालय कोहना में वार्षिकोत्सव एवं परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया कार्यक्रम में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, अधिक उपस्थिति वाले बच्चों तथा विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही कक्षा 5 के विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई विद्यालय में वर्ष 2019 से कार्यरत शिक्षिका श्रीमती नोशावा बेगम के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। उनके स्थान पर शिक्षिका शिल्पी मिश्रा ने कार्यभार ग्रहण किया और उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षिका को सम्मानित किया कार्यक्रम के अंत में शिल्पी मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे है।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण, मेधावी छात्रों का सम्मान

पूरनपुर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम सरल व गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, क्राइम इंस्पेक्टर अशोक कुमार, प्रबंधक हरिबल्लभ गुप्ता, अध्यक्ष बृजेश गुप्ता व प्रधानाचार्य संजय मिश्र सहित अन्य अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया परीक्षा परिणाम में प्राइमरी वर्ग में अनिरुद्ध शर्मा व आराध्या पांडेय, जूनियर वर्ग में तनिष्क सिंह और सीनियर वर्ग में कृति गंगवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसके अलावा अन्य कक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे विज्ञान मेला, खेलकूद, संस्कृत व रंगोली आदि में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार दिए गए साथ ही बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चित्रांक देव शर्मा, देवांश गुप्ता व कृतार्थ को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई अंत में प्रधानाचार्य संजय मिश्र ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का धन्यवाद किया

## खनन माफियों के हौसले बुलंद, प्रशासन बना मूकदर्शक—दिनदहाड़े चल रहा अवैध मिट्टी खनन

पूरनपुर। तहसील पूरनपुर के ट्रांस शारदा क्षेत्र हजारा के भरतपुर गांव में अवैध खनन का खेल खुलेआम जारी है यहां जेसीबी मशीनों की गड़गड़ाहट के बीच दिनदहाड़े मिट्टी का खनन किया जा रहा है,जबकि जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है स्थानीय लोगों के अनुसार, पुलिस की कथित मिलीभगत से भरतपुर गांव के किनारे से दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में मिट्टी निकालकर सिद्धनगर तक भेजी जा रही है यह पूरा काम बिना किसी वैध परमिशन के किया जा रहा है, जिससे राजस्व विभाग के नियमों की खुली अनदेखी हो रही है सबसे बड़ा सवाल यह है कि कृषि भूमि से आखिर किस आधार पर मिट्टी खनन की अनुमति दी गई क्षेत्र में लगातार चल रहे इस अवैध कारोबार से शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है

## स्मार्ट मीटरों से बढ़े बिजली बिलों पर हंगामा, उपभोक्ताओं में रोष—सुधार न हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कि नगर पंचायत बिलसंडा में बिजली विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर अब उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनते नजर आ रहे हैं पहले जहां इन मीटरों को फायदेमंद बताकर बड़े स्तर पर लगवाया गया, वहीं अब बिलिंग शुरू होते ही उपभोक्ताओं के बिल अचानक कई गुना बढ़कर आने लगे हैं बताया जा रहा है कि जिन उपभोक्ताओं का पहले मासिक बिल करीब 3 हजार रुपये तक आता था, अब उनका बिल 20 से 30 हजार रुपये तक पहुंच रहा है इतना ही नहीं, अधिक बिल जमा करने के बाद भी कई उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति समय से बहाल नहीं हो रही, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है इस मामले को लेकर राष्ट्रीय हनुमान दल पीलीभीत ने कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। संगठन ने मांग की है कि स्मार्ट मीटर की गलत रीडिंग को ठीक किया जाए, उपभोक्ताओं पर दबाव न बनाया जाए, शिकायतों का तुरंत समाधान हो और बढ़े हुए बिलों को सही किया जाए नगर में बढ़ती इस समस्या को लेकर उपभोक्ताओं में हाहाकार की स्थिति बनी हुई हैं।

# परिषदीय विद्यालय बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।विकास खंड मरौरी क्षेत्र में स्थित कंपोजिट विद्यालय चंदोई शासन आदेश के अनुसार वार्षिकोत्सव मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साजदा खातून के नेतृत्व वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया विधालय में बच्चों को वार्षिक परीक्षा के रिपोर्ट कार्ड भी वितरित गये और बच्चों को उपहार भी दिए गये साथ ही बच्चों को जलपान भी कराया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका साजदा खातून, ग्राम प्रधान रूबीना, असमत जहां, रंजना, उर्मिला, कृति सोनकर, रेनू यादव, आरती सक्सैना उपस्थित रहे हैं।

# प्राचीन घंटेश्वर मंदिर से घंटा चोरी, ग्रामीणों ने दी तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के इसौली में स्थित श्री घंटेश्वर मंदिर में बीती रविवार रात चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर मंदिर का घंटा खोलकर ले गए। सोमवार सुबह जब स्थानीय लोग मंदिर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मंदिर से जुड़े बद्री विशाल जी ने बताया कि जब वह सुबह पूजा के लिए पहुंचे तो मंदिर का ताला टूटा हुआ था और घंटा गायब मिला। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी क्षेत्र के दो अन्य मंदिरों में इसी तरह घंटा चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने पारा चौकी पर लिखित तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और चोरों की तलाश की जा रही है। पारा चौकी इंचार्ज रामराज ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव और विदाई समारोह

**पुरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बेसिक स्कूलो में शासन आदेश के अनुसार वार्षिकोत्सव मनाया गया इसी के अनुसार विकास खंड पूरनपुर के मैलानी जंगल के किनारे स्थित कम्पोजित विधालय गड़ा कला में कक्षा 8 पास बच्चों को विदाई दी गई और वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया विधालय में बच्चों को वार्षिक परीक्षा के रिपोर्ट कार्ड भी वितरित गये और बच्चों को उपहार भी दिए गये और बच्चों को जलपान भी कराया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए इस अवसर पर इंचार्ज मंजू रानी , हुकुम सिंह नोडल संकुल शिक्षक अध्यापक सोहन, ममता देवी शिक्षा मित्र, स्वाति एजुकेटर आदि उपस्थित रहे और सबने कक्षा 8 के बच्चों को कक्षा नौ में प्रवेश के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर नोडल संकुल शिक्षक ने बताया कि आज बच्चे जिनको हमने पिछले आठ साल से पढ़ाया था वे हमसे विदा हो रहे हैं ये गम की बात है और अग्रिम कक्षा मे जा रहे हैं ये खुशी की बात है सभी बच्चे अपने गुरूजनों की बात माने और सही मार्ग पर चलकर अपने माता-पिता और गुरुजनों का अपने विधालय का नाम रोशन करे और अच्छे नागरिक बने ऐसा आशीर्वाद देकर बच्चों को बिदा किया गया है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का गरिमामय आयोजन,विद्यार्थियों को वितरित हुए प्रमाण पत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित राजेंद्र प्रसाद कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी एंड मेडिकेयर हॉस्पिटल के चेयरमैन अमित मिश्रा जी रहे इस दौरान मुख्य अतिथि अमित मिश्रा जी ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की उन्होंने छात्रों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए निरंतर परिश्रम और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम के दौरान अमित मिश्रा जी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए ?25,000 की धनराशि भी प्रदान की, जिससे विद्यालय के विकास कार्यों को और गति मिलेगी इस अवसर पर आलोक गुप्ता, सत्यप्रकाश पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार अनूप शुक्ला, रामसरण मिश्र 'मयंक', समाजसेवी मनोज गुप्ता, प्रधानाचार्य नितिन दीक्षित तथा संगीता सिंगल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं,अभिभावक एवं शिक्षकगण मौजूद रहे पूरा आयोजन उत्साह और उमंग के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।

# काली माता के स्थान पर भव्य जागरण, मशहूर सिंगर दीपिका मिश्रा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा रैचा स्थित काली माता के स्थान पर भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विपिन पाण्डेय एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। जागरण का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद गोंडा की मशहूर भजन गायिका दीपिका मिश्रा ने अपने मधुर स्वर में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। ल्लजय काली माताङ्क के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। इस अवसर पर कार्यक्रम में भीमसेन पाण्डेय, जय प्रकाश पाण्डेय, सोनू पाण्डेय, आशुतोष मिश्र, कपिल देव पाण्डेय, नितिन मिश्र, अखिलेश पाण्डेय, रामकिशोर यादव, नकछेद यादव, राज प्रकाश तिवारी, राम कुमार पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पूरी रात चले इस जागरण कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

## एसपी ने कई निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

सुल्तानपुर। जिले में पुलिस विभाग में एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक चारु निगम द्वारा जारी आदेश के अनुसार कई निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। जारी सूची के अनुसार निरीक्षक राजेश कुमार सिंह को निरीक्षक अपराध थाना बल्दीराय से वाचक पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। निरीक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा को प्रभारी एसओजी से प्रभारी निरीक्षक थाना अखंडनगर की कमान सौंपी गई है। निरीक्षक नारद मुनि सिंह को बल्दीराय से दोस्तपुर तथा निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह को दोस्तपुर से मोतिगरपुर स्थानांतरित किया गया है। इसी क्रम में निरीक्षक अशोक कुमार सिंह को मोतिगरपुर से प्रभारी चुनाव सेल एवं एंटी भू-माफिया सेल भेजा गया है। निरीक्षक आशीष उपाध्याय को गोसाईंगंज से बल्दीराय, निरीक्षक श्याम सुंदर को कादीपुर से गोसाईंगंज, निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह को वाचक पुलिस अधीक्षक से कादीपुर तथा निरीक्षक विपिन कुमार वर्मा को कानून व्यवस्था सेल एवं जनसूचना से प्रभारी निरीक्षक थाना धम्मौर बनाया गया है।

## फायर स्टेशन की मांग, केंद्रीय मंत्री तक पहुंचा मामला

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के वार्ड संख्या 24 के सभासद अनुज कुमार ने केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद को पत्र भेजकर क्षेत्र में फायर स्टेशन स्थापित कराने की मांग की है पत्र में उन्होंने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश लोग खेती पर निर्भर हैं और गर्मी के मौसम में फसलों में आग लगने की घटनाओं का खतरा बना रहता है आग पर समय से नियंत्रण के लिए स्थानीय स्तर पर फायर स्टेशन का अभाव गंभीर समस्या बना हुआ है मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने पत्र का संज्ञान लिया और इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखकर पूरनपुर में फायर स्टेशन स्थापित कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है।

## पूर्व जिलाध्यक्ष पर भूमि हड़पने व धोखाधड़ी का आरोप, एसपी से कार्रवाई की मांग

**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम भिंडारा स्थित मिश्रा कॉलोनी निवासी करीब 60 वर्षीय नंद रानी देवी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर भूमि हड़पने, धोखाधड़ी और उत्पीड़न का आरोप लगाया है।पीड़िता के अनुसार उनकी 0.089 हेक्टेयर भूमि का सौदा वर्ष 2017 में 5.69 लाख रुपये में किया गया था, जिसमें 5 लाख रुपये का चेक दिया गया। आरोप है कि चेक का भुगतान कभी नहीं हुआ और बाद में बहाने बनाकर चेक वापस लेकर फाड़ दिया गया। जांच में खाते में पर्याप्त धनराशि न होने की बात भी सामने आई महिला का आरोप है कि विपक्षियों ने फर्जी हस्ताक्षर कर भुगतान की रसीदें तैयार कर लीं और न्यायालय को गुमराह करने का प्रयास किया विरोध करने पर उनके परिवार को धमकाया गया, मारपीट की गई और जमीन पर जबरन कब्जे की कोशिश की गई हाल ही में 25 मार्च 2026 को भी आरोपियों द्वारा प्लॉट पर मिट्टी डालकर कब्जा करने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस को सूचना देकर रुकवाया गया पीड़िता ने एसपी से मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने, हस्तलेख विशेषज्ञ से जांच कराने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सम्पादकीय

# युद्ध की हिंसा, उन्माद से त्रासदी झेलता आम आदमी

युद्ध का उन्माद मानव सभ्यता के इतिहास का सबसे त्रासद अध्याय रहा है, जहाँ शक्ति, प्रभुत्व और स्वार्थ की अंधी दौड़ में मनुष्य अपने ही अस्तित्व को दांव पर लगा देता है। जब राष्ट्रवाद की आग विवेक पर भारी पड़ती है, तब युद्ध केवल सीमाओं का संघर्ष नहीं रह जाता, वह मनुष्यता के मूल्यों का भी विध्वंस बन जाता है। युद्ध चाहे किसी भी काल में हुआ हो, उसका परिणाम सदैव एक-सा ही रहा है विनाश, पीड़ा और पश्चाताप। दो विश्व युद्धों की विभीषिका ने यह स्पष्ट कर दिया कि हिंसा से किसी भी समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है, बल्कि यह नई समस्याओं और घावों को जन्म देती है। युद्ध के मैदान में केवल सैनिक ही नहीं मरते, बल्कि उनके साथ असंख्य निर्दोष नागरिक भी अपनी जान गंवाते हैं, जिनका उस संघर्ष से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता। उनके सपने, उनकी आशाएँ और उनका भविष्य सब कुछ एक पल में राख हो जाता है। जब कोई माँ अपने बेटे को खोती है, जब कोई बच्चा अपने पिता की लाश देखता है, तब राष्ट्र की जीत का कोई अर्थ नहीं रह जाता, केवल एक गहरी शून्यता और असहनीय पीड़ा शेष रह जाती है। यही वह क्षण होता है जब मनुष्य को आत्मज्ञान का बोध होता है कि उसने क्या खो दिया और किस कीमत पर। युद्ध का वास्तविक चेहरा तब सामने आता है जब शहरों के खंडहर, जली हुई फसलें, उजड़े हुए घर और रोते हुए लोग उसकी गवाही देते हैं। आधुनिक समय में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है, चाहे वह रूस-यूक्रेन का संघर्ष हो, इजरायल-फिलिस्तीन का विवाद हो या अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव हर जगह एक समान पीड़ा और विनाश का दृश्य देखने को मिलता है। इन संघर्षों में सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों के निर्णयों का भार आम नागरिकों को उठाना पड़ता है, जो अपनी जान देकर उन महत्वाकांक्षाओं को पूरा करते हैं जिनसे उनका कोई लेना-देना नहीं होता। युद्ध केवल मानव जीवन को ही नहीं, बल्कि आर्थिक व्यवस्था को भी गहरे संकट में डाल देता है। उद्योग धंधे ठप हो जाते हैं, महंगाई आसमान छूने लगती है, बेरोजगारी बढ़ती है और विकास की गति रुक जाती है। एक देश को वर्षों पीछे धकेल देने वाला यह विनाश केवल भौतिक नहीं होता, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी गहरा असर छोड़ता है। युद्ध के बाद बचता है तो केवल एक टूटा हुआ समाज, जिसमें अविश्वास, भय और असुरक्षा की भावना घर कर जाती है। यही कारण है कि इतिहास हमें बार-बार यह सिखाने का प्रयास करता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि यह समस्याओं को और जटिल बना देता है। आत्मज्ञानी व्यक्ति और संवेदनशील समाज इस सत्य को समझते हैं कि शांति ही वह मार्ग है जो मानवता को आगे बढ़ा सकता है। युद्ध के बाद जब धूल बैठती है और लोग अपने खोए हुए प्रियजनों की याद में रोते हैं, तब उन्हें यह अहसास होता है कि उन्होंने क्या खोया है और क्या पाया है। उस समय कोई भी जीत सार्थक नहीं लगती, क्योंकि जीत की कीमत बहुत अधिक होती है। युद्ध की राख से उठने वाली यह चेतना ही आत्मज्ञान का वास्तविक रूप है, जो हमें यह समझाती है कि हिंसा और घृणा के मार्ग पर चलकर हम केवल विनाश ही प्राप्त कर सकते हैं। यदि मानवता को बचाना है, तो हमें संवाद, सहिष्णुता और प्रेम का मार्ग अपनाना होगा। युद्ध का उन्माद क्षणिक हो सकता है, लेकिन उसके परिणाम पीढ़ियों तक महसूस किए जाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम इतिहास से सीख लें और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शांति का मार्ग चुनें, क्योंकि अंततः वही मार्ग हमें सच्चे अर्थों में मानव बनाता है।

# हिंसा से व्याकुल दुनिया को महावीर का मार्गदर्शन

**महावीर जयंती पर विशेष**

'अहिंसा परमो धर्मः' का उद्घोष करने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन केवल एक धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है बल्कि यह सम्पूर्ण मानवता के लिए शाश्वत मार्गदर्शक सिद्धांतों का स्रोत है। आज का युग विज्ञान, तकनीक और भौतिक उपलब्धियों के शिखर पर अवश्य पहुंच गया है लेकिन इसके साथ ही मानवता नैतिक, मानसिक और पर्यावरणीय संकटों से भी जूझ रही है। ऐसे समय में भगवान महावीर के उपदेश और अमृतवाणी पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठती है। आधुनिक जीवन की आपाधापी में मनुष्य अपने स्वार्थ, लोभ और अहंकार के वशीभूत होकर ऐसे निर्णय लेने लगा है, जो न केवल उसके अपने जीवन को प्रभावित करते हैं बल्कि समाज और प्रकृति के संतुलन को भी बिगाड़ देते हैं। हिंसा आज केवल शारीरिक रूप तक सीमित नहीं रही बल्कि विचारों, शब्दों और व्यवहार में भी व्याप्त हो चुकी है। प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में व्यक्ति संवेदनहीन होता जा रहा है। ऐसे परिदृश्य में महावीर स्वामी का अहिंसा दर्शन मानवता को करुणा, सहिष्णुता और आत्मसंयम की ओर लौटने का आह्वान करता है। भगवान महावीर का दर्शन इस मूल विचार पर आधारित है कि संसार का प्रत्येक जीव समान है और सभी में आत्मा का वास है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी जीव को पीड़ा देना स्वयं अपने अस्तित्व को आहत करना है। आज जब पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के विनाश जैसी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं, तब महावीर का यह सिद्धांत अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि भी चेतन तत्व हैं और उनके प्रति भी संवेदनशीलता आवश्यक है। महावीर स्वामी ने केवल उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि संयम, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की अशुद्धियों को दूर कर सकता है। उन्होंने कर्म के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के लिए स्वयं उत्तरदायी है। कर्म ही जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं और उसी के अनुसार जीव विभिन्न योनियों में भ्रमण करता है। यह विचार आज के समय में व्यक्ति को अपने आचरण के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है। उनकी अमृतवाणी में जीवन के हर पहलू के लिए मार्गदर्शन निहित है। वे कहते हैं कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, इसलिए 'जीओ और जीने दो' का सिद्धांत अपनाना चाहिए। यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और शांति का आधार है। यदि समाज में हर व्यक्ति इस सिद्धांत को आत्मसात कर ले तो हिंसा, द्वेष और संघर्ष स्वतः समाप्त हो सकते हैं। महावीर स्वामी ने यह भी कहा कि अहिंसा से बड़ा कोई व्रत नहीं है। आज जब युद्ध, आतंकवाद और सामाजिक हिंसा विश्व के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त हैं, तब यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति स्वयं हिंसा करता है, दूसरों से करवाता है या हिंसा का समर्थन करता है, वह अपने लिए शत्रुता और दुःख का बीज बोता है। यह विचार आधुनिक समाज में नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करता है। उनका धर्म केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं था बल्कि आंतरिक शुद्धता पर आधारित था। उन्होंने कहा कि धर्म का स्थान आत्मा की पवित्रता में है, बाहरी आडंबर उसमें सहायक तो हो सकते हैं परंतु अनिवार्य नहीं। यह विचार आज के समय में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जब धर्म का स्वरूप कई बार बाहरी प्रदर्शन तक सीमित हो जाता है। महावीर का संदेश हमें सच्चे धर्म की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है, जहां आत्मा की शुद्धता और आचरण की पवित्रता ही सर्वोपरि है। महावीर स्वामी ने मानव मन के चार प्रमुख दोषों (क्रोध, मान, माया और लोभ) को जीवन के पतन का कारण बताया। उन्होंने कहा कि क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार ज्ञान को, छल मित्रता को और लोभ

भगवान महावीर का दर्शन इस मूल विचार पर आधारित है कि संसार का प्रत्येक जीव समान है और सभी में आत्मा का वास है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी जीव को पीड़ा देना स्वयं अपने अस्तित्व को आहत करना है। आज जब पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के विनाश जैसी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं, तब महावीर का यह सिद्धांत अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि भी चेतन तत्व हैं और उनके प्रति भी संवेदनशीलता आवश्यक है। महावीर स्वामी ने केवल उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि संयम, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की अशुद्धियों को दूर कर सकता है। उन्होंने कर्म के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के लिए स्वयं उत्तरदायी है। कर्म ही जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं और उसी के अनुसार जीव विभिन्न योनियों में भ्रमण करता है। यह विचार आज के समय में व्यक्ति को अपने आचरण के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है। उनकी अमृतवाणी में जीवन के हर पहलू के लिए मार्गदर्शन निहित है। वे कहते हैं कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, इसलिए 'जीओ और जीने दो' का सिद्धांत अपनाना चाहिए। यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और शांति का आधार है। यदि समाज में हर व्यक्ति इस सिद्धांत को आत्मसात कर ले तो हिंसा, द्वेष और संघर्ष स्वतः समाप्त हो सकते हैं। महावीर स्वामी ने यह भी कहा कि अहिंसा से बड़ा कोई व्रत नहीं है। आज जब युद्ध, आतंकवाद और सामाजिक हिंसा विश्व के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त हैं, तब यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति स्वयं हिंसा करता है, दूसरों से करवाता है या हिंसा का समर्थन करता है, वह अपने लिए शत्रुता और दुःख का बीज बोता है। यह विचार आधुनिक समाज में नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करता है। उनका धर्म केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं था बल्कि आंतरिक शुद्धता पर आधारित था। उन्होंने कहा कि धर्म का स्थान आत्मा की पवित्रता में है, बाहरी आडंबर उसमें सहायक तो हो सकते हैं परंतु अनिवार्य नहीं।

सभी गुणों को समाप्त कर देता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में यह शिक्षाएं अत्यंत उपयोगी हैं। यदि व्यक्ति इन दोषों पर नियंत्रण कर ले तो उसका जीवन संतुलित और सुखमय बन सकता है। उनकी वाणी में सामाजिक समानता का भी स्पष्ट संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यह विचार सामाजिक न्याय और समानता की भावना को मजबूत करता है। आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों के संदर्भ में भी यह सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक है। महावीर स्वामी ने सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा कि रोगियों और पीड़ितों की सेवा करना प्रभु की सेवा से भी बढ़कर है। आज जब समाज में संवेदनहीनता बढ़ती जा रही है, तब यह संदेश मानवता को पुनः जागृत करने का कार्य करता है। कोरोना महामारी जैसे संकटों के दौरान हमने देखा कि सेवा और सहानुभूति ही समाज को संभालने का सबसे बड़ा आधार बनी। उनकी शिक्षाओं में स्त्री-पुरुष समानता का भी उल्लेख मिलता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुक्ति पाने का अधिकार सभी को समान रूप से है। यह विचार आज के समय में लैंगिक समानता के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। महावीर स्वामी का दर्शन हमें यह भी सिखाता है कि धैर्य और सहनशीलता के बिना अहिंसा का पालन संभव नहीं है। जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में अपना धैर्य खो देता है, वह सच्चे अर्थों में अहिंसक नहीं हो सकता। यह शिक्षा आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उनकी अमृतवाणी का सार यह है कि मन, वचन और कर्म से किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचाया जाए। यही सच्चा धर्म है और यही जीवन की सर्वोच्च साधना है। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मा अमर है, शरीर नश्वर है और जीवन का अंतिम लक्ष्य आत्मा की मुक्ति है। यह विचार व्यक्ति को आध्यात्मिक दृष्टि प्रदान करता है और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने में सहायता करता है। आज के समय में, जब मानवता अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह नैतिक पतन हो, पर्यावरणीय संकट हो या मानसिक अशांति, भगवान महावीर की शिक्षाएं एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करती हैं। उनका दर्शन न केवल व्यक्तिगत जीवन को सुधारने का मार्ग दिखाता है बल्कि समाज और विश्व में शांति, सद्भाव और संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा भी देता है। महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन और आत्मसुधार का अवसर है। यह हमें अपने भीतर झांकने और यह विचार करने का अवसर देती है कि क्या हम वास्तव में अहिंसा, सत्य, संयम और करुणा के मार्ग पर चल रहे हैं। यदि हम भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सार्थक होगा बल्कि समाज और विश्व भी अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकेगा। अतः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भगवान महावीर की अमृतवाणी सदैव प्रासंगिक रहेगी। यह मानवता के लिए एक ऐसी अमूल्य धरोहर है, जो समय, परिस्थिति और युग की सीमाओं से परे जाकर हर युग में मार्गदर्शन करती रहेगी। **–योगेश कुमार गोयल**

# साहित्य के सम्मानःलेखनी से ज्यादा लॉबिंग महत्वपूर्ण

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

सोशल मीडिया के इस दौर में स्थिति यह है कि लेखक बाद में पैदा होता है, सम्मानों की 'फ़ेहरिस्त' पहले तैयार हो जाती है। हर दूसरा व्यक्ति किसी न किसी 'अकादमी' या 'फाउंडेशन' का अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष है और एक दूसरे को 'शताब्दी रत्न' घोषित कर चुका है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या ये चमचमाती ट्राफियां और शॉल, रचना की साहित्यिक गुणवत्ता की गारंटी हैं? साहित्यिक गुणवत्ता किसी प्रयोगशाला में मापी जाने वाली वस्तु नहीं है, बल्कि यह समय की कसौटी पर कसी जाने वाली निरंतरता तथा लेखन की पाठकीय पसंद एवं उसकी उपयोगिता है। लेकिन वर्तमान समय में 'साहित्यिक गुणवत्ता' और 'पुरस्कार' के बीच का संबंध कुछ वैसा ही हो गया है जैसा राजनीति और नैतिकता का होता है, दोनों साथ दिखते जरूर हैं, पर होते बहुत दूर हैं। आज लेखक की लेखनी से ज्यादा उसकी 'लॉबिंग' महत्वपूर्ण हो गई है। गुणवत्ता घर की खिड़की से झांकती रह जाती है और 'जुगाड़' दरवाजे से अंदर आकर मुख्य अतिथि की कुर्सी संभाल लेता है। ऐसा हर छोटे बड़े पुरस्कार तथा सम्मान में देखने मिल रहा है। सम्मान मिलते ही लेखक को लगने लगता है कि वह अब आलोचना से ऊपर है। यही आत्म-मुग्धता गुणवत्ता के क्षरण का सबसे बड़ा कारण बनती है। इतिहास गवाह है कि प्रेमचंद को जीते-जी कोई बड़ा सरकारी सम्मान नहीं मिला, पर आज उनके बिना साहित्य अधूरा है। दूसरी ओर, ऐसे

> साहित्यिक गुणवत्ता किसी प्रयोगशाला में मापी जाने वाली वस्तु नहीं है, बल्कि यह समय की कसौटी पर कसी जाने वाली निरंतरता तथा लेखन की पाठकीय पसंद , एवं उसकी उपयोगिता है। लेकिन वर्तमान समय में 'साहित्यिक गुणवत्ता' और 'पुरस्कार' के बीच का संबंध कुछ वैसा ही हो गया है जैसा राजनीति और नैतिकता का होता है, दोनों साथ दिखते जरूर हैं, पर होते बहुत दूर हैं।

सैंकड़ों 'पुरस्कार प्राप्त' लेखक हैं जिनकी किताबें आज कबाड़ के भाव भी कोई नहीं पढ़ना चाहता। साहित्यिक गुणवत्ता का अंतर्संबंध पुरस्कारों से केवल तब ही सार्थक है, जब पुरस्कार 'सृजन' का परिणाम हो, न कि 'अभियान' का। जब किसी योग्य रचना को सम्मानित किया जाता है, तो सम्मान की गरिमा बढ़ती है, रचना की नहीं। ऐसे पुरस्कार में विवाद नहीं होते । रचना तो अपनी गुणवत्ता के कारण पहले ही कालजयी हो चुकी होती है। समकालीन विडंबना इसके विपरीत इसलिए है, क्योंकि गुण धर्मियों की उपेक्षा कर लॉबी जनित राजनैतिक प्रभाव से पुरस्कार तय हो रहे हैं। आज के दौर में 'सम्मान वापसी' से लेकर 'सम्मान पाने की होड़' तक, साहित्य का बाजारवाद हावी है। गुणवत्ता कहीं हाशिए पर खड़ी इस बात का इंतज़ार कर रही है कि काश कोई पाठक बिना किसी 'प्रशस्ति पत्र' को देखे किताब के पन्ने पलटे। 'सच तो यह है कि असली पुरस्कार पाठक की वह आँखें हैं, जो आधी रात को आपकी किताब पढ़ते हुए नम हो जाती हैं। बाकी सब तो ड्राइंग रूम की धूल झाड़ने वाली निर्जीव वस्तुएं हैं।' पुरस्कार और गुणवत्ता का अंतर्संबंध तब तक ही पवित्र है जब तक चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और रचना में ईमानदारी है। यदि पुरस्कार केवल 'रेवड़ियां' बनकर बंटेंगे, तो वे गुणवत्ता को निखारने के बजाय उसे दफन करने का काम करेंगे। साहित्य को पदकों की नहीं, बल्कि उस 'दृष्टि' की जरूरत है जो समाज के अंधेरों को चीर सके।

## सेहत मंत्र

# रोजाना जरूर खाएं एक आँवला मिलेंगे गजब के फायदे


आंवले का मुरब्बा, अचार और चटनी अमूमन हर घर में बनाया जाता है। आंवला कई औषधीय गुणों की खान है और यही वजह है कि हमारी दादी-नानी हमें बचपन से किसी न किसी रूप में आंवला खिलाती आई हैं। आंवले में विटामिन सी, आयरन, कैल्शियम और फास्फोरस जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आंवला हमारी सेहत के साथ-साथ हमारी त्वचा और बालों के लिए भी टॉनिक का काम करता है। नियमित रूप से आंवले का सेवन करने से कई बीमारियों से बचाव होता है और हमारी त्वचा और बाल भी हेल्दी रहते हैं। डायबिटीज के मरीजों के लिए भी आंवला बहुत फायदेमंद माना जाता है। आंवले में क्रोमियम नामक तत्व मौजूद होता है जो ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। आंवले में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो शरीर में जमा हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इससे चेहरे पर मुहांसों की समस्या दूर होती है और चेहरे पर प्राकृतिक निखार आता है। जिन लोगों को पेट की परेशानी होती है उनके लिए आंवला रामबाण की तरह काम करता है। आंवले में मौजूद फाइबर पाचन शक्ति को मजबूत बनाता है, जिससे पाचन संबंधी परेशानियों से छुटकारा मिलता है। रोजाना एक आंवले के सेवन से कब्ज, गैस और अपच जैसी पेट की बीमारियां दूर होती हैं। आंवला हमारे बालों के लिए भी टॉनिक की तरह काम करता है। आंवले के सेवन से बाल मजबूत और घने बनते हैं। आंवले के नियमित इस्तेमाल से बालों में रूसी से लेकर बाल झड़ने तक की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। आंवले के सेवन से शरीर की इम्युनिटी मजबूत होती है। आंवला विटामिन सी का काफी अच्छा स्त्रोत है। रोजाना एक आंवले का सेवन करने से सर्दी-खांसी में राहत मिलती है और मौसमी बीमारियों से बचाव होता है।

## धर्म मंत्र

# शनिवार को करें पीपल के पेड़ की पूजा, दूर होगा हर कष्ट

ज्योतिषशास्त्रों के अनुसार शनिदेव को न्याय का देवता मन जाता है। शास्त्रों के मुताबिक शनिदेव व्यक्ति को उसके कर्मों के हिसाब से फल देते हैं। यदि किसी की कुंडली में शनि की प्रतिकूल दृष्टि पड़ रही हो तो व्यक्ति को जीवन में बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्योतिषशास्त्र में शनि के दोष को कम करने के लिए बहुत से उपाय बताए गए हैं। ज्योतिशास्त्र के अनुसार पीपल के पेड़ के उपाय करने से शनि दोष समाप्त होता है। हिन्दू धर्म में पीपल के पेड़ का विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार पीपल के पेड़ में त्रिदेव का वास होता है। पीपल के पेड़ की पूजा करने से जीवन की परेशानियां हल होती हैं। आज के इस लेख में हम आपको पीपल के पेड़ के कुछ ऐसे अचूक उपाय बताएंगे जिनसे शनि दोष दूर होगा और जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहेगी शनिवार के दिन पीपल के पेड़ को दोनों हाथों से स्पर्श करके सात परिक्रमा करें। परिक्रमा करते समय ''? शं शनैश्चराय नमः'' का जप करें। ऐसा करने से शनि की साढ़ेसाती और शनि की ढैय्या या अन्य दोष समाप्त होते हैं। शनिदेव को नियमित रूप से स्पर्श करने से जीवन की सभी परेशानियां दूर होती हैं और घर में लक्ष्मी का वास होता है। अगर आपके कार्य बनते-बनते बिगड़ जाते हों और या किसी काम में अड़चन आ रही हो तो पीपल के पेड़ के नीच बैठकर हनुमान चालीसा का पथ करें। ऐसा करने से संकटमोचन की कृपा से आपके जीवन में सभी बढ़ाएं दूर होंगी।

## पर्यटन



# बर्लिनः अतीत में लिपटा एक आधुनिक शहर

बर्लिन के टेगेल हवाई अड्डे पर विमान के उतरने भर की देर थी कि कुछ ही देर में एयरोब्रिज उसके सीने से आ जुड़ा और चंद मिनटों में ही हम भी बाहर थे। मगर बाहर तो एयरोब्रिज से निकले थे। अब हैरानगी इसे लेकर थी कि मुश्किल से तीस मीटर चलने के बाद ही हम हवाईअड्डे से भी बाहर पहुंच चुके थे! इससे पहले कि कुछ समझ में आता, हमारी टैक्सी भी सामने थी। मुस्तफा ने मेरे हाथ से लगेज लिया, डिक्की में लादा और हमारी मंजिल की तरफ लेकर चल पड़ा। करीब डेढ़ सौ किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ती मर्सिडीज की सवारी करते हुए हमारा दिमाग इसी सवाल से गुत्थमगुत्था था कि दुनिया के आधुनिकतम कहलाने वाले शहरों में शुमार बर्लिन का एयरपोर्ट इतना छुटका कैसे हो सकता है? मुस्तफा ने इस राज पर से पर्दा उठाते हुए बताया कि टेगेल की बनावट षट्कोणीय है, जिसकी वजह से कई बार विमान और सड़क की दूरी मामूली ही बचती है। सुविधा के मामले में इसका कोई तोड़ नहीं हो सकता। यह तो पहली ही शाम थी, अभी हमें ऐसे ही और भी कई आश्चर्यों से रूबरू होना था। बर्लिन के क्रिसमस बाजारों से मिलने इस तरफ चले आए थे। सुना था कि यूरोप में क्रिसमस की धड़कनें देखनी हों, तो जर्मनी एक बार जरूर आना चाहिए। पॉल-रॉबेसन स्ट्राबे पर हमारा एयरबीएनबी बुक था और यहां तक पहुंचने में करीब 20 मिनट लगे। हवाईअड्डे से चले थे, तो आसमान पर बादलों के साए जमा थे। जब यहां पहुंचे तो बूंदाबांदी शुरू हो चुकी थी। एक तो रात का वक्त, अनजाना शहर और उस पर बारिश के उन छींटों में भीगते हुए सामने इंडियन रेस्टोरेंट से अपने अड्डे की चाबी भी लेनी थी। इस बीच, मुस्तफा को हम विदा कर चुके थे। चौथी मंजिल पर हमारा अपार्टमेंट था, जिस तक पहुंचने की लिफ्ट का वजूद हमें कहीं नहीं दिखाई दिया। थकान खास नहीं थी और यूरोप में घुमक्कड़ी की आदतों के चलते लगेज भी ज्यादा नहीं था, तो भी सीढ़ियों पर सांस फुलाते हुए चढ़ना अखरा था। बहरहाल, अपना घर देखकर मन झूम उठा। दो बेडरूम, एक बड़ा-सा लिविंग रूम, किचन, बॉलकनी और इन सबको आपस में जोड़ने वाला गलियारा मस्त था।

## कॉमन सर्विस सेंटर जनता को समर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। विकास खंड सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम बरौलिया में एक कॉमन सर्विस सेंटर का लोकार्पण किया गया। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत 1.40 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस केंद्र का जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में, जबकि रामनगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी विशिष्ट अतिथि ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भवन का उद्घाटन किया।यह कॉमन सर्विस सेंटर ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाओं और डिजिटल सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करेगा। पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि यह केंद्र पारिजात वृक्ष तीर्थ स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से लाभदायक होगा। उन्होंने बताया कि इस केंद्र का निर्माण उनकी मांग पर किया गया है।श्री अवस्थी ने मुख्यमंत्री की मंशा का भी उल्लेख किया, जिसमें पारिजात के बेहतर विकास और सुरक्षा पर जोर दिया गया है। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था सहित कई अन्य सुविधाओं को ब्लॉक और ग्राम पंचायत के माध्यम से दुरुस्त कराने की बात कही।उन्होंने यह भी बताया कि इस केंद्र में शादी-विवाह, मुंडन और जन्मदिन पार्टियों जैसे सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकेंगे, जिससे ग्रामीणों को दूर नहीं जाना पड़ेगा। श्री अवस्थी ने पूर्व प्रधान राम प्रसाद वर्मा को धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस केंद्र के लिए जमीन दान की थी।केंद्र का निर्माण उत्तर प्रदेश वक्फ विकास निगम लिमिटेड, लखनऊ द्वारा किया गया है। इस कॉमन सर्विस सेंटर का शिलान्यास मंगलवार, 13 जुलाई 2021 को किया गया था। तत्कालीन सांसद उपेंद्र सिंह रावत और रामनगर विधानसभा क्षेत्र के तत्कालीन विधायक श्री शरद कुमार अवस्थी ने इसका शिलान्यास किया था।इस कार्यक्रम में एसडीएम अनिल कुमार सरोज, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, मंडल महामंत्री अमित भैया राम जी, प्रहलाद कुमार विमल, दयाशंकर शुक्ल, रविंद्र अवस्थी और बार एसोसिएशन सिरौली गौसपुर के अध्यक्ष काशी प्रसाद द्विवेदी कार्यक्रम की व्यवस्थापक वीरेंद्र तिवारी और राहुल तिवारी मौजूद रहे।

## साकेंद्र ने किया प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। ग्राम प्रधान एवं स्थानीय प्राधिकरण निकाय के सदस्यों का ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सोमवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय घुंघटेर में खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत निपुण विद्यालय सम्मान समारोह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण तथा निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह भी आयोजित हुआ। विधायक ने फीता काटकर विद्यालय में स्थापित आईसीटी लैब का उद्घाटन किया, जिसमें 12 कंप्यूटर लगाए गए हैं। इससे बच्चों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने ळ्ऑपरेशन सिंदूरङ्क पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसे देखकर उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्राथमिक विद्यालय अपनी पहचान के लिए संघर्ष करते थे, लेकिन वर्तमान सरकार के प्रयासों से विद्यालयों का कायाकल्प हुआ है। उन्होंने कहा कि पीएम श्री विद्यालय के रूप में चयनित होने पर विद्यालय को एक लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई है, जिससे शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। विधायक ने कहा कि नवोदय विद्यालय में चयन अपने आप में बड़ी उपलब्धि है और जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त करना और भी गौरव की बात है। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कंपोजिट विद्यालय बजगहनी के छात्र राजवीर पुत्र मयाराम को प्रशस्ति पत्र एवं बुक सेल्फ देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय बेहटा की छात्रा लक्ष्मी को जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छः प्रवेश परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाने पर साइकिल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।-छात्राओं एवं उनके शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर, विशाल सिंह, प्रदीप रावत, सत्येंद्र सिंह, शिव शंकर सिंह,संदीप वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### विवाहिता की दिल्ली में मौत,बाराबंकी में पीएम

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बदोसराय थाना क्षेत्र के खलसापुर गांव की 19 वर्षीय नवविवाहिता सलोनी धीमान की दिल्ली में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार को उसका शव गांव पहुंचा। मायके वालों ने पति अक्षय डोम पर हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम की मांग की थी।सोमवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नवविवाहिता का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने गांव में किसी भी तनाव या विवाद की स्थिति को रोकने के लिए यह कदम उठाया।जानकारी के अनुसार, सलोनी ने लगभग एक वर्ष पहले अपने गांव के ही अक्षय डोम से प्रेम विवाह किया था। परिजनों के विरोध के कारण दोनों ने कोर्ट मैरिज की और दिल्ली चले गए, जहां वे मजदूरी करते थे। शनिवार को दिल्ली में ही सलोनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी।रविवार देर शाम एम्बुलेंस से सलोनी का शव खलसापुर गांव लाया गया। मृतका के पति अक्षय डोम ने बताया कि सलोनी पिछले कई महीनों से बीमार चल रही थी और उसका इलाज भी कराया जा रहा था।सूचना मिलने पर बदोसराय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सोमवार को पोस्टमार्टम होने के बाद शव गांव पहुंचा, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया।कोतवाली बदोसराय के प्रभारी अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि अंतिम संस्कार के दौरान दोनों पक्षों के लोग मौजूद थे।

### बीईओ ने मेधावियों को पहनाया मेडल

**बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड बनीकोडर क्षेत्र कंपोजिट विद्यालय मेड़ुवा में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह हुआ।बीईओ संजय कुमार राय और ग्राम प्रधान अजय सिंह ने मेधावी छात्रों को मेडल,मार्कशीट और उपहार देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान ने कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए विद्यालय में प्रवेश लेने की अपील की और कहा कि जिनके अभिभावक किसी कारण से प्रवेश नहीं करा पा रहे,वे उनका प्रवेश स्वयं कराएंगे।इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरविंद कुमार,शिव कुमार यादव,जगमोहन, नानक शरण,मान बहादुर सिंह,शशि वर्मा संतोष सिंह तथा समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### सूखी लकड़ी तोड़ रहे ग्रामीणों से मांगा सुविधा शुल्क, हुई पिटाई

**तिलोकपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रसोई गैस संकट से आमजन त्रस्त है । गैस की उपलब्धता सुनिश्चित न होने से आमजन ने कोयला भट्टी और चूल्हे का सहारा लिया है। फतेहपुर तहसील क्षेत्र में पेड़ से लकड़ी तोड़ रहा एक युवक नीचे गिरा और उसमें उसकी असमय मौत हुई। कहते हैं जिससे जितना सुविधा होती है कभी उतनी ही उससे असुविधा भी होती है। आमजन की पहुंच से लकड़ी भी दूर हुई है। अब लोगों ने बैगन की ओर रुख किया है सड़क किनारे लगे सूखे पेड़ भी ढूंढे जा रहे हैं। इन परिस्थितियों में तथाकथित पत्रकार भी आपदा में अवसर तलाश में से नहीं चूक रहे। वह क्या है तहसील रामनगर क्षेत्र के तेलियानी गांव का। गांव के कुछ गरीब टपके के लोग सूखे पेड़ से लकड़ियां काट रहे थे। तभी घुमंतू एक तथाकथित पत्रकार वहां पहुंच गए। ग्रामीणों ने उनसे तमाम मिन्नतें की लेकिन वह नहीं माने और वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पत्रकार जी कुछ धन की मांग कर रहे थे। जब लोगों ने असमर्थता जताई तो उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को फोन लगा दिया।

तभी गांव के कुछ संभ्रांत लोग आ गए। उन्होंने भी ग्रामीणों की परेशानी से उन्हें अवगत कराया की कोई व्यवसाय नहीं कर रहे हैं लकड़ी तोड़ रहे हैं खाना बनाएंगे खाएंगे। पत्रकार जी उनसे भी उलझ गए। फिर क्या था लकड़ी तोड़ने वाले ग्रामीण ने उन्हें जमकर धुना। बताते हैं कि पत्रकार जी की आम सूरत पहले से ही अच्छी नहीं रही। अखबार से उन्हें तड़ीपार किया जा चुका है। पंरतुगाही की लत उनकी नहीं छूटी। परिणाम आज सामने है।

## प्रतिमा ने बढ़ाया टुटरुका मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के शेषपुर टूटरु गांव की प्रतिमा सिंह ने यूपीपीसीएस परीक्षा में नायब तहसीलदार का पद प्राप्त किया है। रविवार रात घोषित हुए परिणामों में उन्हें 54वीं रैंक मिली है।प्रतिमा सिंह ने अपने पिता राकेश सिंह को अपने चयन की सूचना दी। यह खबर क्षेत्र में फैलते ही लोगों ने उनके घर पहुंचकर बधाई और शुभकामनाएं दीं।प्रतिमा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अशर्फीलाल जनता मोंटेसरी स्कूल बदोसराय से पूरी की। इसके बाद उन्होंने महारानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल इंटर कॉलेज बाराबंकी से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। स्नातक और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए वह दिल्ली चली गईं।वर्तमान में, प्रतिमा लखनऊ में रहकर मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। उनके माता-पिता गांव में रहते हैं। पिता राकेश सिंह एक किसान हैं, जबकि मां मंजू सिंह गृहिणी हैं। राकेश सिंह के पांच बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटियां और दो बेटे शामिल हैं। प्रतिमा सिंह तीसरे नंबर पर हैं। उनका बड़ा बेटा और एक बेटी निजी क्षेत्र में कार्यरत हैं। राकेश सिंह ने बताया कि वे खेती करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं और बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देते हैं।सोमवार को पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, भाजपा नेता पहलाद कुमार विमल, जयशंकर पांडे, अंकित गुप्ता और पिंटू कन्नौजिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति राकेश सिंह को प्रतिमा सिंह के चयन पर उन्हें बधाई दी।

## महावीर जयंती पर निकली शोभायात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के कस्बा गणेशपुर में महावीर जयंती पर जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई।कार्यक्रम की शुरुआत जैन मंदिर में भगवान महावीर जी की पूजा अर्चना से हुई फिर सजे हुए रथ पर उनकी स्वर्ण प्रतिमा स्थापित कर गाजे बाजे सहित शोभायात्रा निकाली गई।यात्रा के दौरान क्षेत्र में प्रसाद व शीतल पेय वितरण भी किया गया।इस शोभायात्रा में जैन समाज के लोग सपरिवार नंगे पांव शामिल हुए नाचते गाते जयकारे लगाते भक्तों ने कस्बे को भक्तिमय कर दिया।वहीं सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा।

## मेधावियों को मिला सम्मान खुशी से झूमे बच्चे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। तहसील के अमोलीकलां स्थित श्री बालाजी चिल्ड्रेन एकेडमी में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक आलोक शुक्ला एवं प्रबंध समिति के पदाधिकारी चंद्रकांत मिश्रा व अमित मिश्रा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट सफलता के लिए सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापिका अनीता शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अभिभावकगण एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज परीक्षा परिणाम, मेधावी सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी।स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि अवधेश कुमार मिश्रा व विद्यालय प्रबंध समिति प्रबंधक लालबहादुर वर्मा, कोषाध्यक्ष विजय जैन द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन के साथ हुआ।

विद्यालय प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार वर्मा ने अतिथियों का अंगवस्त्र व प्रतीकचिन्ह देकर स्वागत किया तथा कार्यक्रम की प्रास्ताविकी प्रस्तुत की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु निरंतरता, निष्ठा और लगन अनिवार्य हैं।सेवाभाव और कर्तव्यपरायणता व्यक्ति को श्रेष्ठता की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान भी किया।इस मौके पर वरिष्ठ आचार्य राधेश्याम वर्मा, कार्यालयप्रमुख प्रवेश श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई तथा उनके उज्ज्वल एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

जूनियरवर्ग में कक्षा 8उ की खुशबू वर्मा कोळ्सरस्वती श्रीङ्क तथा कक्षा 8ए के शिवम कुमार को ळ्सरस्वती रत्नङ्क से अलंकृत किया गया। माध्यमिक वर्ग में शुभी वर्मा को ळ्सरस्वती ज्योतिङ्क एवं रत्नेश प्रकाश श्रीवास्तव को ळ्सरस्वती भूषणङ्क की उपाधि प्रदान की गई। अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष सम्मान दिया गया। जूनियर वर्ग में शिवम कुमार (8इ) को ळ्संस्कृति गौरवङ्क तथा अनन्य श्री (8उ) को ळ्संस्कृति गरिमाङ्क से सम्मानित किया गया। वहीं माध्यमिक वर्ग में अनुभव सिंह (9इ) को ळ्संस्कृति गौरवङ्क और शिवानी वर्मा (10उ) को ळ्संस्कृति गरिमाङ्क की उपाधि मिली। मुख्य अतिथि अवधेश कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सफलता बनाए रखने हेतु निरंतर परिश्रम और धैर्य का महत्व बताया। उन्होंने अपने जीवन का प्रेरणादायक संस्मरण सुनाकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

विद्यालय के कोषाध्यक्ष विजय कुमार जैन ने भगवान महावीर की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी इस बार सम्मानित नहीं हो सके हैं, वे निरंतर प्रयास कर भविष्य में अवश्य सफलता प्राप्त करें। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ आचार्य अनिल कुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

## प्रगति का उत्सव और विदाई की भावुक बेला के साथ शिक्षक रिटायर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हैदरगढ़ बाराबंकी ।उत्साह और भावुकता के बीच संपन्न हुआ समारोह। पूर्व माध्यमिक विद्यालय,नरौली के प्रांगण में आज वार्षिक परीक्षा फल वितरण सह शिक्षक विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में न केवल छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, बल्कि विद्यालय के सम्मानित शिक्षक श्री इस्माइल जी को उनके उत्कृष्ट कार्यकाल के बाद भावभीनी विदाई भी दी गई। कार्यक्रम में विकास खंड हैदरगढ़ के ए0आर0पी0 मदन मोहन वर्मा, धर्मेंद्र मिश्रा, रमाकांत गुप्ता, देवी शंकर पांडेय, संकुल शिक्षक संजय शुक्ला की उपस्थित में विद्यालय के सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई।कक्षा 8 में क्रांति ने प्रथम, प्रिंसी ने द्वितीय और रमन कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि कक्षा 5 में प्रत्यांश द्विवेदी ने प्रथम स्थान, ओम सिंह ने द्वितीय और अविनाश पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 में सविता कक्षा 6 में हरिओम कक्षा 4 में आयुषी द्विवेदी,कक्षा 3 में शिवा पाल, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को द्वदन्प की पुस्तके एवं पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इसी क्रम में सभी ए0आर0पी0 एवं विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षक श्री मो 0 इस्माइल जी को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और उपहार भेंट किए गए।

इंचार्ज प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा ''एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, वह अपने ज्ञान के माध्यम से हमेशा अपने शिष्यों के विचारों में जीवित रहता है।''और भविष्य में भी हमें सेवानिवृति हो रहे शिक्षक साथी का मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में ए0आर0पी0 मदन मोहन वर्मा, धर्मेंद्र मिश्रा, रमाकांत गुप्ता, देवी शंकर पांडेय, संकुल शिक्षक संजय शुक्ला ने सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी । तथा सेवा निवृत हो रहे शिक्षक इस्माइल जी को स्मृति चिह्न भेंट कर उनके सुदीर्घ , स्वस्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका सुरुचि सिंह, सुमन तिवारी, आरती सिंह तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष गीता, एवं उर्मिला राकेश, सीमा, आदि बड़ी संख्या में अभिभावक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बाराबंकी ने खोया नेक दिल खिदमतगार, पूर्व मंत्री संग्राम का निधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। सज्जनता की प्रतिमूर्ति, पूर्व मंत्री संग्रामसिंह का लखनऊ में निधन हुआ। वह लंबे समय से बीमार थे।

उनके निधन की सूचना सार्वजनिक होते ही लखनऊ स्थित न्यू हैदराबाद आवास पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। 94 वर्ष के थे। स्वास्थ्य अचानक बिगड़ने पर उन्हें लखनऊ के शेखर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान दोपहर करीब 3 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही समर्थकों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों में शोक की लहर फैल गई। वे एक स्वच्छ छवि और मृदुभाषी व्यक्ति थे, जिन्हें हर दिल अजीज माना जाता था। उनके निधन से बाराबंकी ने एक आत्मीय सज्जन और जनप्रिय खिदमतगार को खो दिया है।संग्राम सिंह वर्मा की बात ही कुछ और थी, मृद स्वभाव और विरोधी को भी प्यार करने वाले नेताओं की पीढ़ी का अंत हो गया है। उनकी कमी कभी भर नहीं सकती, लेकिन उनकी यादें और आदर्श हमेशा हमारे साथ रहेंगे बाराबंकी सदर से चुन बार विधायक और प्रदेश सरकार में दो मंत्री के रूप में भी उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। वे चार भाइयों मे सबसे बड़े,पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र वर्मा के बड़े भाई और नगर पालिका चेयरमैन शीला सिंह के जेठ थे। राजनीतिक जीवन में उनका प्रभाव और जनसंपर्क बेहद मजबूत माना जाता था। अपने विरोधियों से भी हंस कर मिलते और उन्हें सीने से लगा लिया करते थे।

### भाजपा के स्थापना दिवस हर घर पर फहराया जाएगा झंडा : अनिल दीक्षित

कानपुर। भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं है, बल्कि यह हमारे कार्यकर्ताओं के संघर्ष और त्याग का उत्सव है। इस दिन हम हर घर में पार्टी का झंडा फहराकर अपने इतिहास और उपलब्धियों को याद करेंगे। यह बातें सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में कहीं। छह अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी अपना 46वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है। जिसे लेकर आज भाजपा कानपुर उत्तर की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की नींव तो 1925 में रखी गई थी लेकिन छह अप्रैल 1980 को इसकी राजनीतिक स्थापना हुई। उन्होंने कार्यकर्ताओं के बलिदान और तपस्या को याद करते हुए कहा कि आज केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकारें उनकी मेहनत का परिणाम हैं। बैठक में तय किया गया कि पांच से सात अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। छह अप्रैल को पार्टी के सभी सदस्य अपने घरों पर भाजपा का झंडा फहराएंगे।

## गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के पहले मुकाबले में खुद को साबित करने उतरेंगे गिल और अय्यर

एजेंसी

मुल्लांपुर। भारतीय टीम से बाहर टी20 बल्लेबाज शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जब इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में क्रमशः गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की अगुवाई करेंगे तो उनका इरादा खुद को साबित करने का भी होगा। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया था लेकिन बाद में विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह संजू सैमसन को चुना गया था जिनका भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान रहा। वर्ष 2023 के बाद से आईपीएल में गिल से ज्यादा रन सिर्फ विराट कोहली ने बनाये हैं लेकिन अब फोकस निरंतरता की बजाय स्ट्राइक रेट पर है। गिल का टी20 कैरियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाये। अब बल्लेबाजी कोच के तौर पर मैथ्यू हेडन स्टाफ का हिस्सा है लिहाजा गिल की छक्के



मारने के कौशल और बल्लेबाजी पर नजर रखी जायेगी। हार्दिक पंड्या के जाने के बाद से गिल ने कप्तानी का जिम्मा भी बखूबी संभाला है। अपने पदार्पण वर्ष 2022 में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस पिछले साल तीसरे स्थान पर रही। एक बार फिर टीम काफी संतुलित लग रही है। सलामी बल्लेबाज गिल और साइ सुदर्शन सबसे बड़ी ताकत हैं।सुदर्शन ने पिछले सत्र में सर्वाधिक 759 रन बनाये थे। वह पसली के फ्रेक्चर से उबरकर लौट रहे हैं लेकिन घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात के पास विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जैसे विकल्प भी हैं जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 160 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाये थे। पंजाब किंग्स के लिये एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा जो तीन अलग अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं।उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद श्रेयस को भारतीय टी20 टीम में जगह नहीं मिली और भारत के लिये आखिरी टी20 उन्होंने दिसंबर 2023 में खेला था। पिछले सत्र में उन्होंने 175 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 604 रन बनाये थे। वह एशिया कप और टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सके थे। पंजाब की ताकत उसके भारतीय क्रिकेटरों में है जिनमें सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य शामिल है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हालांकि उनका बल्ला खामोश रहा था।मध्यक्रम में निहाल वढेरा, शशांक सिंह और सूर्यांश शेडगे हैं जिनका सामना राशिद खान की अगुवाई में बेहतरीन स्पिन आक्रमण से होगा।

टीमें : पंजाब किंग्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), निहाल वढेरा, विष्णु विनोद, हरनूर पन्नू , पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बरार , मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, प्रियांश आर्य, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाख विजयकुमार, यश ठाकुर, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे और विशाल निषाद।

गुजरात टाइटंस : शुभमन गिल (कप्तान), साइ सुदर्शन, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, टॉम बेंटोन, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधू, वॉशिंगटन सुंदर , मोहम्मद अरशद खान, साइ किशोर, जयंत यादव, जैसन होल्डर, राहुल तेवतिया, शाहरूख खान, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर सिंह बरार, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, कुलवंत हेजरोलिया , राशिद खान।

## सूर्या को इंपैक्ट सब के तौर पर एहतियातन इस्तेमाल किया गया : जयवर्धने

एजेंसी

मुंबई। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को टीम के पहले आईपीएल मैच में चोट के कारण 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया गया और इसमें कोई गैर जरूरी कहानी बनाने की जरूरत नहीं है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार ने फील्डिंग नहीं की और आठ गेंद में 16 रन बनाये। मुंबई ने केकेआर को छह विकेट से हराया। मैच के बाद जयवर्धने से पूछा गया कि पिछले सत्र में भारत और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के बाद क्या अब सूर्यकुमार यादव को 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया जायेगा, इस पर उन्होंने कहा ,'' उम्मीद है कि कोई अवांछित कहानी नहीं बनाई जायेगी। टीम खुश है। उसे अतिरिक्त ब्रेक दिया गया था जो वह चाहता था। उन्होंने कहा ,''उसे मामूली सी जकड़न है और वह फील्डिंग वगैरह कर रहा था। मुझे पता है कि अगले




मैच में पांच दिन का समय है तो उसे अतिरिक्त समय देना चाहता था। वह तीन चार ओवर फील्डिंग के लिये तत्पर था लेकिन मैने मना किया।

जयवर्धने ने कहा ,''इसलिये प्लीज कोई कहानियां मत बनाइये। मैने कहा कि एहतियात के तौर पर ऐसा किया गया था। ये काफी अनमोल खिलाड़ी हैं और ये फैसले सोच समझकर लिये जाते हैं। उन्होंने खुशी जताई कि आखिरकार मुंबई इंडियंस ने पहला मैच हारने का सिलसिला तोड़ा। रोहित (78) और रियान रिकेलटन (81) की पारियों के दम पर मुंबई ने 221 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया।

कोच ने कहा ,'' यह बल्लेबाजी के लिये अच्छा विकेट था। मुझे लगा कि 220 रन का स्कोर ज्यादा था और हमने 20 रन फालतू दिये लेकिन जिस तरह से रोहित और रियान ने बल्लेबाजी की, देखकर बहुत अच्छा लगा।

## हॉकी इंडिया ने की 31 सदस्यीय सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर की घोषणा

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने सोमवार को भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 1 से 9 अप्रैल 2026 तक सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर की घोषणा की है। यह शिविर आगामी व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र की तैयारियों के मद्देनज़र आयोजित किया जा रहा है। भारतीय टीम हाल ही में एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर) में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतने के साथ-साथ एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। ऐसे में यह शिविर टीम के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। नए मुख्य कोच सजोर्ड मरिजन के मार्गदर्शन में इस शिविर का मुख्य उद्देश्य टीम संयोजन तैयार करना, फिटनेस स्तर में सुधार लाना और खेल की रणनीति को और धार देना होगा। भारतीय टीम जून में




एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप 2026 में हिस्सा लेगी, जिसके बाद अगस्त में विश्व कप और फिर 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान में होने वाले एशियाई खेल 2026 में भाग लेगी। शिविर को लेकर कोच ने कहा, ल्लयह शिविर हमारे लिए एक अहम कदम है। हमारा ध्यान निरंतरता सुधारने, टीम संरचना को मजबूत करने और खिलाड़ियों को शारीरिक व मानसिक रूप से तैयार करने पर रहेगा। हमारा लक्ष्य ऐसी टीम बनाना है जो बड़े मुकाबलों में दबाव झेलकर बेहतर प्रदर्शन कर सके।

## जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान निकी प्रसाद के साथ किया करार

एजेंसी

मुंबई। भारतीय समूह जेएसडब्ल्यू ग्रुप की खेल शाखा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने भारत की आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप 2025 विजेता टीम की कप्तान निकी प्रसाद के साथ करार करने की घोषणा की है। महज़ 20 वर्ष की उम्र में निकी ने अपने उत्कृष्ट नेतृत्व और लगातार शानदार प्रदर्शन से खुद को भविष्य की एक बड़ी स्टार खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। एक शांत और संयमित लीडर के रूप में निकी ने मात्र नौ वर्ष की आयु में अंडर-16 स्तर पर पदार्पण किया और दो वर्षों के भीतर कर्नाटक की अंडर-19 टीम में जगह बना ली। 13 वर्ष की आयु में पेशेवर क्रिकेट में कदम रखने के बाद उन्होंने लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होंने भारत को अंडर-19



एशिया कप जिताने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद मलेशिया में आयोजित वर्ल्ड कप में टीम की कप्तानी करते हुए खिताब दिलाया। वह महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करती हैं और पिछले दो सीज़न से इस फ्रेंचाइज़ी का हिस्सा रही हैं, जहां उन्हें उच्च स्तर के क्रिकेट का महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त हुआ है। इस करार पर बात करते हुए जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के टैलेंट और ब्रांड कंसल्टिंग प्रमुख हिमांशु शर्मा ने कहा, ल्लनिकी भारतीय क्रिकेट की नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिनमें कौशल, नेतृत्व और परिपक्वता का बेहतरीन संयोजन है। घरेलू क्रिकेट में पहचान बनाने से लेकर भारत को अंडर-19 वर्ल्ड कप जिताने तक उनकी यात्रा बेहद प्रेरणादायक रही है। इतनी कम उम्र में उनका संतुलन और टीम को प्रेरित करने की क्षमता उन्हें खास बनाती है। हमें विश्वास है कि वह भारतीय महिला क्रिकेट के भविष्य को आकार देने की क्षमता रखती हैं और हम उनके आगे के सफर में उनका साथ देने को लेकर उत्साहित हैं। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए निकी प्रसाद ने कहा, ल्लजेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है कि मैं ऐसी संस्था से जुड़ रही हूं, जिसने विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों को लगातार समर्थन और प्रोत्साहन दिया है। युवा प्रतिभाओं पर उनका भरोसा मुझे अपने करियर के अगले चरण के लिए आत्मविश्वास देता है। मैं जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ अपनी नई यात्रा शुरू करने और आने वाले अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए उत्साहित हूं। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ, निकी को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं, अनुभवी एथलीट मैनेजमेंट का मार्गदर्शन और समग्र करियर समर्थन मिलेगा, जिससे वह मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह अपनी प्रगति जारी रख सकेंगी।

## क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि केकेआर को पता है कि ग्रीन गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे

सिडनी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबंधन को कैमरन ग्रीन की चोट की स्थिति के बारे में पूरी तरह से पता है जबकि केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि सिर्फ मेजबान बोर्ड को ही पता है कि ग्रीन गेंदबाजी क्यो नहीं कर सके। ग्रीन से गेंदबाजी नहीं कराने के बारे में पूछे गए सवालों पर रहाणे ने कहा ,'' क्रिकेट आस्ट्रेलिया से पूछो। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने बताया ,'' कैमरन को कमर में चोट लगी थी जिससे वह कुछ समय तक गेंदबाजी नहीं कर सकेगा। वह 10.12 दिन के बाद गेंदबाजी कर पायेगा और केकेआर को इसकी पूरी जानकारी है। ग्रीन ने सितंबर 2024 से अक्टूबर 2025 तक गेंदबाजी नहीं की। उन्होंने 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में गेंदबाजी की थी।

## आरबीआई के नीतिगत हस्तक्षेप के बाद सुधरा रुपया, डॉलर के साथ ही यूरो और पौंड की तुलना में भी आई तेजी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रुपये की लगातार कीमतों को थामने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप करने के बाद इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में आज भारतीय मुद्रा रुपये ने आज शानदार रिकवरी करते हुए 1.22 रुपये की मजबूती के साथ 93.59 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले अभी तक के सबसे निचले स्तर 94.85 रुपये प्रति डॉलर तक गिरने के बाद 94.81 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। आज शुरुआती कारोबार में ही भारतीय मुद्रा सुधर कर 93.55 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक पहुंच गई। इस तरह बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही रुपये ने अभी तक के सबसे निचले स्तर से 1.30 रुपये की रिकवरी करने में सफलता हासिल की। हालांकि जैसे



जैसे कारोबार आगे बढ़ा वैसे-वैसे रुपये की कमजोरी एक बार फिर बढ़ने लगी। सुबह 10:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद रुपया ओपनिंग लेवल से 71 पैसे टूट कर 94.30 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मुद्रा बाजार के अभी तक कारोबार में रुपये ने डॉलर के साथ ही ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) और यूरो के मुकाबले भी मजबूत प्रदर्शन किया है। सुबह 10:30 बजे तक के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 1.05 रुपये की मजबूती के साथ 125.07 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह सुबह 10:30 बजे तक कारोबार होने के बाद यूरो की तुलना में रुपया 63.97 पैसे की बढ़त के साथ 108.56 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा डॉलर और रुपये के लेनदेन में सट्टेबाजी से जुड़ी गतिविधियों पर रोक लगाने का कदम उठाने तथा डॉलर पर ऑनशोर लॉन्ग पोजीशंस को सीमित कर देने का निर्देश देने की वजह से आज भारतीय मुद्रा रुपये ने शुरुआती कारोबार के दौरान निचले स्तर से शानदार रिकवरी करने में सफलता हासिल की। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को ही भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों के लिए एक निर्देश जारी कर कहा था कि वे अगले दस अप्रैल तक हर कारोबारी दिन के अंत तक ऑनशोर मार्केट में नेट डॉलर-रुपी पोजिशन को दस करोड़ डॉलर तक सीमित रखें। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि नेट डॉलर-रुपी पोजिशन को सीमित करने से डॉलर की मांग में तेजी आने के बावजूद रुपये पर दबाव कम होने में मदद मिलेगी, जिससे भारतीय मुद्रा को कुछ सहारा मिल सकेगा।

## डब्ल्यूटीओ वार्ता समाप्त, ई-कॉमर्स पर शुल्क से जुड़ी रोक बढ़ाने पर कोई सहमति नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का चार दिवसीय 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी-14) सोमवार को कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया, लेकिन इसमें ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क पर रोक की अवधि को बढ़ाने के विवादास्पद मुद्दे पर कोई समझौता नहीं हो सका। हालांकि, इस दौरान जिनेवा में प्रमुख लंबित मुद्दों पर काम जारी रखने की प्रतिबद्धता भी जताई गई है। कैमरून के व्यापार मंत्री एवं एमसी-14 के अध्यक्ष ल्यूक मैग्लोयर मबार्गा अटांगा ने 'एक्स' पोस्ट कहा कि विश्व व्यापार संगठन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी-14) आज सुबह संपन्न हुआ, जिसमें जिनेवा में प्रमुख लंबित मुद्दों पर काम जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई गई। उन्होंने कहा कि चार दिवसीय बैठक के दौरान मंत्रियों ने बातचीत के विभिन्न क्षेत्रों में ज़्यादा से ज़्यादा मुद्दों को सुलझाने के लिए काम किया। अटांगा ने चर्चाओं को आगे बढ़ाने वाले मंत्रियों के साथ-साथ बैठक में मौजूद सभी मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडलों को उनके 'अथक परिश्रम' के लिए धन्यवाद दिया। ल्यूक मैग्लोयर मबार्गा अटांगा ने बताया कि चार दिन की बैठक में व्यापार मंत्रियों ने कई मुद्दों को निपटाने की कोशिश की, लेकिन समय की कमी के कारण कुछ लंबित मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। इनमें ई-कॉमर्स पर डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रक्रिया, 'इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन' पर सीमा शुल्क वसूलने पर लगी वर्तमान रोक को जारी रखने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (टीआरआईपीएस) से जुड़ी शिकायतों का समाधान जैसे विषय सम्मिलित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने 'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज' चुना

**लुसाने।** भारत की शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना है जिनकी असाधारण उपलब्धियों में ऐतिहासिक विश्व चैम्पियनशिप खिताब शामिल है। जम्मू कश्मीर की 19 वर्ष की शीतल देवी विश्व पैरा चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भुजाहीन तीरंदाज बनी। उन्होंने पिछले साल दक्षिण कोरिया के ग्वांग्जू में महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में खिताब जीता था। शीतल भुजायें नहीं होने के बावजूद अपने पैर और कंधे का इस्तेमाल करके तीरंदाजी करती हैं। वह विश्व चैम्पियनशिप में महिला टीम में रजत और मिश्रित टीम में कांस्य भी जीत चुकी है। विश्व तीरंदाजी ने कहा ,'' भारत की शीतल देवी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना गया है जिन्होंने पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्व खिताब समेत कई उपलब्धियां हासिल की। शीतल ने पेरिस पैरालम्पिक में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था। वह एशियाई पैरा खेल 2022 और 2023 एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत रजत जीत चुकी है। शीतल ने सोमवार को एक्स पर लिखा ,' दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों के साथ नामांकन मिलना और अब विश्व तीरंदाजी द्वारा सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना जाना। इस सफर में जो भी मिला उसके लिये मेरा दिल कृतज्ञता और भावनाओं से भरा हुआ है। धन्यवाद।

### पीएसएल में बॉल टेम्परिंग विवाद: फखर जमान ने आरोपों से किया इनकार, 48 घंटे में आएगा फैसला

**लाहौर।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान कथित बॉल टेम्परिंग मामले ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। लाहौर के स्टार बल्लेबाज फखर जमान पर कराची की पारी के अंतिम ओवर से पहले गेंद की स्थिति बदलने का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में फखर जमान अपने साथियों हैरिस रऊफ और कप्तान शाहिद अफरीदी के साथ चर्चा करते नजर आए। इसी दौरान ऑन-फील्ड अंपायर फैसल अफरीदी को कुछ संदेह हुआ और उन्होंने हस्तक्षेप किया। अंपायर ने गेंद की जांच के बाद पाया कि उसकी स्थिति से छेड़छाड़ की गई है। इसके चलते कराची किंग्स को पांच रन का पेनल्टी दिया गया और अंतिम ओवर के लिए नई गेंद उपलब्ध कराई गई। इस फैसले ने मैच का रुख बदल दिया। मैच के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बयान जारी कर बताया कि फखर जमान पर लेवल-3 का आरोप लगाया गया है। यह आरोप खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के आचार संहिता के अनुच्छेद 2.14 के तहत है, जिसमें गेंद की स्थिति बदलना अपराध माना जाता है। मैच रेफरी रोशन महानामा की अगुवाई में हुई सुनवाई में फखर जमान ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया। बोर्ड के अनुसार, अगले 48 घंटे में एक और सुनवाई होगी, जिसके बाद अंतिम फैसला सुनाया जाएगा। मैच में अंपायरों द्वारा पांच रन की पेनल्टी दिए जाने के बाद कराची किंग्स को आखिरी ओवर में 9 रन की जरूरत थी, जिसे टीम ने सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। ऑलराउंडर अब्बास अफरीदी ने रऊफ की गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। अगर मैच रेफरी आरोपों की पुष्टि करते हैं, तो फखर जमान और लाहौर कलंदर्स टीम को कड़ी सजा का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें निलंबन या भारी जुर्माना शामिल हो सकता है।

### भारत ओएएलपी-11वें दौर में 21 तेल और गैस ब्लॉक की पेशकश करेगा

**नयी दिल्ली।** भारत कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की खोज के लिए जल्द ही 21 नए क्षेत्रों (ब्लॉक) की नीलामी शुरू करेगा। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) ने यह जानकारी दी। महानिदेशालय ने अपनी वेबसाइट पर इन 21 क्षेत्रों की सूची जारी कर दी है, जिनमें 12 जमीन पर स्थित क्षेत्र, चार कम गहरे पानी के ब्लॉक, एक गहरा समुद्री क्षेत्र और चार अत्यंत गहरे समुद्री क्षेत्र शामिल हैं। 'मुक्त क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति' (ओएएलपी) के 11वें दौर के तहत करीब 80,235 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को तेल-गैस के अन्वेषण के लिए पेश किया जाएगा। डीजीएच ने कहा कि बोली लगाने की अंतिम तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी। विशेष बात यह है कि 11वें दौर की घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब पिछले 10वें दौर के लिए बोलियां आनी अभी बाकी हैं। 10वें दौर की समयसीमा कई बार बढ़ाने के बाद अब 29 मई, 2026 तय की गई है। नियमों के तहत, 'श्रेणी-1' के तलछटी बेसिन मतलब ऐसे क्षेत्र जहां व्यावसायिक तौर पर तेल-गैस का उत्पादन पहले से प्रमाणित है, में 14 ब्लॉक उन कंपनियों को दिए जाएंगे, जो सरकार के साथ कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा साझा करने का वादा करेंगी।

## देश में बैंक एक सख्त कानूनी और नियामक ढांचे के तहत काम करते हैं: सीतारमण

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि देश में बैंक अपने ग्राहकों के डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानूनी और नियामक ढांचे के तहत काम करते हैं। उन्होंने यह बात प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में कही। वित्त मंत्री ने बताया कि 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी) व्यवस्था और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी दिशानिर्देशों के तहत बैंकों के लिए ग्राहकों की जानकारी की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बैंक केवल आवश्यकता के आधार पर ही ग्राहकों का डेटा एकत्र करते हैं और जरूरत पड़ने पर ही इसे अधिकृत एजेंसियों के साथ साझा किया जाता है। सीतारमण ने यह भी स्पष्ट किया कि बैंकिंग क्षेत्र में डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पांच प्रमुख कानून लागू हैं। इनमें भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, बैंकिंग कंपनी अधिनियम, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, क्रेडिट सूचना कंपनी अधिनियम और सार्वजनिक वित्तीय संस्थान अधिनियम शामिल हैं, जिनका पालन सभी बैंकों के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी ग्राहक को धोखाधड़ी या बिना अनुमति के डेटा साझा किए जाने की शिकायत होती है, तो वह भारतीय रिज़र्व बैंक या संबंधित प्राधिकरण के पास शिकायत दर्ज करा सकता है। ऐसे मामलों में संबंधित संस्थाएं जांच कर आवश्यक कार्रवाई करती हैं। वित्त मंत्री ने सदन को यह भी आश्वस्त किया कि सरकार बैंकिंग प्रणाली में ग्राहकों के डेटा की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है और इस दिशा में लगातार आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,48,060 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,35,740 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी मामूली कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज शुरुआती कारोबार कै दौरान दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,48,210 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने



की कीमत 1,35,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,48,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,35,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,48,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,35,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,48,060 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,35,740 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,48,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,35,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,48,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,35,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,48,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,35,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,48,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,35,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,48,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,35,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# देश में उर्वरक , पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार: सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर तरह-तरह की आशंकाओं और अटकलों को खारिज करते हुए सरकार ने कहा है कि इस संकट के बावजूद देश में उर्वरकों , पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार है और वह स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है।

उर्वरक की उपलब्धता, उत्पादन, आयात और परिवहन की निरंतर निगरानी के लिए एक आकस्मिक ''वार रूम'' स्थापित किया गया है। सरकार ने आश्वासन दिया है कि पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखी जाएगी और किसानों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। पश्चिम एशिया की स्थिति पर अंतर मंत्रालय ब्रीफिंग में सोमवार को संबंधित मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि देश में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध और किसानों को पहले की तरह समान कीमतों पर आपूर्ति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यूरिया इकाइयों को गैस आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए अनेक उपाय किए गए हैं और उर्वरकों की आपूर्ति को कई देशों से विविधीकृत किया जा रहा है। इसके साथ ही उर्वरक की अवैध निकासी, कालाबाजारी और जमाखोरी की भी कड़ी निगरानी की जा रही है। रसोई गैस के मोर्चे पर कंपनियां घरेलू और वाणिज्यिक पीएनजी कनेक्शनों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दे रही हैं उद्योग स्तर पर ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग लगभग 95 प्रतिशत तक बढ़ी है। उन्होंने कहा कि पिछले एक सप्ताह में 5 किलोग्राम के 2.6 लाख से अधिक एफटीएल सिलेंडर बेचे गए हैं, जिनमें से पिछले 2 दिनों में 88,000 से अधिक प्रवासी श्रमिकों को दिये गये। पिछले 24 घंटों में देश भर में 2,500 से अधिक छापे मार कर 2,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। पश्चिम एशियाई देशों से उडानों की स्थिति में सुधार जारी है और 28 फरवरी से अब तक लगभग 5,50,000 यात्री स्वदेश लौट चुके हैं। सरकार ने कहा है कि खाड़ी क्षेत्र उर्वरक आयात का एक प्रमुख स्रोत बना हुआ है जहां से यूरिया आयात का 20 से 30 प्रतिशत और डीएपी आयात का 30 प्रतिशत आता है । देश के एलएनजी आयात का लगभग 50 प्रतिशत भी यहीं से आता है, जो यूरिया उत्पादन के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों के कारण यूरिया का घरेलू उत्पादन प्रभावित हुआ है। उर्वरक विभाग इस प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठा रहा है। सरकार ने कहा कि आगामी खरीफ 2026 सीजन के लिए कुल आवश्यकता लगभग 390 लाख टन अनुमानित है, जबकि खरीफ 2025 में वास्तविक बिक्री 361 लाख टन थी।उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में वर्तमान में पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। अधिकारियों ने कहा कि कुल स्टॉक लगभग 180 लाख टन है, जबकि पिछले वर्ष यह 147 लाख टन था। सरकार ने कहा कि यूरिया संयंत्रों को गैस आपूर्ति, जो प्रारंभ में लगभग 60 प्रतिशत तक कम हो गई थी, उसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 65 प्रतिशत और फिर वैकल्पिक व्यवस्थाओं के माध्यम से 75 से 80 प्रतिशत तक किया गया है। इससे यूरिया उत्पादन में प्रतिदिन 12,000S15,000 टन की वृद्धि हुई है और मासिक उत्पादन हानि 9 से 10 लाख टन से घटकर लगभग 6 से 7 लाख टन रह गई है। इन उपायों से यूरिया इकाइयों को गैस आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित हुई है और उपयुक्त रणनीतियाँ अपनाने के लिए समय मिला है। अधिकारियों ने कहा कि मार्च में घरेलू उत्पादन यूरिया के लिए लगभग 18 लाख टन और पी एंड के उर्वरकों के लिए 9 से10 लाख टन रहा, जबकि गत मार्च में यह क्रमशः 24.78 लाख टन और 11.90 लाख टन था। सरकार ने वैश्विक उपलब्धता का आकलन करने, आपूर्ति स्रोतों की पहचान करने और यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आयात की योजना बनाने हेतु एक विशेष कार्य समूह गठित किया गया है। कुल 13.07 लाख टन यूरिया के आयात के लिए वैश्विक निविदा पहले ही फरवरी के मध्य में जारी की जा चुकी है। आपूर्ति व्यवस्थाओं में रूस से केप ऑफ गुड होप मार्ग के माध्यम से लगभग 28 लाख टन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रूस, मोरक्को, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, जॉर्डन, कनाडा, अल्जीरिया, मिस्र, फिनलैंड और टोगो सहित कई देशों से स्रोतों को विविधीकृत किया जा रहा है। सरकार ने कहा है कि उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की घबराहट से बचने के लिए राज्यों को जागरूक किया गया है। रसायन और उर्वरक मंत्री ने 10 मुख्यमंत्रियों और 12 राज्य कृषि मंत्रियों से इस विषय पर चर्चा की। इसके अलावा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत उर्वरकों की अवैध निकासी, कालाबाजारी और जमाखोरी पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

उर्वरक विभाग वैश्विक कीमतों के रुझानों पर कड़ी निगरानी रख रहा है और आगामी खरीफ सीजन के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों पर उपयुक्त निर्णय करेगा। अभी देश में सभी प्रकार के उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आगामी 2.5 महीनों में किसी भी उर्वरक की बड़ी आवश्यकता नहीं है।इसके साथ ही उर्वरक की उपलब्धता, उत्पादन, आयात और परिवहन की निरंतर निगरानी के लिए एक आकस्मिक ''वार रूम'' स्थापित किया गया है। सरकार ने आश्वासन दिया है कि पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखी जाएगी।

# मनरेगा को मोदी ने किया नजरअंदाज : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मनरेगा खत्म करने और नया कानून लागू नहीं करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए सोमवार को कहा कि कोरोना काल में मजदूरों को राहत देने में इस योजना की अहम भूमिका रही है लेकिन श्री मोदी ने उसे नजरअंदाज किया है। श्री खरगे ने कहा ''एक ओर मनरेगा पर प्रभावी रूप से रोक जैसी स्थिति बना दी गई है, वहीं दूसरी ओर घोषित वीबी-जयराम-जी योजना अब तक लागू नहीं हो पाई है। कई राज्यों में मनरेगा खत्म करने की खबरें हैं जिसके कारण करोड़ों श्रमिकों के समक्ष रोजगार का संकट पैदा हो गया है।''

उन्होंने मनरेगा को लेकर कई राज्यों में आंदोलन होने का दावा किया और कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर में पिछले 87 दिनों से लगभग 12 हजार मजदूर काम न मिलने के कारण आंदोलन कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों से मनरेगा के तहत काम बंद होने की खबरें आ रही हैं, जिससे ग्रामीण मजदूरों के सामने रोज़गार का संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने मनरेगा को कमजोर कर करोड़ों मजदूरों के 'काम के अधिकार' को छीना है श्रमिकों को पर चोट पहुंचाई है। श्री खरगे ने महाराष्ट्र की नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्यों में से 53 प्रतिशत से भी कम कार्य पिछले पांच वर्षों में पूरे हुए हैं, जबकि करीब 2.5 लाख कार्य शुरू ही नहीं हो सके। रसोई गैस की महंगाई और उद्योगों की बदहाली के कारण शहरों से प्रवासी मजदूरों का पलायन बढ़ रहा है, लेकिन गांवों में उनके लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना काल में मनरेगा ने करोड़ों मजदूरों को राहत दी थी, जिसे आज नजरअंदाज किया जा रहा है।

# बंगाल में 267 अधिकारियों को हटाने के चुनाव आयोग के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग की ओर से बड़े पैमाने पर किये गये तबादलों को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गयी है।

इस याचिका में चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसके तहत पश्चिम बंगाल में एक ही दिन में 267 अधिकारियों को उनके पदों से हटा दिया गया था। इन अधिकारियों में प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) और कई पुलिस थानों के प्रभारी (ओसी) शामिल हैं। इस मामले का ज़िक्र सोमवार को मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली खंड पीठ के सामने किया गया।

वकील कल्याण बनर्जी ने न्यायालय का ध्यान इस मुद्दे की ओर आकर्षित किया और मामले पर तत्काल सुनवाई की मांग की। इस पीठ में न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन भी शामिल हैं। पीठ ने याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। इस मामले पर सुनवाई इस सप्ताह के अंत तक हो सकती है। बड़े पैमाने पर फ़ेरबदल की शुरुआत चुनावों की घोषणा वाली रात को ही हो गई थी। उस समय चुनाव आयोग ने राज्य प्रशासन और पुलिस में तबादलों का सिलसिला शुरू किया था। आयोग ने भवानीपुर और नंदीग्राम सहित 170 पुलिस थानों के प्रभारियों को हटा दिया था। इस तरह से राज्य में रविवार तक तबादला किए गए पुलिस अधिकारियों की कुल संख्या 184 हो गई।

इसके अलावा, 83 बीडीयो और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को उनके पदों से हटा दिया गया, जिनमें नंदीग्राम के दो प्रखंडों के बीडीयो भी शामिल है। पूर्वी मेदिनीपुर जिले में सबसे ज़्यादा तबादले हुए, जहाँ 14 बीडीयो और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का बदला गया। इसके बाद दक्षिण 24 परगना का नंबर आया, जहाँ 11 अधिकारियों का तबादला किया गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इससे पहले उच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया था, जिसमें उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के इसी तरह के तबादलों का विरोध किया था और इस बात पर सवाल उठाया था कि आयोग किस तरह से ये बदलाव कर रहा है। उन्होंने दलील दी थी कि इतने बड़े पैमाने पर तबादले आम तौर पर राष्ट्रपति शासन जैसी स्थितियों में ही किए जाते हैं। उन्होंने उच्च न्यायालय में यह सवाल उठाया कि क्या राज्य में ऐसी कोई स्थिति मौजूद है।

चुनाव आयोग ने भी अपनी तरफ से तबादलों के पीछे के कारणों के बारे में न्यायालय के सामने अपना पक्ष रखा है। ताज़ा याचिका में एक बार फिर बड़ी संख्या में बीडीयो और ओसी को हटाए जाने को चुनौती दी गई है।

# विकास और घुसपैठ प्रमुख चुनावी मुद्दे

## प्रधानमंत्री का असम के भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को असम के भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं से नमो ऐप के माध्यम से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा-एनडीए की हैट्रिक जीत के लिए कार्यकर्ताओं से कड़ी मेहनत करने की अपील की। उन्होंने विपक्षी दलों पर घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा असम की अस्मिता, सुरक्षा और संस्कृति से सीधे जुड़ा हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को नमो ऐप के जरिए 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत राज्य के भाजपा कार्यकर्ताओं से बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी दायित्व सौंपती है, उसे निभाने के लिए वे पूरी ताकत लगाते हैं। असम में भाजपा-एनडीए की हैट्रिक लगे, इसके लिए राज्य के पार्टी कार्यकर्ता जबरदस्त मेहनत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बोहाग बिहू और



अन्य त्योहारों की तैयारियों के बीच चुनावी अभियान चलाने वाले कार्यकर्ताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि असम ने लंबे समय तक अस्थिरता, हिंसा और उग्रवाद का दौर देखा था, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार ने शांति, विकास और सुरक्षा का नया दौर शुरू किया है। पिछले 10 वर्षों में 12 बड़े शांति समझौते हुए हैं जो असम की नई तस्वीर बनाते हैं। संवाद के दौरान विभिन्न जिलों के कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। सुनितपुर जिले के पंकज हजारी ने कहा कि साल 2016 से पहले असम में अराजकता और उग्रवाद चरम पर था, लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद किसानों, व्यवसायियों और शिक्षकों के जीवन में अमूल्य परिवर्तन आया है। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 18-22 साल के युवा मतदाता केवल पिछले 10 साल की शांति को जानते हैं, इसलिए बूथ कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि उन्हें पुराने दिनों की हिंसा और कांग्रेस की नीतियों की याद दिलाएं। भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर भजन संध्या, विरासत उत्सव और योजनाओं पर चर्चा के कार्यक्रम आयोजित करें ताकि नई पीढ़ी पुरानी गलतियों को दोहराने से बचे। तामलपुर जिले के धनेश्वर ने बोडोलैंड समझौते के बाद आए बदलाव को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि वह पार्टी कार्यकर्ता होने के साथ साथ वे व्यवसायी भी हैं। और राज्य के लोगों को पुरानी सरकार की कुरीतियों के बारे में बताते भी हैं। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बोडोलैंड आज पूरे विश्व के लिए प्रेरणा बन गया है, जहां पहले कर्फ्यू और धमाके होते थे, आज शांति और सांस्कृतिक धुनें गूंज रही हैं। उन्होंने कहा कि बंदूक छोड़कर कलम थामने वाले पूर्व उग्रवादियों और उनकी माताओं के अनुभव साझा करने के कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित करें। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों की सूची बनाएं और उन्हें टोली बनाकर वोट डालने के लिए प्रेरित करें। नौगांव जिले की दीपी दास ने कहा कि वह पिछले 9 साल से भाजपा के साथ लोगों की सेवा के लिए जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें सरकार की तरफ से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) का लाभ मिला था। उसी धनराशि से उन्होंने जमीन लेकर तालाब बनवाया और मछली पालन शुरू किया।

## बड़े पदों पर कमजोर वर्ग की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के संस्थानों में बहुजन समाज की बड़े पदों पर हिस्सेदारी कम है और उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण से आगे बढ़कर नीतिगत सुधार किए जाने चाहिए। श्री गांधी में सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनसे मिलने जब भी किसी संस्थान या संगठन के लोग आते हैं तो सबकी शिकायत यही रहती है कि उनके संस्थान में वरिष्ठ पदों पर कमजोर वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी नहीं के बराबर है। उन्होंने कहा, ''हाल ही में जनसंसद में ग्रामीण बैंक के एससी-एसटी वेलफ़ेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भी यह बात सामने आई कि प्रोन्नति में रोस्टर नियम होने के बावजूद दलित और आदिवासी कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है। कभी प्रदर्शन तो कभी मेरिट के नाम पर उनकी तरक्की रोकी जाती है, जबकि आवाज उठाने पर दूरदराज क्षेत्रों में तबादले जैसी कार्रवाई भी की जाती है। श्री गांधी ने कहा कि आरक्षण के चलते इन समुदायों को प्रारंभिक स्तर पर नौकरियां तो मिल जाती हैं लेकिन उच्च पदों तक पहुंचना नीतिगत भेदभाव के कारण लगभग असंभव बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा ताकि हर वर्ग को संस्थाओं में समान भागीदारी मिल सके।

## लक्षित कौशल विकास पर ध्यान दे रही है सरकार : जयंत

**नयी दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि वह कौशल विकास पर विशेष ध्यान दे रही है और इसके काम के अनुसार लक्षित कर युवा ऑन का कौशल विकास किया जा रहा है। शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा में सोमवार को एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि लघु और मध्यम उद्यम (एसएमएसई) के साथ मिलकर कौशल विकास के लिए सरकार मिलकर काम कर रही है और पीएम सेतु में एसएमएसई को लक्ष्य कर युवाओं का कौशल विकास किया जा रहा है। उनका कहना था कि लक्ष्य यह है कि कौशल विकास की लाभार्थियों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार कौशल विकास केंद्रों को विशेषरूप से लक्षित कर रही है और कौशल विकास के क्षेत्र में लगातार काम किया जा रहा है। इसमे युवाओं के कौशल विकास के लिए जो भी जरूरी होगा सरकार वह कदम उठाएगी।

# पेज एक का शेष

### व्यक्तिगत डाटा...

निर्णयानुसार, इस चरण में जातियों की गणना भी की जाएगी। इस चरण में प्रत्येक व्यक्ति से जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, शिक्षा, प्रवास, प्रजनन आदि से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी। जनसंख्या गणना की सटीक तिथियां एवं प्रश्नावली समयानुसार अधिसूचित की जाएगी। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, दिल्ली (नयी दिल्ली नगर पालिका परिषद एवं दिल्ली छावनी बोर्ड), गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा तथा सिक्किम में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना 16 अप्रैल से 15 मई, 2026 के बीच आयोजित होगी, तथा 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध होगी। मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़ एवं हरियाणा में यह कार्य 1 मई से 30 मई, 2026 तक होगा तथा 16 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2026 तक स्व-गणना की अवधि रहेगी। सरकार ने जनगणना 2027 के लिए ?11,718.24 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें प्रगणकों के मानदेय, प्रशिक्षण, आईटी अवसंरचना, लॉजिस्टिक्स आदि के लिए पर्याप्त प्रावधान किया गया है। जनगणना 2027 को डिजिटल माध्यम से संचालित किया जाएगा। प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से अपने स्मार्टफोन द्वारा सीधे डेटा एकत्र एवं प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त, दोनों चरणों में स्व-गणना के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध होगी। मोबाइल ऐप एवं स्व-गणना पोर्टल हिंदी एवं अंग्रेज़ी सहित 16 भाषाओं में उपलब्ध होंगे। जनगणना से संबंधित विभिन्न गतिविधियों जैसे– प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र का निर्माण, कार्य आवंटन, प्रशिक्षण प्रबंधन, एच एल बी निर्माण, डैशबोर्ड के माध्यम से कार्य की निगरानी, कुछ जनगणना अभिलेखों/सारांशों का स्वतः निर्माण आदि के लिए एक पोर्टल विकसित किया गया है। मकानसूचीकरण ब्लॉक, एच एल बी वेब मैपिंग एप्लिकेशन के माध्यम से तैयार किए जाएंगे। डेटा सुरक्षा हेतु आवश्यक सभी उपाय किए गए हैं। जनगणना आयुक्त ने बताया कि स्व-गणना के लिए, व्यक्ति अपने मोबाइल नंबर एवं अन्य मूलभूत विवरणों के माध्यम से पोर्टल में लॉग-इन कर अपनी सुविधा अनुसार जनगणना प्रपत्र भर सकते हैं। सफल सबमिशन के पश्चात एक विशिष्ट स्व-गणना आईडी (एस आईडी ) प्राप्त होगी, जिसे प्रगणक के साथ साझा करना होगा। स्व-गणना सुविधा से लोगों को प्रगणक के आगमन से पूर्व अपनी सुविधा अनुसार जानकारी भरने की स्वतंत्रता मिलेगी। पूर्व की भांति प्रगणक अपने आवंटित ब्लॉकों में घर-घर जाकर गणना करेंगे, जबकि स्व-गणना इस बार एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में प्रदान की गई है। जानगणना वहां पंजीयन एवं जनगणना आयुक्त की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार स्व गणना के लिए एसई पोर्टल पर मोबाइल नंबर के साथ लॉगिन करनी पड़ेगी। इस माध्यम से जानकारी देने वाले व्यक्ति को जनसंख्या प्रगणक के साथ स्व गणनाआईडी देनी होगी। डेटा को पुष्टि कर जनगणना में सम्मिलित किया जाएगा। जनगणना के प्रथम चरण (एच एल ओ) का पूर्व-परीक्षण नवंबर 2025 में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में लगभग 5000 ब्लॉकों में किया गया। इसमें गणना पद्धति, नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, प्रश्नावली, ऐप एवं पोर्टल सहित डेटा संग्रहण से लेकर प्रसंस्करण तक सभी गतिविधियों का परीक्षण किया गया। श्री नारायण ने बताया कि पहली जनवरी 2026 से 31 मार्च 2027 तक सभी प्रशासनिक इकाइयों को स्थिर (फ्रीज़) कर दिया गया है। जनगणना 2027 का संचालन 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, 7,092 उप-जिलों, 5,128 सांविधिक नगरों, 4,580 जनगणना नगरों तथा लगभग 6,39,902 गांवों में किया जाएगा। जनगणना अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु व्यापक व्यवस्था की गई है। 100 राष्ट्रीय प्रशिक्षकों को विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जिन्होंने लगभग 2000 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया है। ये मास्टर ट्रेनर्स लगभग 45,000 फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित कर रहे हैं, जो आगे लगभग 31 लाख प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को लगभग 80,000 बैचों में प्रशिक्षण देंगे। सभी प्रशिक्षण सामग्री क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार की गई है ताकि अंतिम स्तर पर कार्यरत प्रगणक एवं पर्यवेक्षक समय पर गुणवत्तापूर्ण डेटा एकत्र कर सकें।

### विकास से खत्म...

लोकतंत्री जड़ों पर वार करने वाले तंत्र का सफाया उनकी सरकार ने किया है और उसी का परिणाम है कि देश में आज वामपंथी उग्रवाद का सफाया हो गया है। उन्होंने कहा ''मैं आज देश को यह बताने आया हूं कि माओवादी हिंसा करने वाले, नक्सली हिंसा करने वालों के दिन लद गये हैं। यह वैचरिक लड़ाई है। वामपंथी विचारधारा अपना आधार खो चुकी है इसलिए वह अपने अस्तित्व के लिए आदिवासियों का इस्तेमाल करती रही है। रक्तपात उनका उद्देश्य रहा है लेकिन अब उनकी यह साजिश सफल नहीं होगी। वामपंथी उग्रवाद को देश से खत्म कर दिया गया है और देश में संविधान का राज है और इसके समानांतर कुछ नहीं चल सकता है। वामपंथियों ने संविधान और न्याय व्यवस्था को खत्म करने का काम किया है।'' उन्होंने कहा कि वह कई बार कह चुके हैं कि हथियार डाल दो लेकिन हथियार नहीं डालेंगे। सरकार ने विश्वास दिलाया है कि सरकार उनकी हिफाजत करेगी लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। उल्टे विकास को रोका जा रहा है और विकास की गतिविधियों को आगजनी कर खत्म किया जाता रहा है। मालगाड़ियों में आग लगा दी गई और सीधे साधे लोगों को भ्रमित कर अपनी विचारधारा को आगे बढ़ाने का गलत रास्ता अख्तियार किया गया जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। गृहमंत्री ने कहा कि रूस में कम्युनिस्टों की सरकार बनी तो भारत में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का गठन किया गया। जिस पार्टी की नींव विदेश से आई है वह देश का भला कैसे कर सकती है। अब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का गठन क्यों हुआ इसकी कहानी 1964 में शुरु हुई क्योंकि तब सोवियत संघ और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के बीच झगड़ा हुआ तो चीन के माओवाद से प्रभावित मार्क्सवादी पार्टी का गठन भारत में भी हुआ। इसी तरह 1969 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एमएल का उदय हुआ जिसका मकसद संसदीय प्रणाली का विरोधकरना और सशस्त्र क्रांति की। लोकतंत्र का विरोध और सशस्त्र क्रांति की समर्थक विचारधारा ही नक्सलवादी विचारधारा है। उसके बाद कई संगठन बने और उन्होंने अपने अपने हिसाब से संगठन बनाए और माओवाद को एकत्रित करने का प्रयास किया लेकिन उसमें सफल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि ये संगठन बने और देश में 1925 से फैलते रहे हैं। इनका इतिहास 101 साल का है और अन्याय के खिलाफ लड़ने का बुलेट का सहारा लेते रहे लेकिन अब मोदी सरकार ने उनके अत्याचार से निर्दोष नागरिकों को बचाने का काम किया है और वामपंथी उग्रवाद को खत्म कर दिया गया है। मोदी सरकार ने नागरिकोंकी सुरक्षा सुनिश्चित की है और जो लोग आम नागरिकों के खिलाफ खड़े होगे और उन्हें गुमराह करेंगे उसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है और इसी का परिणाम है जो बात नहीं करना चाहते, हिंसा करना चाहते हैं, बच्चों का अपहरण कर उनको हथियार पकड़ाते हैं उन्हें उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाना चाहिए और वह दिया गया है। श्री शाह ने मानवता के नाम पर लेख लिखने वाले लेखकों को गैरमानवतावादी करार दिया और कहा कि जो नक्सलवाद को सही ठहराते हैं, बच्चों के हाथों में बंदूक थामने वालों की विचारधारा को सही ठहराते हैं वे कैसे सही हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि विचारधारा जनता की भलाई से ऊपर नहीं हो सकती है। गृहमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद आदिवासी क्षेत्रों में विकास की प्रक्रिया शुरु हुई है। सड़के बनी हैं, मोबाइल टावर लगे हैं और आदिवासी क्षेत्रों को विकसित भारत से जोड़ने के लिए 20 हजार करोड़ रुपए खर्च किये जा चुके हैं। इन 12 साल में सैकड़ो बैंक शाखाएं हुई और बड़ी संख्या में डाकघर खोले गये हैं। एकलव्य आदर्श विद्यालय खोले गये, आईटीआई खोले गये और कौशल विकास केंद्र बनाए जिन पर 1200 करोड़ रुपए का और खर्च हुआ है। अस्पताल बनाए गये हैं और जनजातीय युवाओं के विकास के कार्यक्रम बने हैं।

### 13 जिलों के एसपी...

श्रीवास्तव को एसपी बहराइच, सेनानायक 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ लाखन सिंह यादव को एसपी अमरोहा, एसपी एटीएस लखनऊ विनय कुमार सिंह को एसपी जालौन, पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट शशांक सिंह को एसपी महोबा, पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट शक्ति मोहन अवस्थी को एसपी महाराजगंज, अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी कमिनरेट आकाश पटेल को एसपी चंदौली, एसपी सिटी मुजफ्फरनगर सत्यनारायण प्रजापति को एसपी कौशांबी, एसपी सिटी अलीगढ़ मृगांक शेखर पाठक को एसपी हमीरपुर, एसपी ग्रामीण मुजफ्फरनगर आदित्य बंशल को एसपी सिटी अलीगढ़, एसपी ग्रामीण अलीगढ़ अमृत जैन को एसपी सिटी मुजफ्फरनगर तथा सहायक पुलिस आयुक्त आगरा कमिश्नरेट महादिक अक्षय संजय को एसपी ग्रामीण मुजफ्फरनगर के पद पर तैनाती दी गई है।

### शेयर बाजारों में बड़ी...

फीसदी की गिरावट रही। बैंकिंग और वित्तीय शेयरों पर भारी दबाव रहा। ऑटो, मीडिया, एफएमसीजी, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांकों में भी अधिक गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,410 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 2,762 के शेयरों में गिरावट रही जबकि 570 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। अन्य 78 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से पावरग्रिड (0.27 प्रतिशत की बढ़त) को छोड़कर शेष 29 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद हुए। बजाज फाइनेंस का शेयर 5.09 प्रतिशत टूट गया। भारतीय स्टेट बैंक में 3.95 प्रतिशत, इंडिगो में 3.80, बजाज फिनसर्व में 3.71, एक्सिस बैंक में 3.59, कोटक महिंद्रा बैंक में 3.48, एचडीएफसी बैंक में 3.23, भारती एयरटेल में 3.14 और ट्रेंट में 3.10 प्रतिशत की गिरावट रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.79 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 2.78, आईटीसी का 2.39, आईसीआईसीआई बैंक का 2.35 और सनफार्मा का 2.13 प्रतिशत फिसल गया। एशियन पेंट्स का शेयर 1.94 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 1.81, इटरनल का 1.74, एलएंडटी का 1.73, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.65, इंफोसिस का 1.48, एनटीपीसी का 1.32, टीसीएस का 1.29 और बीईएल का 1.03 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील, टाइटन, मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी गिरावट में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.79 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.81 प्रतिशत गिर गया। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.24 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.14 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.74 प्रतिशत ऊपर था।

### खर्ग द्वीप समेत ईरान...

हो गया है और उन्होंने इज़राइल की ओर मिसाइलें दागी हैं, जिससे एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध की आशंका बढ़ गई है। आक्रामक बयानबाजी के बावजूद श्री ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान सहित मध्यस्थों के माध्यम से अप्रत्यक्ष वार्ता जारी है। होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों के गुजरने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''उन्होंने हमें 10 की अनुमति दी थी। अब वे 20 की अनुमति दे रहे हैं और 20 टैंकर पहले ही अपना काम शुरू कर चुके हैं और जलडमरूमध्य के ठीक बीच से गुजर रहे हैं।''

श्री ट्रंप ने यह भी दावा किया कि कई वरिष्ठ नेताओं की मृत्यु के बाद ईरान में प्रभावी रूप से ''सत्ता परिवर्तन'' हो गया है, हालांकि ईरानी अधिकारियों ने इस दावे का खंडन करते हुए कहा कि ईरान की राजनीतिक संरचना अभी भी बरकरार और मजबूत है। उन्होंने ईरान के नेतृत्व के साथ संभावित समझौते को लेकर भी विश्वास जताया: ''मुझे लगता है कि हम उनके साथ समझौता कर लेंगे, मुझे पूरा यकीन है... लेकिन सत्ता परिवर्तन हो चुका है। श्री ट्रंप ने आगे कहा कि सैन्य अभियान जारी हैं, ''हमारे पास लगभग 3,000 लक्ष्य बचे हैं, हमने 13,000 लक्ष्यों पर बमबारी की है, और कुछ हजार लक्ष्य अभी बाकी हैं... समझौता काफी जल्दी हो सकता है।

### इसी साल 5 हजार...

कि अभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 8 हजार व सहायिकाओं को 4 हजार रुपये प्रति महीने मानदेय मिलता है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी आदि मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव का नाम लिए बिना कहा कि जो मुंह में चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, उनसे उम्मीद ही क्या की जा सकती है। उन्हें तो सब अपने परिवार के लिए चाहिए। वह केवल मंच से भाषणबाजी कर सकते हैं और लोगों को जाति के आधार पर बांटने का काम कर सकते हैं। यह सरकार में रहते हुए पर्वों पर दंगा कराते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में आंगनाबड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं ने बेहतर काम किया। मैं उस दौरान दौरे पर जिस भी गांव में गया, वहां मुझे तीन लोग जरूर मिले आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एएनएम व आशा वर्कर। आप यशोदा मैया की तरह बच्चों का ख्याल रखें। सुपोषित, साक्षर व सशक्त भारत के लिए आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। आप भारत के नींव के पत्थर को गढ़ने का कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में नए आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की डिजाइन भी जारी की। अब 30.32 लाख रुपये से बनने वाले आंगनबाड़ी भवन में स्वास्थ्य जांच कक्ष, गतिविधि कक्ष, स्टोर रूम, रसोई व शौचालय भी होगा। क्योंकि 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्री-प्राइमरी की व्यवस्था एनईपी में की गई है। मुख्यमंत्री ने भाषण शुरू किया तो मंचासीन अतिथियों का नाम लेकर उनका अभिवादन किया। जब विभाग की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला का नाम आया तो मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उन्होंने गाना नहीं सुनाया।

# सीएम धामी ने डॉ. जितेन ठाकुर को उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान से किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित उत्तराखंड भाषा संस्थान के उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह 2025 में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ल्लउत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मानङ्क से डॉ. जितेन ठाकुर को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, श्याम सिंह कुटौला, डॉ. प्रीतम सिंह, केसर सिंह राय तथा अताए साबिर अफजल मंगलौरी को उत्तराखंड दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों एवं युवा कलमकार प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने साहित्य नारी वंदन सम्मान के अंतर्गत प्रो. दिवा भट्ट, उत्कृष्ट बाल साहित्य के लिए प्रो. दिनेश चमोला, उत्तराखंड मौलिक रचना पुरस्कार के लिए डॉ भूपेंद्र बिष्ट, डॉ सुधा जुगरान, शीशपाल गुसाई, उत्कृष्ट कुमाऊ़नी और गढ़वाली साहित्य में तारा पाठक, हेमंत सिंह बिष्ट और गजेंद्र नौटियाल आदि को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह अत्यंत गर्व का विषय है कि उन्हें प्रदेश के महान साहित्यकारों को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित डॉ. जितेन ठाकुर न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे हिंदी साहित्य जगत के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने सभी सम्मानित साहित्यकारों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी रचनात्मकता के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत को समृद्ध करने के साथ नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। धामी ने कहा कि उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह प्रदेश की साहित्यिक परंपरा, रचनात्मक चेतना और साहित्यकारों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पावन भूमि सदियों से ज्ञान, संस्कृति और सृजन का केंद्र रही है, जहां हिमालय, गंगा और प्राकृतिक सौंदर्य ने अनेक लेखकों और कवियों को प्रेरित किया है। सुमित्रानंदन पंत, गौरा पंत शिवानी, मोहन उप्रेती और शैलेश मटियानी जैसे साहित्यकारों ने इस धरा को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और लेखक केवल शब्दों के निर्माता नहीं, बल्कि समाज के मार्गदर्शक और प्रेरक भी होते हैं।

# उपराज्यपाल ने भलस्वा लैंडफिल का किया निरीक्षण कचरा निपटान कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा कर नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे बायोरेमेडिएशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कचरा निपटान की प्रक्रिया में तेजी लाने और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया।

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मौके पर मौजूद श्रमिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और निर्देश दिया कि ठेकेदारों द्वारा सभी आवश्यक स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उपराज्यपाल ने सुझाव दिया कि बेहतर परिणामों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाया जाए और विशेषज्ञों की सलाह के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर विकसित नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने दिल्ली नगर निगम को निर्देश दिया कि वे न केवल पुराने कचरे के निपटान पर ध्यान दें, बल्कि इन स्थलों पर लगातार आ रहे ताजा कचरे की समस्या का भी समाधान करें। उपराज्यपाल ने गर्मी के मौसम को देखते हुए लैंडफिल साइटों पर आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक निवारक उपाय तत्काल लागू करने पर भी जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने पूरे दिल्ली में कचरे के स्रोत पर ही सूखा और गीला कचरा अलग करने के लिए रेजिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन (एमटीए) को सक्रिय रूप से शामिल करने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के तीन प्रमुख कूड़ा डंप स्थलों भलस्वा, गाजीपुर और ओखला को कचरे के पहाड़ बताया था और इन्हें हटाने का आह्वान किया था। इन स्थलों पर काम वर्ष 2022 में शुरू हुआ था। पिछले एक साल में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन अभी भी काफी काम बाकी है।

# विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर हादसा ट्रैक पर गिरा यात्री, सिर में चोट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। राजधानी के व्यस्त दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर सोमवार को एक यात्री के ट्रैक पर गिरने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मेट्रो का काम देख रहे पुलिस उपायुक्त भरत रेड्डी के अनुसार, मेट्रो कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि विश्वविद्यालयमेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति प्लेटफॉर्म से फिसलकर ट्रैक पर गिर गया है। खबर मिलते ही पुलिस और मेट्रो स्टाफ तुरंत हरकत में आए। एएसआई संतोष कुमार और सिपाही सुंदर लाल मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक मेट्रो कर्मचारियों ने घायल को तुरंत हिंदू राव अस्पताल भेज दिया था। अस्पताल में घायल की पहचान अनिल कुमार (52) के रूप में हुई, जो करावल नगर इलाके के निवासी हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, अनिल कुमार को सिर में चोट आई है, लेकिन वह पूरी तरह होश में हैं और उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्राथमिक पूछताछ में अनिल कुमार ने बताया कि वह प्लेटफॉर्म के किनारे के ज्यादा करीब चले गए थे और संतुलन बिगड़ने के कारण अचानक ट्रैक पर गिर गए। उन्होंने किसी भी तरह की जानबूझकर छलांग लगाने से इनकार किया है। पुलिस भी फिलहाल इसे हादसा मानकर जांच कर रही है। वहीं घटना के बाद कुछ समय के लिए मेट्रो सेवाएं प्रभावित हुईं, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

# पंजाब सरकार के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा का बड़ा प्रदर्शन, मांगें न मानी तो संघर्ष तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गुरदासपुर। फसलों के पूरे दाम न मिलने और सभी फसलों की खरीद न होने के कारण किसानों पर बढ़ते कर्ज को माफ करवाने, कर्जदार किसानों की जमीनों की नीलामी रोकने तथा गांव हरी नौ के दो किसान भाइयों की आत्महत्या के मामले में इंसाफ की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) से जुड़ी किसान जत्थेबंदियों द्वारा रोष प्रदर्शन किया गया। किसानों ने जहाज चौक से मार्च करते हुए (लैंड मॉर्टगेज) प्राइमरी एग्रीकल्चर डेवलपमेंट बैंक गुरदासपुर के सामने धरना दिया। इसके बाद पंचायत भवन चौक में मुख्यमंत्री भगवंत मान का पुतला फूंककर सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया गया। इस मौके किसान के जवान भलाई यूनियन के प्रधान सुखदेव सिंह भोजराज, पगड़ी संभाल लहर के प्रधान सतनाम सिंह बागड़ियां, भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर से गुलाब सिंह चंदू माजा और मेजर सिंह, भारतीय किसान यूनियन माजा के प्रधान बाबा कवलजीत सिंह पंडोरी, रजिंदर सिंह जफरवाल तथा भारतीय किसान यूनियन सिरसा से हरदेव सिंह चिट्टी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब सरकार को किसानों की जमीनों की नीलामी नहीं करने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान चाहे 2 एकड़ जमीन वाला हो या 20 एकड़ वाला, किसान सिर्फ किसान होता है और उसके साथ एक जैसा व्यवहार होना चाहिए। किसान नेताओं ने मांग की कि फरीदकोट जिले के गांव हरी नौ के दो सगे भाई जसकरण सिंह और जसविंदर सिंह, जिन्होंने कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या की है, उनके परिवारों को इंसाफ दिया जाए। उनकी पत्नियों को सरकारी नौकरी दी जाए, पूरा कर्ज माफ किया जाए, बच्चों की मुफ्त पढ़ाई का प्रबंध किया जाए और बेटियों की शादी के लिए आर्थिक सहायता दी जाए। इसके साथ ही फरीदकोट के संबंधित बैंक मैनेजर के खिलाफ बनती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाए और पूरे राज्य में किसानों की जमीनों की नीलामी संबंधी जारी नोटिस रद्द किए जाएं। किसानों और मजदूरों का पूरा कर्ज माफ करने की भी मांग की गई। किसान जत्थेबंदियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संघर्ष को और तेज किया जाएगा।

## किशनगंज में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, 7003 से अधिक सिलेंडर स्टॉक में: डीएम

**किशनगंज।** जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता पर्याप्त है और आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य एवं सुचारू रूप से संचालित हो रही है। सोमवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि वर्तमान में जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों का स्टॉक 7003 से अधिक है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। डीएम ने बताया कि गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी व्यवस्था भी पूर्व की तरह सुचारू रूप से शुरू हो गई है। अब लाभुकों को एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं है। वे घर बैठे ही बुकिंग कर सकते हैं और दो से तीन दिनों के भीतर होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए 25 दिनों के बाद तथा ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिनों के बाद पुनः बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित की गई है। साथ ही कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए धावा दल द्वारा नियमित रूप से छापेमारी भी की जा रही है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## चारधाम यात्रा के लिए ग्रीन कार्ड प्रणाली शुरू, परिवहन मंत्री ने किया शुभारंभ

हरिद्वार। चारधाम यात्रा 2026 के सफल और सुरक्षित संचालन के लिए परिवहन विभाग उत्तराखंड ने व्यावसायिक यात्री वाहनों हेतु ग्रीन कार्ड प्रणाली की शुरुआत कर दी है। इसका शुभारंभ सोमवार को एआरटीओ कार्यालय रोशनाबाद, हरिद्वार में प्रदेश के परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुराज, विज्ञान प्रौद्योगिकी व जैव प्रौद्योगिकी मंत्री प्रदीप बत्रा ने किया। ग्रीन कार्ड प्रणाली के माध्यम से चारधाम यात्रा में शामिल व्यावसायिक वाहनों की तकनीकी फिटनेस और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। यह प्रणाली न केवल वाहनों की फिटनेस की पुष्टि करेगी, बल्कि आपात स्थिति में वाहन से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियां भी तुरंत उपलब्ध कराएगी। परिवहन विभाग के अनुसार वाहन स्वामी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर निर्धारित शुल्क जमा कर सकते हैं।

# पुलिसकर्मियों की समस्याओं का समाधान, 41 कार्मिक सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नवनीत सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को पुलिस कार्यालय रोशनाबाद स्थित सभागार में सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में जनपद के विभिन्न थानों एवं शाखाओं से पहुंचे पुलिसकर्मियों ने अपनी समस्याएं एसएसपी के समक्ष रखीं।

एसएसपी नवनीत सिंह ने पुलिसकर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया, जबकि शेष के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ मधुर व्यवहार बनाए रखने तथा फ्रेंडली पुलिसिंग को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। सम्मेलन के अंत में ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट कार्य, जटिल अपराधों के सफल अनावरण व मैत्रीपूर्ण पुलिसिंग के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 41 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। इनमें 5 महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। सभी को फरवरी 2026 के लिए 'पुलिस मैन,वुमेन ऑफ द मंथ' के रूप में चयनित किया गया। सम्मानित कार्मिक जनपद के विभिन्न थानों एवं इकाइयों जैसे वीआईपी सेल, कोतवाली नगर, कनखल, श्यामपुर, ज्वालापुर, बहादराबाद, रानीपुर, सिडकुल, रुड़की, गंगनहर, कलियर, पथरी, लक्सर, खानपुर, मंगलौर, झबरेड़ा, भगवानपुर, बुग्गावाला, सीआईयू, ट्रैफिक कंट्रोल रूम, हाईकोर्ट सेल, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन, पुलिस दूरसंचार, फायर स्टेशन, यातायात, सीपीयू तथा पुलिस लाइन सहित अन्य शाखाओं से संबंधित हैं। एसएसपी ने सम्मानित पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कार्यक्षमता और समर्पण पूरे पुलिस विभाग के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने सभी कर्मियों से ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

# पुलिस हिरासत में संदिग्ध हालात में नाइजीरियाई नागरिक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के राजौरी गार्डन इलाके में पुलिस कार्रवाई के दौरान एक विदेशी नागरिक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। जांच मृतक की पहचान नाइजीरिया निवासी क्रिश्चियन एजे प्रॉमिस के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी संबंधित एजेंसियों को इसकी सूचना दे दी गई है। पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त दाराडे शरद भास्कर ने सोमवार को बताया कि 29 मार्च की शाम ल्लऑपरेशन कवचङ्क के तहत स्पेशल स्टाफ की टीम इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति काले रंग की टीवीएस स्कूटी पर गलत दिशा से मेट्रो स्टेशन की ओर आता दिखाई दिया। उसकी गतिविधि संदिग्ध लगने पर पुलिस टीम ने उसे रोकने की कोशिश की। पुलिस को देखते ही आरोपित ने भागने का प्रयास किया और इस दौरान उसने अपनी स्कूटी से पुलिसकर्मियों की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिर गया, लेकिन तुरंत उठकर स्कूटी छोड़कर मौके से पैदल भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार, हिरासत में लिए जाने के बाद संदिग्ध को टैगोर गार्डन स्थित स्पेशल स्टाफ कार्यालय लाया गया। वहां उसने असहयोगपूर्ण रवैया अपनाया और खुद की तबीयत खराब होने की शिकायत की। इसके बाद उसे तुरंत गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार डॉक्टरों ने जांच के दौरान बताया कि अस्पताल में लाने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

# बिहार में बिजली दरों पर सियासत तेज, तेजस्वी यादव का राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में 1 अप्रैल से बिजली दरों में संभावित बड़े बदलाव को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। बिहार विधानसभा में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा हमला बोला है और चुनावी वादों से पीछे हटने का आरोप लगाया है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा करने वाली सरकार अब महज चार महीने में ही अपने वादे से पलट गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ल्लनीतीश-भाजपा फिर पलटी मार गईङ्क और जनता से अधिक बिजली शुल्क वसूलने की तैयारी कर रही है। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने दावा किया कि नई प्रस्तावित दरों के अनुसार शाम 11 बजे तक के सर्वाधिक खपत वाले 6 घंटों के लिए 8.10 रुपये प्रति यूनिट, रात 11 बजे से सुबह 9 बजे तक के 10 घंटों के लिए 7.10 रुपये प्रति यूनिट और शेष 8 घंटों के लिए 5.94 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिल लिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि 10 हजारिया के फ़ेर में फौरी तौर पर खुश होकर वोट गिरवी रखने वालों को यह सरकार अभी इससे भी बुरे दिन दिखाएगी। नई सरकार के अभी 4 महीने ही हुए है, सरकार का खजाना एकदम खाली है और जो बचा-खुचा है उसे भ्रष्ट अधिकारी स्वयं समेट लेंगे। तेजस्वी ने कहा कि चुनाव आयोग की अनैतिकता, धूर्तता और निर्लज्लता के सानिध्य में मशीनी तंत्र के मार्फ़त जनतंत्र को खत्म करने के इरादे से लड़े गए इस चुनाव में भ्रष्ट भूंजा पार्टी एवं भ्रष्ट अधिकारियों के कार्टेल ने स्थापित लोकतांत्रिक मर्यादाओं, परंपराओं तथा लोकलाज को तार-तार करते हुए चुनाव के आख़िरी 35 दिनों में (वोटिंग के समय तक भी) जो 41,000 हज़ार करोड़ रुपये नगद सरकारी खजाने का बांटा है, अब आगामी पांच साल तक उसकी जी भरकर वसूली करेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि थके-हारे जिस चेहरे को सोची समझी साजिश और षड्यंत्र के तहत मोहरा बनाया गया, अब उसी अचेत चेहरे को भ्रष्ट और डरपोक सिंडिकेट ने इकरारनामे के तहत दरकिनार कर ही दिया है। देर-सवेर यह लोकतांत्रिक कलंक और आसमानी वादों की विफलता भी उन्हीं के माथे मढ़ी जाएगी। पूर्व की मेरी कहे अन्य तमाम बातों की तरह यह भी सत्य साबित होगा। बिहार में पहले से ही बेकाबू रिश्वतखोरी, लूट और अनियंत्रित भ्रष्टाचार का अब अकल्पनीय दौर शुरू होगा।

# बिहार की राजनीति के शिखर पुरुष नीतीश कुमार का सफरनामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। नीतीश कुमार पहली बार 2006 में विधान परिषद के सदस्य बने थे। उसके बाद 2012, 2018 और 2024 में लगातार चौथी बार उन्होंने विधान परिषद की सदस्यता ली । विधान परिषद की सदस्यता छह वर्ष के लिए होती है। उनके टर्म इस प्रकार रहे- 2006-2012, 2012-2018, 2018-2024 और 2024 से अब तक। साल 2005 के नवंबर में पहली बार बिहार की सत्ता संभालने के बाद नीतीश कुमार ने हमेशा विधान परिषद के रास्ते मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने कभी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा। 1985 में हरनौत से विधायक चुने जाने के बाद वे लोकसभा सदस्य भी रहे और केंद्र में मंत्री पद भी संभाला। लेकिन बिहार में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने विधानसभा की बजाय विधान परिषद की सदस्यता को प्राथमिकता दी। राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद नीतीश कुमार अब चारों सदनों के सदस्य बन जाएंगे। उन्होंने पहले विधानसभा (विधायक), फिर लोकसभा (सांसद), उसके बाद विधान परिषद और अब राज्यसभा की सदस्यता हासिल कर ली है। यह उनके राजनीतिक करियर में एक अनोखा उपलब्धि मानी जा रही है। विधान परिषद की सदस्यता छोड़ने के बाद नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद भी छोड़ना होगा। हालांकि संवैधानिक प्रावधान के अनुसार वे छह महीने तक बिना विधान परिषद या विधानसभा की सदस्यता के मुख्यमंत्री पद पर बने रह सकते हैं. इस दौरान उन्हें या तो विधानसभा चुनाव लड़कर सदस्यता हासिल करनी होगी या फिर कोई अन्य रास्ता अपनाना होगा। साल 1985 से शुरू हुए नीतीश कुमार के राजनीतिक सफर में राज्यसभा जाना एक नया अध्याय जुड़ गया है। 10 अप्रैल को राज्यसभा की सदस्यता लेने के साथ ही उनके राजनीतिक जीवन का यह नया चरण शुरू होगा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063